CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C
सेंसेक्स 81,551.63
निफ्टी 24,826.20
सोना 97,880
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 28 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 56 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 29 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# वक्फ एक्ट 1995 को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

## अदालत ने पूछा: इतनी देरी क्यों, इससे जुड़ी याचिकाओं में कर रहे शामिल, केंद्र व राज्य सरकारों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वक्फ एक्ट-1995 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिका पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस दिया है।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता से भी सवाल किए और पूछा कि 1995 एक्ट को 2025 में क्यों चुनौती दे रहे हैं। क्या इसे सुना जाना चाहिए? सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस आगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि कोर्ट में 2013 के वक्फ संशोधन एक्ट को भी चुनौती दी गई है। इस पर सीजेआई ने कहा कि वह भी 12 साल देरी हो रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को लेकर भी अब सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को 1995 के एक्ट को चुनौती देने वाली एक पुरानी याचिका के साथ जोड़ दिया। यह याचिका लॉ स्टूडेंट निखिल उपाध्याय की तरफ से दायर की गई है। उनकी याचिका को पारूल खेड़ा और हरिशंकर जैन की याचिका के साथ जोड़ा गया है। याचिका में कहा कि 1995 का वक्फ एक्ट भेदभावपूर्ण निखिल -शेष पृष्ठ दो पर



### अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने मातृत्व अवकाश के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह झारखंड की एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की उस याचिका पर विचार करेगा, जिसमें उन्होंने अपने बच्चे की देखभाल की छुट्टी की गुहार ठुकराने के आदेश को चुनौती दी है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के शीघ्र सुनवाई करने के अनुरोध पर सहमति जताई और कहा कि अगले सप्ताह इस मामले पर विचार किया जाएगा। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सोमवार को सूचीबद्ध करें।

### प्रतीक अधिनियम अनुसूची में सावरकर का नाम शामिल करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विनायक दामोदर सावरकर का नाम प्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1956 की अनुसूची में नाम शामिल करने की मांग वाली रिट याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने पंकज फडनीस की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि याचिकाकर्ता अपने मौलिक अधिकारों का उल्लंघन साबित करने में विफल रहा है, जो संविधान के अनुच्छेद 32 को लागू करने के लिए एक शर्त है।

### कोलाबा जेटी परियोजना के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के कोलाबा इलाके में गेटवे ऑफ इंडिया के पास यात्री जेटी परियोजना पर निर्माण कार्य जारी रखने की अनुमति देने वाले बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने स्थानीय निवासियों की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास के विरोध पर सवाल उठाया।

# कर्ज से दबे दून के एक ही परिवार के 7 लोगों ने पंचकूला में की आत्महत्या

**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला में एक परिवार के सात सदस्य एक कार में मृत पाए गए हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने आत्महत्या की आशंका व्यक्त की है।

पुलिस ने कहा कि प्रवीण मित्तल (42) पत्नी, तीन बच्चों और माता-पिता के साथ पांच दिवसीय 'हनुमंत कथा' में भाग लेने के लिए उत्तराखंड के देहरादून से पंचकूला आए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सातों ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि सोमवार देर रात उन्हें सूचना मिली कि पंचकूला के सेक्टर 27 में खड़ी एक कार -शेष पृष्ठ दो पर

■ पांच दिवसीय 'हनुमंत कथा' में भाग लेने के लिए देहरादून से आए थे मृतक

### देहरादून के कोलागढ़ में कुछ माह पूर्व रहता था मृतक परिवार

**देहरादून-ब्यूरो।** देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि उक्त परिवार के संबंध में जानकारी करने पर पता चला है कि मृतक प्रवीण मित्तल पुत्र देशराज मित्तल का परिवार लगभग 8-9 महीने पूर्व तक कैंट थाना क्षेत्र के कोलागढ़ देहरादून में किराए पर निवास करता था।जिनका मूल रूप से चंडीगढ़ क्षेत्र का होना बताया गया है। वर्तमान में उक्त परिवार देहरादून में निवास नहीं कर रहा था। घटनास्थल से जो वाहन मृतक के पास मिला है, वह मालदेवता देहरादून के गंभीर सिंह नेगी के नाम पर पंजीकृत है। जिनके संपर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उनकी मृतक प्रवीण मित्तल से एनजीओ के काम के सिलसिले में मुलाकात हुई थी। मृतक पूर्व में चाइल्ड लाइफ केयर मिशन नाम से एनजीओ चलाता था। इसी दौरान मित्रता के चलते गंभीर नेगी ने उक्त वाहन अपने नाम पर फाइनेंस करवाया था। जिसे वर्तमान में मृतक चलाता था।



### ओवैसी ने पाक आर्मी चीफ को जोकर करार दिया

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### सूर्या ने सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### बुजुर्गों ने दिया जीडीपी में तीन प्रतिशत का योगदान

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 में बुजुर्गों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में तीन प्रतिशत का योगदान दिया है। एक अध्ययन के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय बुजुर्गों ने 68 अरब डॉलर का श्रम योगदान दिया है जो भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) का तीन प्रतिशत है। ये बुजुर्ग प्रतिवर्ष लगभग 14 अरब घंटे पारिवारिक देखभाल और 2.6 अरब घंटे सामुदायिक कार्यों में देते हैं। यदि इच्छुक बुजुर्गों को पुन: कार्यबल में शामिल किया जाए तो भारत की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। अध्ययन में कहा गया है कि वर्ष 2047 तक भारत में 30 करोड़ बुजुर्ग होंगे। गैर सरकारी संगठन रोहिणी निलेकणी फिलान्थ्रॉपीज़ की मंगलवार को यहां जारी एक रिपोर्ट लोंगेविटी : ए न्यू वे ऑफ अंडरस्टेंडिंग ऐजिंग में कहा गया है कि वृद्धजनों की ज़रूरतों में आर्थिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, भागीदारी की स्वतंत्रता और सामाजिक जुड़ाव प्रमुख हैं।

### श्री अंजनेया मंदिर के मुख्य पुजारी को न हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के कोप्पल जिले में भगवान हनुमान के जन्मस्थान माने जाने वाले श्री अंजनेया मंदिर के मुख्य पुजारी को न हटाने का निर्देश देते हुए मंगलवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की दलीलें सुनने के बाद कर्नाटक सरकार के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। अदालत ने उन्हें कहा कि वे (अधिकारी) श्री अंजनेया मंदिर को अपने नियंत्रण में लेने और वहां के मुख्य पुजारी 'अर्चक' के पद से उन्हें हटाने के खिलाफ विद्यादास बाबाजी की याचिका पर पारित उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का ईमानदारी से पालन करें। पीठ ने कहा कि हमने याचिकाकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष दायर अवमानना याचिका में किए गए कथनों पर गौर किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी का 1947 के विभाजन को लेकर छलका दर्द

# कटनी थी जंजीरें, काट दी गई भुजाएं

गांधीनगर, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि वह आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे। श्री मोदी ने गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहां महात्मा मंदिर में 5536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पिछले दो दिनों से गुजरात में हूं, सोमवार को मैं वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद में था और मंगलवार को सुबह गांधीनगर आया। मैं जहां भी गया, ऐसा लग रहा है देशभक्ति का ज्वार, गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के हृदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम था। यह सिर्फ गुजरात में नहीं, हिंदुस्तान के कोने-कोने में है। हर हिंदुस्तानी के दिल में है।

पीएम मोदी ने कहा कि शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन अगर एक कांटा चुभता है, तो पूरा शरीर परेशान रहता है। हमने तय कर लिया है, उस कांटे को निकाल के रहेंगे। 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुए, 'कटनी चाहिए थीं जंजीरें, लेकिन काट दी गईं भुजाएं। देश के तीन टुकड़े कर दिए गए। उसी रात पहला आतंकी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकियों के बलबूते पर मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। पीएम मोदी ने कहा कि अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार वल्लभ भाई पटेल की इच्छा थी कि जब तक पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर वापस नहीं आता, तब तक सेना रुकनी नहीं चाहिए, लेकिन उनकी बात मानी नहीं गई। मुजाहिदीन लहू चख गए थे। यह सिलसिला 75 साल से चला आ रहा है। 75 साल तक हम झेलते रहे। जब पाकिस्तान के साथ युद्ध तक नौबत आई, तो तीनों बार भारत की सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान को धूल चटाई और पाकसमझ गया कि लड़ाई में वह भारत से जीत नहीं सकता। इसीलिए उसने प्रॉक्सी वॉर चालू किया, सैन्य प्रशिक्षित आतंकी भारत भेजे जाते हैं।



**कहा: आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे हम**

**हमने तीन बार युद्धों में पाकिस्तान को धूल चटाई**

### ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे: पीएम

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को आपरेशन सिंदूर पर ही बात की। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। ऐसा माना जा रहा है कि मोदी ने यह बात उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर की। तब विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है, इसीलिए वो आतंकी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है।

### प्रधानमंत्री ने गांधीनगर में किया भव्य रोड शो

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में मंगलवार को भव्य रोड शो किया। श्री मोदी ने मंगलवार सुबह शानदार रोड शो में खुली जीप में सवार होकर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान राजभवन से महात्मा मंदिर तक विशाल जन समूह उमड़ा और पुष्प वर्षा से उनका अभिनंदन किया। रोड शो में बच्चों-बूढ़ों और महिलाओं सहित हजारों लोगों को सड़कों के किनारे खड़े होकर तिरंगा लहराकर मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारे लगाते देखा गया। चारों ओर देशभक्ति दिखाई दे रही थी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को पीएम मोदी गांधीनगर में एक रोड शो के बाद महात्मा मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। श्री मोदी ने सोमवार सुबह वडोदरा में रोड शो किया था। जहां अंतर्राष्ट्रीय छात्रों सहित हजारों लोगों ने उनके काफिले पर फूल बरसाए और भव्य स्वागत किया था। रोड शो के बाद वह दाहोद के लिए रवाना हो गए थे।

# देश में कोरोना से 11 लोगों की मौत, 1047 एक्टिव केस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 1047 हो गई है। सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस केरल में हैं। महाराष्ट्र में 208, दिल्ली में 104 और गुजरात में 83 केस हैं। कर्नाटक के 80 केसों में से सिर्फ 73 बेंगलुरु में हैं।

वहीं महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से नौ की मौत एक हफ्ते के भीतर हुई है। कोरोना से सबसे ज्यादा पांच मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। ठाणे में सोमवार को एक महिला की मौत हुई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में 787 नए मरीज दर्ज किए गए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डायरेक्टर डा. राजीव बहल ने बताया कि अभी तक देश में 4 वैरिएंट मिले हैं। जयपुर में सोमवार को कोरोना के दो मरीजों की मौत हो गई। इनमें से एक रेलवे स्टेशन पर मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दूसरी मौत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की हुई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी। वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे में एक कोरोना पॉजिटिव महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ठाणे में ही 25 मई (रविवार) को अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के युवक की मौत हो गई। उसका 22 मई से इलाज चल रहा था। इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि बुजुर्ग की मौत मल्टी आर्गन फेल्योर की वजह से हुई थी। 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है। भारत में मिले कोविड-19 के 4 नए वैरिएंट भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं। आईसीएमआर के डायरेक्टर डा. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे एलएफ.7 ,एक्सएफजी, जेएन-1 और एनबी-1.8.1 सीरीज के हैं। बाकी जगहों से नमूने लेकर सीक्वेंसिंग की जा रही है, ताकि नए वैरिएंट की जांच की जा सके। मामले बहुत गंभीर नहीं हैं और लोगों को चिंता नहीं करनी चाहिए, बस सतर्क रहना चाहिए।



■ महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा पांच मौतें, एक हफ्ते में 787 नए मामले सामने आए

# अमृतसर में बम विस्फोट, संदिग्ध आतंकी की मौत

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में मजीठा रोड बाईपास पर डिसेंट एवेन्यू कॉलोनी के पास मंगलवार को सुबह करीब 9:30 बजे हुए एक विस्फोट में एक संदिग्ध आंतकी की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

एसएसपी अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह ने बताया कि हमें सुबह विस्फोट की सूचना मिली थी और घटनास्थल पर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल मिला। विस्फोट में उसके दोनों हाथ उड़ गए थे। घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि ऐसे सुनसान इलाकों में हमने पहले भी देश विरोधी तत्वों को अपनी खेप इकट्ठा करने की कोशिश करते देखा है। उन्होंने कहा कि हमें संदेह है कि इस व्यक्ति ने खेप निकालने के दौरान विस्फोटक को गलत तरीके से संभाला होगा। फॉरेंसिक टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया था और विस्तृत जांच चल रही है। डीआईजी सतिंदर सिंह ने बताया कि अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब व्यक्ति कथित तौर पर सुनसान इलाके से विस्फोटक की खेप निकाल रहा था।

■ देश विरोधी तत्वों की खेप निकालने के दौरान हुआ विस्फोट

# शारदा सिन्हा, कुमदिनी, रजनीकांत लाखिया पद्म विभूषण से सम्मानित

### मरणोपरांत मिला सम्मान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-2 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म पुरस्कार 2025 प्रदान किए हैं।

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों - पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कई विषयों जैसे कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा और साहित्य आदि में दिए जाते हैं। इसमें लोक गायिका शारदा सिन्हा को कला-लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके बेटे ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बता दें कि, इस वर्ष 139 लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ कई केंद्रीय -शेष पृष्ठ दो पर



# लड़ाकू विमानों को देश में ही बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की कमी से जूझ रही वायुसेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) को देश में ही बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा क्षेत्र के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय द्वारा जारी वक्तव्य में कहा गया है कि देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और एक मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम निष्पादन के मॉडल को मंजूरी दे दी है। वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) उद्योग साझेदारी के माध्यम से कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए तैयार है।

■ सरकार ने उठाया वायुसेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

# यूपी में 16 साल की सेवा कर चुके दरोगाओं को राहत

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का निर्देश: दरोगाओं को मिलेगा 5400 रुपये का द्वितीय ग्रेड पे

प्रयागराज, वार्ता

**उत्तर प्रदेश** में कार्यरत 2001 बैच के दरोगाओं एवं वर्तमान समय में पुलिस निरीक्षक के पद पर कार्यरत, पुलिस इंस्पेक्टरों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी है। अदालत ने पुलिस विभाग के आलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन पुलिस निरीक्षकों की ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा जाए।

साथ ही दरोगा के पद पर नियुक्ति हुए पुलिस कर्मियों जिनकी सेवायें 16 वर्ष की पूर्ण हो चुकी है, द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान ग्रेड-पे 5400 रुपये (पुलिस उपाधीक्षक) का देने के सम्बन्ध में 6 सप्ताह में कानून के तहत स्पष्ट आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार ने पुलिस इंस्पेक्टर जगदम्बा सिंह व अन्य द्वारा योजित की गई याचिका को निस्तारित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम की बहस सुनकर पारित किया। पुलिस निरीक्षकों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं श्याम शरण ने बहस की। उनका तर्क था कि हाईकोर्ट के पहले के आदेशों और बाद में जारी शासनादेशों के बावजूद विभाग कुछ नहीं कर रहा है। प्रशिक्षण अवधि की सेवा को द्वितीय प्रोन्नत वेतनमान देने के लिए नहीं जोड़ा जा रहा है, जबकि वे इसके हकदार है। याची पुलिस निरीक्षकों की नियुक्ति वर्ष 2001 में दरोगा के पद पर हुई थी, तत्पश्चात याचीगणों को वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। सभी याचीगणों की सेवाएं 16 वर्षों से ज्यादा की पूर्ण हो चुकी है, लेकिन उन्हें द्वितीय वेतनमान ग्रेड-पे 5400 रुपये नहीं दिया जा रहा है और न ही उनके ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा गया। संशोधित शासनादेश 26 अगस्त 2015 में यह व्यवस्था प्रतिपादित की गई है कि ऐसे राज्य कर्मचारी जिन्होंने सीधी भर्ती के पद पर प्रथम नियुक्ति की तिथि से 16 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, उन्हें द्वितीय वेतनमान / ग्रेड पे प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम का कहना था कि अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद द्वारा जारी सर्कुलर 17 मार्च 2012 में यह स्पष्ट कहा गया है कि आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2000 रुपये हैं। मुख्य आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2400 रुपये हैं। उपनिरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4200 रुपये हैं। निरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4600 रुपये है एवं पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 5400 रुपये अनुमन्य हैं। पुलिस मुख्यालय के उक्त सर्कुलर में यह भी स्पष्ट उल्लिखित किया गया है कि पुलिस बल के कार्यकारी बल में ग्रेड वेतन 2800 रुपया एवं ग्रेड वेतन 4800 रुपया के पद उपलब्ध नहीं है, अर्थात उक्त दोनों ग्रेड वेतन नॉन फंक्शनल वेतनमान के हैं। सभी याचीगण वर्ष 2001 में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्ति हुए थे, तत्पश्चात वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुए एवं सभी -शेष पृष्ठ दो पर




■ इन पुलिस निरीक्षकों की ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा जाए: हाईकोर्ट



## संक्षिप्त समाचार

### दुश्मन फिर से कर सकता है घुसपैठ की कोशिश: आईजी

**जम्मू।** जम्मू फ्रंटियर के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिरीक्षक शशांक आनंद ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सीमा सुरक्षा बल द्वारा दिए गए मुंहतोड़ जवाब के कारण हुए नुकसान का बदला लेने की मंशा से घुसपैठ की आशंका है। उन्होंने कहा कि वे सतर्क हैं और सीमाओं पर उच्च सतर्कता बनाए हुए हैं। आईजी बीएसएफ ने यहां फ्रंटियर मुख्यालय में अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं को बताया कि दुश्मन फिर से घुसपैठ की कोशिश और सीमा पार से गोलीबारी कर सकता है, लेकिन जवान पूरी तरह सतर्क हैं और भारतीय सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर पूरी तरह चौकसी बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी सीमाओं पर सतर्क हैं और उच्च सतर्कता बनाए हुए हैं, क्योंकि ऐसी सूचना है कि दुश्मन (पाकिस्तान) फिर से हमला कर सकता है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुए भारी नुकसान का बदला लेने के लिए घुसपैठ या सीमा पार से गोलीबारी जैसी योजनाएं बना सकता है। उनके साथ डीआईजी रैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी थे, जिन्होंने अपने क्षेत्र में 'ऑपरेशन सिंदूर' की निगरानी की और उसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

### पीओके खुद सौंप दे पाक, इसी में उसकी भलाई: अठावले

**फतेहपुर।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान को पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत को स्वेच्छा से सौंप देना चाहिए वरना वह एक-एक बूंद पानी और एक-एक रोटी के लिए तरसेगा। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और अखंडता को लेकर सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। देश की राजनीति में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बोलबाला है। उन्होंने विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर पर उठाए जा रहे सवालों पर राजनीति से प्रेरित बताया। केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू यादव द्वारा अपने बेटे तेज प्रताप यादव के खिलाफ की गई कार्रवाई को साही ठहराते हुए कहा कि किसी पार्टी में अनुशासन का ध्यान रखना जरूरी होता है।

### यूपी परिवहन विभाग को मिला एपीआई एक्सेस

**लखनऊ।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) ने उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग को व्हाट्सऐप आधारित चैटबॉट सेवा के लिए एपीआई एक्सेस (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) प्रदान करने की अनुमति दे दी है। यूपी परिवहन विभाग की ओर से मई के प्रथम सप्ताह में चैटबॉट सेवा- 8005441222 नंबर पर शुरू की गई थी। इस चैटबॉट सेवा के माध्यम से नागरिक अब केवल व्हाट्सऐप पर ही संवाद करके वाहन पंजीकरण विवरण, ड्राइविंग लाइसेंस सेवाओं, चालान जानकारी एवं आवेदन की स्थिति से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इससे नागरिकों को बार-बार कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। यह सेवाएं कहीं से भी और कभी भी प्राप्त की जा सकेंगी। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि नागरिकों की गोपनीयता से जुड़ा कोई भी डेटा साझा नहीं किया जाएगा।

# पंडित नेहरू को पुण्यतिथि पर किया गया याद

■ सोनिया गांधी, खड़गे, राहुल समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए उनके योगदान को याद किया।

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मोदी ने लिखा- हमारे पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। सोनिया गांधी आज सुबह पंडित जवाहरलाल नेहरू के समाधि स्थल 'शांति वन' गई और पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शांति वन में इस दौरान पंडित नेहरू की स्मृति में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रीमती गांधी भी शामिल हुई।

इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कई अन्य नेता भी मौजूद थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पंडित नेहरू को नमन करते हुए कहा कि सशक्त और समावेशी भारत का सपना लिए पंडित नेहरू ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखी। सामाजिक न्याय, आधुनिकता, शिक्षा, संविधान और लोकतंत्र की स्थापना में उनका योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि हिंद के जवाहर की विरासत और उनके आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। खड़गे ने कहा कि पंडित नेहरू के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।

# उप्र के जीएसडीपी में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ अर्थव्यवस्था वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए 25.63 लाख करोड़ रुपये पर पहुंची

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 13.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए 25.63 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार के नियोजन विभाग के अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा वार्षिक श्रृंखला क्रम में वित्तीय वर्ष 2023.24 के जिला घरेलू उत्पाद अनुमान जारी कर दिए गए हैं। यह जानकारी निदेशक अर्थ एवं संख्या सुश्री मालोविका घोषाल ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि जिला घरेलू उत्पाद अनुमान (डीडीपी) एक महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतक है, जो न केवल राज्य की समग्र आर्थिक स्थिति को दर्शाता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि कौन से जिले आर्थिक विकास में अग्रणी हैं और किन-किन क्षेत्रों में संभावनाएं विद्यमान हैं। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 13.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए 25.63 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। जारी किए गए वर्ष 2023.24 के जिला घरेलू उत्पाद (डीडीपी) अनुमान के आंकड़ों के अनुसार गौतम बुद्ध नगर 2.64 लाख करोड़ रुपए के साथ प्रदेश में शीर्ष स्थान पर है।

इसके बाद लखनऊ (1.42 लाख करोड़) और गाजियाबाद (1.17 लाख करोड़) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक योगदान देने वाले शीर्ष 10 जिले गौतमबुद्धनगर (10.30 प्रतिशत), लखनऊ (5.53 प्रतिशत), गाजियाबाद (4.57 प्रतिशत), आगरा (3.03 प्रतिशत), कानपुर नगर (3.00 प्रतिशत), प्रयागराज (2.90 प्रतिशत), मेरठ (2.43 प्रतिशत), बरेली (2.23 प्रतिशत), गोरखपुर (2.02 प्रतिशत) एवं वाराणसी (1.99 प्रतिशत) हैं, जो प्रदेश के कुल जीडीपी में 38.00 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं। निदेशक अर्थ एवं संख्या ने बताया कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति का मुख्य आधार सभी जनपदों के विकास, राज्य सरकार की दूरदर्शिता, कुशल नीति निर्माणऔर घ्मीनी क्रियान्वयन का प्रतिफल है। वर्ष 2023.24 के डीडीपी आँकड्े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि राज्य की आर्थिक वृद्धि प्रदेश के कुछ जनपदों तक केन्द्रित न रहकर सभी जिलों में विस्तारित हो रही है। प्रदेश के सभी जनपदों की वृद्धि दर सकारात्मक रही है एवं 43 जनपदों की वृद्धि दर प्रादेशिक वृद्धि दर से अधिक रही है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक वृद्धि दर वाले शीर्ष 10 जिले महोबा (23.49 प्रतिशत), चित्रकूट (23.40 प्रतिशत), बांदा (21.22 प्रतिशत), कासगंज (21.20 प्रतिशत), मैंनपुरी (20.47 प्रतिशत), जालौन (20.10 प्रतिशत), बदायूं (19.93 प्रतिशत), हमीरपुर (19.20 प्रतिशत), सुलतानपुर (18.93 प्रतिशत) एवं अमेठी (18.77 प्रतिशत) हैं। राज्य की प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी देखी गई है। गौतम बुद्ध नगर में यह 10.17 लाख रुपए तक पहुंच चुकी है, जो कि राष्ट्रीय औसत 1.84 लाख रुपए से कहीं अधिक है। लखनऊ और गाजियाबाद जैसे जिले भी दो लाख रुपए से अधिक प्रति व्यक्ति आय दर्ज कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 15 जिलों ने एक लाख रुपए से अधिक प्रति व्यक्ति आय दर्ज की है। वर्ष 2023.24 में प्रति व्यक्ति आय में शीर्ष 10 जिले गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, गाजियाबाद, हमीरपुर, सोनभद्र, मेरठ, एटा, कानपुर नगर, आगरा एवं झांसी हैं।

## सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंत्रिमंडल की खास बैठक आयोजित की

# पहलगाम से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश

श्रीनगर, वार्ता



■ यह सिर्फ प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि आतंकवाद के कायराना हमलों से न डरने का है खुला पैगाम: मुख्यमंत्री

■ शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को निर्देशित नहीं कर पाएंगे, कश्मीरी लोग दृढ़ता व निडरता से खड़े

**आतंकवादियों** को कड़ा संदेश देते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थल पहलगाम में मंत्रिमंडल की विशेष बैठक आयोजित की और कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि आतंकवाद के कायराना हमलों से न डरने का स्पष्ट संदेश है।

पाकिस्तानी आतंकवादियों ने गत 22 अप्रैल को पहलगाम में बर्बरतापूर्वक 26 लोगों की हत्या कर दी थी। इसी के खिलाफ एकजुटता का संदेश देने के लिए मुख्यमंत्री ने यह विशेष बैठक की। जम्मू-कश्मीर में पिछले वर्ष सरकार के गठन के बाद यह पहला मौका है, जब श्रीनगर या जम्मू से अलग किसी स्थान पर मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, यह केवल एक नियमित प्रशासनिक कार्य नहीं है, बल्कि एक स्पष्ट संदेश है कि हम आतंकवाद के कायराना कृत्यों से भयभीत नहीं हैं। शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को निर्देशित नहीं कर पाएंगे। जम्मू-कश्मीर के लोग दृढ़ता, मजबूती और निडरता से खड़े हैं। अब्दुल्ला बुधवार को उत्तर कश्मीर के गुलमर्ग में भी मंत्रियों, प्रशासनिक सचिवों, संभागीय आयुक्तों, विभाग प्रमुखों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक पहलगाम और गुलमर्ग में हो रही ये बैठकें जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और सामान्य स्थिति का मजबूत संदेश देने तथा घाटी में पर्यटन को फिर से बहाल करने के उद्देश्य से की जा रही हैं। बैठक के बाद जम्मू-कश्मीर की मंत्री सकीना इट्टू ने कहा कि बैठक का उद्देश्य पहलगाम के लोगों के साथ एकजुटता दिखाना और आतंकवादी हमले की निंदा करना था। नेशनल कांफ्रेंस के प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि यह बैठक घाटी के लोगों के हौसले का संदेश है। उन्होंने कहा कि चरवाहों की घाटी (पहलगाम) फिर से उभरेगी। पहलगाम के पास बैसरन घाटी में आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिससे पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोग बहुत चिंतित हैं। इससे पहले भी अब्दुल्ला ने 2009 से 2014 तक मुख्यमंत्री के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान कश्मीर और जम्मू दोनों क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा के करीब मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की थी, जिनमें दूरदराज और सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास संबंधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

## फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटकों से की कश्मीर आने की अपील



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटकों से कश्मीर आने की अपील करते हुए कहा है कि पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उठाए गए कदमों से घाटी में सुरक्षा माहौल में सुधार हुआ है। अब्दुल्ला ने मंगलवार को पहलगाम में थे और उन्होंने वहां गोल्फ कोर्स में गोल्फा भी खेला। मीडियाकर्मियों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कश्मीर में अब शांति है और सामान्य स्थिति बहाल हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि शुक्र है कि अब डर कम हो रहा है। हमले के बाद बंद पर्यटक स्थल अब खोले जा रहे हैं। स्थिति में सुधार हुआ है। अब्दुल्ला आज उस समय भी पहलगाम में थे, जब जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पर्यटकों का मनोबल बढ़ाने के लिए पहलगाम में एक विशेष कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की थी। गौरतलब है कि पहलगाम के पास बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटन से जुड़े प्रतिनिधिमंडलों की कश्मीर की हाल की यात्रा पर आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पर्यटन उद्योग को फिर से पटरी पर लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसका बहुत असर होगा। ये प्रतिनिधिमंडल खुद देख रहे हैं कि यहां कितना शांतिपूर्ण माहौल है। जरा इधर-उधर देखिए। देश के कई अन्य हिस्सों की तुलना में यहां का मौसम बहुत बेहतर है। वहां तापमान 50 डिग्री तक पहुंच जाता है, जबकि यहां 20 से 25 डिग्री का सुखद तापमान है। हवा ताजा है, प्रदूषण नहीं है। मैं कहता हूं, खुद आकर देखिए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को कश्मीर आने से डरना नहीं चाहिए। तीन जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं कहता हूं, जो लोग डर में जीते हैं, वे पहले ही मर चुके हैं। डरो मत- खुद आकर देखिए। भोलेनाथ आपका इंतजार कर रहे हैं।

# ट्रोल करके सरकार चला रही भाजपा: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ चुनौतियों से निपटने और विदेश नीति में पूरी तरह विफल है भाजपा सरकार: पवन खेड़ा


कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ट्रोल करके सरकार चला रही है और दबाव में देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों से निपटने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम हमले के बाद जब पूरा देश एकजुट होकर खड़ा था और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा था तो भाजपा के लोग इस दौरान भी विभाजन की राजनीति कर रहे थे और नफरत फैलाने के काम में लगे थे। उम्मीद की जा रही थी कि भेदभाव भुलाकर देशहित में काम होगा लेकिन भाजपा सरकार इसके उलट वह काम किया जो पाकिस्तान चाहता है। प्रवक्ता ने कहा कि संकट के समय कांग्रेस ने पूरी तरह से सरकार का साथ दिया। नेता विपक्ष राहुल गांधी अपना विदेशी दौरा छोड़कर स्वदेश लौट आए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तत्काल पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई और बयान जारी कर कहा कि हम सरकार के हर कदम में साथ हैं। इसके बाद गांधी पहले पहलगाम जाकर घायलों से और स्थानीय लोगों से मिले। हाल ही में पुंछ गए और पाकिस्तान की कायराना फायरिंग से प्रभावित लोगों से भी मिले। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही मौका था, लेकिन सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में अचानक सैनिक कार्रवाई रोकने की घोषणा कर सबको चौंका दिया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, जब भारत किसी स्थिति में विदेशी ताकत के सामने झुक कर निर्णय लेने को मजबूर हुआ है। कांग्रेस प्रवक्ता ने सरकार की विदेश नीति की भी आलोचना की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के मंत्री सिर्फ डायलॉगबाजी कर रहे हैं।

## अर्थ व्यापार

# जबरदस्त मुनाफावसूली से शेयर बाजार हुआ ढेर

मुंबई, वार्ता



■ ट्रम्प के कर-कटौती विधेयक से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ने की आशंका

राष्ट्रपति डोनालड ट्रम्प के कर-कटौती विधेयक से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ जाने की आशंका के बीच स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त मुनाफावसूली से मंगलवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिनों की तेजी थम गई तथा सेंसेक्स और निफ्टी आधे प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 624.82 अंक अर्थात 0.76 प्रतिशत लुढ़ककर 81,551.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 174.95 अंक यानी 0.70 प्रतिशत का गोता लगाकर 24826.20 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। इससे मिडकैप 0.18 प्रतिशत बढ़कर 45,191.80 अंक और स्मॉलकैप 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,865.29 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4084 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1979 में बिकवाली जबकि 1957 में लिवाली हुई, वहीं 148 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2955 कंपनियों के शेयरों में से 1462 में गिरावट जबकि 1412 में तेजी रही, वहीं 81 में टिकाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कैपिटल गुड्स और दूरसंचार की 0.78 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 15 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.42, सीडी 0.36, ऊर्जा 0.61, एफएमसीजी 0.79, वित्तीय सेवाएं 0.38, आईटी 0.71, यूटिलिटीज 0.57, ऑटो 0.66, बैंकिंग 0.60, धातु 0.52, तेल एवं गैस 0.51, पावर 0.35, टेक 0.49, सर्विसेज 0.38 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.68 प्रतिशत लुढ़क गए। विश्व बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.05, जर्मनी का डैक्स 0.80, जापान का निक्केई 0.51 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.43 प्रतिशत मजबूत रहा, वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.18 प्रतिशत की गिरावट रही।

## बीएसएनएल को लगातार दूसरी तिमाही में हुआ मुनाफा

**नई दिल्ली।** सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 280 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है। यह लगातार दूसरी तिमाही रही है जिसमें बीएसएनएल ने मुनाफा अर्जित किया है। बीएसएनएल ने मंगलवार को यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भी उसने 262 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसको 2247 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है जो इससे पिछले वित्त वर्ष में हुए 5370 करोड़ रुपए की तुलना में 58 प्रतिशत कम है। इस प्रकार उसके घाटे में सुधार हो रहा है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 25 रिंगिट की बढ़त के साथ 3860 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.57 सेंट चढ़कर 49.92 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000- 7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वक्फ एक्ट....** उपाध्याय ने अपनी याचिका में वक्फ एक्ट, 1995 के विभिन्न प्रावधानों को असंवैधानिक बताते हुए उनको रद्द करने की मांग की है। केवल मुसलमानों के पास ही उनकी दान वाली संपत्तियों के प्रशासन से संबंधित कानून है। अन्य धर्मों के पास ऐसा कोई कानून नहीं है। इसलिए वक्फ एक्ट-1995 भेदभावपूर्ण है। याचिका में यह भी कहा गया है कि संशोधन के बावजूद कानून के कई प्रावधान आर्टिकल 14, 15, 21, 25, 26 और 27 का उल्लंघन करने वाले हैं, जो मुस्लिम समुदाय को सरकारी और गैर मुस्लिमों की संपत्ति को हथियाने का अधिकार देते हैं। राज्य सरकारी खजाने की कीमत पर, वक्फ और उनकी संपत्तियों के सत्यापन के लिए किए गए खर्च को मंजूरी नहीं दे सकता। जबकि अन्य धार्मिक संस्थानों और उनकी संपत्तियों के सर्वेक्षण के लिए न तो कोई समान नियम है और न ही खर्च का अनुदान है।

**कर्ज में दबे...** में एक दंपति, तीन बच्चों और दो बुजुर्गों सहित सात लोग पाए गए। उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि घटना के पीछे का कारण वित्तीय संकट और कर्ज हो सकता है। हालांकि, मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम देहरादून जाकर परिवार के रिश्तेदारों से बात करेगी।

**शारदा सिन्हा...**

मंत्री और कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। इस सूची में 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में से 23 महिलाएं हैं और सूची में विदेशी/ एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई श्रेणी के 10 व्यक्ति और 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं। वहीं कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके पोते ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए बिबेक देबराय को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया है। उनकी पत्नी ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बिबेक देबराय एक अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और वे उल्लेखनीय कार्यों के लेखक भी हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। वहीं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है।

**यूपी में...** याचीगणों की सेवाएं 16 वर्ष से ज्यादा की हो चुकी है। अत: पुलिस मुख्यालय के सर्कुलर 17 मार्च 2012 के परिप्रेक्ष्य में द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड पे 5400 रुपये पाने के हकदार है। याचिका में कहा गया था कि लाल बाबू शुक्ला के केस में हाईकोर्ट ने यह व्यवस्था प्रतिपादित की है कि पुलिस कर्मियों की प्रशिक्षण अवधि को सेवा में जोड़कर प्रोन्नति वेतनमान दिया जाए।

# राष्ट्रहित को राजनीतिक हितों से ऊपर रखें: धनखड़

नई दिल्ली, वार्ता



■ राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है: उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए।

धनखड़ ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति निवास में 'राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम चरण सात' के उद्घाटन सत्र में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश की सोच को पूरी तरह बदल दिया है। समाज पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हो गया है। सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर विदेशों में भारत का शांति और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को एकजुट रहना और मजबूत बनना होगा। संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है, क्योंकि सभी संस्थाओं का केंद्र राष्ट्रीय विकास, राष्ट्रीय कल्याण, सार्वजनिक कल्याण, पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्ठा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं सभी राजनीतिक वर्गों से अपील करता हूं कि वे गहन चिंतन करें और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इन विषयों पर सहमति होनी चाहिए। कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे विषयों पर बहुत तेज हो जाती है। इसे हमें पार करना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी शक्ति की आवश्यकता पर बल देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि युद्ध से सबसे अच्छा बचाव तब होता है जब हम शक्ति की स्थिति में हों। उन्होंने कहा कि शांति तब सुनिश्चित होती है, जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें। शक्ति केवल तकनीकी क्षमता या पारंपरिक हथियारों से नहीं आती, बल्कि यह जनता से भी आती है। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के पालन की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है। केवल अपने मौलिक अधिकारों की बात की जाती है और मौलिक कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह उदासीन रहते हैं। मौलिक कर्तव्यों का सार राष्ट्रीय कल्याण को प्राथमिकता देना, लोक व्यवहार, अनुशासन, सार्वजनिक संवाद, पर्यावरण और जीवन में भलाई आदि में योगदान देना।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली पुलिस ने सरकारी नौकरी की परीक्षा में नकल कराने वाले रैकेट का रविवार को भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में ग्रेटर कैलाश के एक परीक्षा केंद्र पर एक डमी उम्मीदवार, एक स्कूल शिक्षक, एक कार्यालय अधीक्षक और एक महिला को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने एक बयान में कहा कि आरोपियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) समिति के तहत जूनियर सचिवालय परिचर (जूनियर सेक्रेटेरियट अटेंडेंट) के पद के लिए परीक्षा में डमी उम्मीदवार को असली आवेदक का रूप धारण करने में कथित तौर पर मदद की थी। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अंकित चौहान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान डमी उम्मीदवार के रूप में उपस्थित हुए सोनीपत के गांव गोपालपुर निवासी सुमित दहिया, परीक्षा केंद्र के स्कूल में भौतिकी के शिक्षक सावित्री नगर निवासी बिमल कुमार सिंह, उसी स्कूल के कार्यालय अधीक्षक डीडीए फ्लैट्स, गढ़ी ईस्ट ऑफ कैलाश निवासी बलजीत सिंह और कंझावला की महिला के रूप में हुई है। स्कूल स्टाफ से जुड़ी महिला ने मूल अभ्यर्थी अंकुर के दस्तावेज का इस्तेमाल कर सुमित दहिया को परीक्षा हॉल में प्रवेश दिलाने के लिए कथित तौर पर उसके साथ समन्वय किया।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि ये मामला १८ मई को तब प्रकाश में आया, जब ग्रेटर कैलाश पुलिस स्टेशन की एक टीम को हेमकुंट कॉलोनी के एक निजी स्कूल में नकल कराने के प्रयास की सूचना मिली थी। सीबीएसई जेएनवी भर्ती परीक्षा आयोजित करा रहा था। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने पर स्कूल प्रिंसिपल ने पुलिस को नकल के बारे में सूचित किया। पुलिस ने कहा कि सत्यापन के बाद पता चला कि सुमित दहिया अंकुर नामक अभ्यर्थी की जगह परीक्षा में बैठा था। मामला दर्ज किया गया और सुमित दहिया को हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने कहा कि सुमित दहिया ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि असली अभ्यर्थी अंकुर के बदले परीक्षा में बैठने के लिए उसे एक बिचौलिए ने ६ लाख रुपये देने का वादा किया था।

## वर्दी में नहीं बना सकेंगे रील पुलिस आयुक्त ने दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पुलिस की वर्दी में नाचने-गाने की रील से पुलिस आयुक्त बेहद नाराज हैं। उन्होंने सख्त लहजे में चेताया है कि अगर किसी ने आगे से ऐसा किया तो उनके खिलाफ सख्त विभागीय व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मातहतों को उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के बीच अंतर करें और समझें कि दिल्ली पुलिस एक अनुशासित फोर्स है। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने हाल ही में एक मेमोरंडम (ज्ञापन) निकाला है। इसमें दिल्ली पुलिस के लिए सोशल मीडिया नीति और पुलिस कर्मियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के बाद भी बहुत से पुलिस कर्मी वर्दी पहनकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर रील/वीडियो डाल रहे हैं। इससे साबित होता है कि जारी निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। आयुक्त ने ऐसे पुलिसकर्मियों को चिह्नित भी कर लिया है।

# अवैध चार्जिंग स्टेशनों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बिजली वितरण कंपनियों के समूह ने दावा किया है कि दिल्ली में ई-रिक्शा की अवैध चार्जिंग से सरकार को सालाना १२० करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। दिल्ली में १.२ लाख पंजीकृत ई-रिक्शा हैं, लेकिन इससे कई गुना अधिक गैर-पंजीकृत ई-रिक्शा भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा जैसे कॉमर्शियल वाहनों को घरेलू कनेक्शन पर चार्ज किया जा रहा है, जो कि पूरी तरीके से नियमों के खिलाफ है, इसके लिए पीछे मुख्य कारण चार्जिंग स्टेशनों की कमी बताया जा रहा है। रविवार सुबह शाहदरा में एक गोदाम में १० ई-रिक्शा को चार्ज किया जा रहा था। इस दौरान आग लगने से दो युवकों की मौत हो गई, जबकि चार लोग झुलस गए। इस मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से कार्रवाई करने की तैयारी चल रही है। वहीं शाहदरा में ही १८ मई को भी ई-रिक्शा की चार्जिंग के दौरान आग लगने से एक महिला की मौत हो गई थी।

दिल्ली पुलिस अब अपने सभी १५ जिलों में ई-रिक्शा चार्ज करने के लिए बने अवैध चार्जिंग स्टेशनों की जानकारी जुटाकर कार्रवाई करेगी। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हाल के दिनों में इस तरह की कई घटनाएं सामने आई हैं।

# पेड़ काटने की मंजूरी नहीं मिलने से नंद नगरी में बन रहा फ्लाईओवर लेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पेड़ काटने की अभी तक मंजूरी नहीं मिलने से नंद नगरी-गगन चौक पर बन रहे फ्लाईओवर पर वाहन दौड़ाने के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। १५७ करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस फ्लाईओवर का निर्माण पिछले साल जुलाई तक पूरा होना था, लेकिन यह कब तक पूरा होगा इसको लेकर असमंजस है।

सड़क के बीच में मौजूद १०० से अधिक पेड़ निर्माण कार्य में बाधा बन रहे हैं। पीडब्ल्यूडी की ओर से पेड़ काटने या हटाने के लिए आवेदन दिया गया है, लेकिन अभी तक मंजूरी नहीं मिली है।अधिकारियों का कहना है कि जहां पर बिना पेड़ों को हटाए काम हो सकता है वहां तक निर्माण किया जा रहा है। पेड़ों को हटाए बिना निर्माण कार्य पूरा होना संभव नहीं है। करीब १.४ किलोमीटर लंबे इस निर्माणाधीन फ्लाईओवर का ८५ फीसदी काम पूरा हो चुका है। पेड़ों की बाधा दूर होने के बाद निर्माण कार्य की गति बढ़ जाएगी। फ्लाईओवर के दोनों ओर की एप्रोच रोड को जोड़ने का काम होने के बाद सड़क बनाने और विद्युतीकरण के काम में अधिक समय नहीं लगेगा।

पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि विभाग का प्रयास है कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए।जिस मार्ग पर फ्लाईओवर को बनाया जा रहा है वह सड़क दिल्ली को गाजियाबाद से जोड़ती है। यह क्षेत्र सघन आबादी वाला है। नंद नगरी से गगन सिनेमा (मंगल पांडे मार्ग) पर बन रहे १.४ किमी लंबे छह लेन के इस फ्लाईओवर को सितंबर, २०२२ में मंजूरी मिली थी। फरवरी, २०२३ में काम शुरू हुआ था।

## एक नजर

### सिमांडौ परियोजना के लिए लोकोमोटिव इंजन पेश किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वेबटेक कॉर्पोरेशन और रियो टिंटो सिम्फर ने ट्रांसगिनी रेलवे के लिए पहले एवोल्यूशन सीरीज मै४३।ब्प लोकोमोटिव का अनावरण किया। यह लोकोमोटिव सिमफेर की २०२४ की ऑर्डर का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सिमंडू परियोजना के लिए रेल संचालन को सक्षम बनाना है। सिमांडौ परियोजना गिनी के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और अफ्रीका की सबसे बड़ी खनन व बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं में से एक है। रियो टिंटो के वैश्विक परियोजना प्रमुख चार्ल्स जिम्मरमैन ने कहा "यह लोकोमोटिव हमारी उस रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसका उद्देश्य सिमांडौ परियोजना को वैश्विक स्तर से जोड़ना है, साथ ही गिनी के लोगों के लिए अवसर भी लाना है। हम गर्व महसूस कर रहे हैं कि पहला सिम्फर लोकोमोटिव उत्पादन लाइन से निकल चुका है और अब गिनी की ओर अग्रसर है।

### अग्रवाल मित्र मंडल का चुनाव सम्पन्न



**नई दिल्ली।** अग्रवाल मित्र मंडल नोएडा की नई कार्यकारीणी का चुनाव सर्वसम्मति से २५ मई को संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, महासचिव सुशील सिंघल एवं कोषाध्यक्ष पद पर अनुज गुप्ता को चुना गया। २६ मई को हुई एजीएम की मीटिंग में नए कार्यकारीणी ने अपना पदभार ग्रहण किया। चुनाव अधिकारी बलराज गोयल की देखरेख में चुनाव सर्वसम्मति से हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रदीप अग्रवाल, महासचिव पद पर सुशील सिंघल, कोषाध्यक्ष पद पर अनुज गुप्ता को चुना गया। इनके साथ ही उपाध्यक्ष पद पर मूलचंद गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, विपिन अग्रवाल, सचिव पद पर नेत्रपाल अग्रवाल, गिरराज कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र गर्ग, सह कोषाध्यक्ष पद पर विकास जैन मित्तल, सह सचिव पद पर मनोज अग्रवाल, मनोज गोयल, राजेश कुमार अग्रवाल, कार्यकारणी सदस्य पद पर राधेश्याम गोयल, श्री भगवान अग्रवाल, नरेश गर्ग, विमल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, मनीष कुमार गोयल, गिरीश कुमार अग्रवाल, अमित कुमार सिंगल सचिन मित्तल, सुभाष गर्ग को सर्व सम्मति से निर्विरोध चुना गया। चुनाव में संजय कुमार गोयल, राजेंद्र जैन, संदीप अग्रवाल, विकास बंसल, मुकेश गुप्ता और अशोक गोयल की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### सितारों ने बताईं अपनी पसंदीदा समर डिशेस



**नई दिल्ली।** सोनी सब अपने शो की तरह पर्दे के पीछे भी है- हल्का-फुल्का, जोड़कर रखने वाला और ताजगी से भरपूर! जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे आपके पसंदीदा कलाकार अपने ठंडे-ठंडे समर फेवरेट्स के साथ सामने आ रहे हैं। श्वागले की दुनिया 'नई पीढ़ी नए किस्से' में राधिका वागले का किरदार निभा रही भारती आचरेकर ने कहा, गर्मी का मौसम मेरे लिए स्वाद और यादों से भरा है। बचपन में हमारे पास कोई फैंसी कूलर या कोल्ड ड्रिंक नहीं होते थे, लेकिन हमारी पारंपरिक चीजें थींख्छाछ, कोकम शरबत और घर का बना आम का अचार। आज भी मैं उन्हीं चीजों से जुड़ी हूं। 'तेनाली रामा' में तेनाली का किरदार निभा रहे कृष्णा भारद्वाज ने कहा, षर्मी आते ही मुझे मेरा रांची वाला बचपन याद आता है-हर दोपहर मम्मी के हाथ का ठंडा आम पना। उसका खट्टा-तीखा स्वाद आज भी दिल के बहुत करीब है। चाहे शूटिंग कितनी भी व्यस्त क्यों न हो, मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि पास में तरबूज या आम पना हो। शरीर और दिमाग दोनों ठंडे रहते हैं! ऑन-स्क्रीन मैं भले ही चतुर और ऐतिहासिक तेनाली रामा हूं, लेकिन ऑफ-स्क्रीन गर्मियों के फल मुझे फिर से बच्चा बना देते हैं।

### एनर्जी एक्सपो 2025 में सौर उत्पादों का प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** एस.एन.एस कॉर्पोरेशन ने वॉटपावर के नवीनतम वैश्विक सौर समाधानों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन यूपी एनर्जी एक्सपो २०२५ में किया, जो ८ से १० मई तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम रिन्यूएबल ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाने वाला एक महत्वपूर्ण मंच रहा, जो भारत की बदलती ऊर्जा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक समाधानों को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया गया था। इस प्रदर्शनी में, एस.एन.एस कॉर्पोरेशन ने वॉटपावर की उन्नत इन्वर्टर तकनीकों को प्रदर्शित किया, जो लंबे समय तक बेहतरीन रूप से चलने के लिए डिजाइन की गई हैं।

### टाईम एवं डाइमेंशन की ज्यामितिय अभिव्यक्ति है पैकेजिंग की कला

**नई दिल्ली।** त्रिकाल का विजुअल डिजाइन इल्युजन, टेक्नो एवं साई-फाई आकर्षण से प्रेरित है, जो टाईम एवं मल्टीपल- डाइमेंशन्स के संयोजन के साथ बेहद स्टाइलिश प्रतीत होता है। पैकेजिंग की कला अपने आप में बेहद कल्पनाशील है, जो बोल्ड ज्योमेट्रिक लाइनों, आकर्षक सिमिट्री और स्लीक मैटेलिक लुक के साथ आर्ट डेको एवं फ्युचुरिज्म से प्रभावित है। त्रिकाल के आकर्षक पैकेजिंग का श्रेय क्यूज के संस्थापक एवं चीफ स्ट्रैटेजिस्ट कुनाल सहदेव को जाता है, जो इसके मुख्य डिजाइनर एवं क्रिएटिव पावरहाउस हैं। कुनाल ने अपनी प्रतिभा और अटूट समर्पण के साथ ग्लोबल क्लाइन्ट्स पर गहरी छाप छोड़ी है। शार्प डिजाइन को लेकर उनकी सोच एवं संवेदनशीलता के चलते त्रिकाल को यह अनूठी पहचान मिली है, जो बेहद स्पष्टता और भव्यता के साथ इसके प्रयोजन को उजागर करती है।

### कैंसर पीड़ित बेटी का उपचार करवाने को बन गया पिता बदमाश

**नई दिल्ली।** पता था कि वह अपनी बेटी जिसको कैंसर है,उसका प्राईवेट उपचार नहीं करवा सकता है। उसकी महंगी दवाओं को नहीं खरीद सकता है। बेटी की तबीयत को देखते हुए उसका उपचार करवाने के लिये पिता ने चोरी करके उसका उपचार करवाने और उसको बिल्कुल सही करने की ठानी। लेकिन ऐसा हो नहीं सका।

नेताजी सुभाष पैलेस पुलिस ने आरोपी मनोज चौहान को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से चोरी का पूरा सामान भी जब्त कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २१ मई को संजय नगर, गुलाबी बाग में रहने वाले मनीष कांगड़ा ने नेताजी सुभाष पैलेस थाने में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। मनीष ने बताया कि वह पीतमपुरा स्थित अग्रवाल कॉरपोरेट हाइट्स स्थित केजीएन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड में एक प्रबंधक के रूप में काम करता है। २० मई को, उन्होंने करीब सात बजे ऑफिस बंद किया था। सुबह नौ बजे ऑफिस आया तो पिछला दरवाजा टूटा हुआ था। ऑफिस से कई कीमती सामान गायब था।




समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज तालकटोरा स्टेडियम में ओलम्पिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित दिल्ली गेम्स 2025 के समापन समारोह के अवसर पर द्वीप प्रज्वलति करते हुए।

# प्रधानमंत्री का खेलो इंडिया अभियान बना खिलाड़ियों के लिए वरदान : रविन्द्र इन्द्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली ओलम्पिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित दिल्ली गेम्स २०२५ के समापन समारोह का बतौर विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद अरुण सिंह के साथ शुभारंभ किया।

समाज कल्याण मंत्री ने इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में खेलों के बजट में तीन गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इस बजट का एक बड़ा हिस्सा खेल अवसं. रचना के विकास और आधुनिक सुविधाओं के निर्माण में निवेश किया गया है। 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के तहत देशभर में १,००० से अधिक खेलो इंडिया केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह योजना जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उनके लिए वरदान बन गई है।

खेलो इंडिया से पारंपरिक खेलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। भारत ने टोक्यो ओलंपिक २०२० में ७ पदक जीतकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अब भारत २०३६ ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए प्रयासरत है। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की दिल्ली गेम्स २०२५ ने राजधानी में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस आयोजन ने दिल्ली को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है।

इस अवसर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी शामिल थीं, जो दिल्ली की विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करती हैं।

# इंस्टाग्राम पर प्रतिष्ठित ऑनलाइन कपड़ों के ब्रांड का प्रतिनिधि बनकर ठगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने ऑनलाइन इंस्टाग्राम धोखाधड़ी का मामला सुलझाकट आरोपी को गुवाहाटी, से गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से अपराध में इस्तेमाल एक मोबाइल बरामद किया है।उसने इंस्टाग्राम पर एक प्रतिष्ठित ऑनलाइन कपड़ों के ब्रांड का प्रतिनिधि बनकर दिल्ली की एक महिला को ठगा थे

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि एक महिला शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें एक इंस्टाग्राम अकाउंट मिला, जिसने खुद को महिलाओं के कपड़ों के एक लोकप्रिय ब्रांड, द पिंक अलमारी के आधिकारिक हैंडल के रूप में गलत तरीके से पेश किया। एक व्यक्ति ने ब्रांड के एक कर्मचारी के रूप में प्रतिरूपण करते हुए शिकायतकर्ता से संपर्क किया और उसे कपड़ों के सामान के लिए ११,५०० रुपये का ऑनलाइन ऑर्डर देने के लिए राजी किया।

प्रोफाइल और बातचीत पर भरोसा करते हुए, शिकायतकर्ता ने यूपीआई के माध्यम से राशि ट्रांसफर कर दी। हालांकि, लेन-देन के बाद, कोई आइटम वितरित नहीं किया और न ही सम्पर्क हो पाया। इसके बाद साइबर थाने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। जांच के दौरान, एसआई तलविंदर सिंह और हेड कांस्टेबल राहुल की टीम ने तकनीकी निगरानी, वित्तीय लेन-देन के विश्लेषण, मैन्युअल खुफिया जानकारी जुटाने और डिजिटल फुटप्रिंट की जांच के संयोजन का उपयोग करते हुए,धोखाधड़ी वाले खाते और लेनदेन के निशान की उत्पत्ति का पता लगाया जो गुवाहाटी, असम में था। इसके बाद २४ मई को, टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से दिसपुर, जिला गुवाहाटी में छापा मारकर आरोपी हिजबुल बारी (३०) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी ने बताया कि उसने फर्जी व्यावसायिक प्रोफाइल का उपयोग करके सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को लक्षित करना शुरू कर दिया था, खासकर छोटे-मूल्य वाले धोखाधड़ी (आमतौर पर १५,००० रुपये से कम) के लिए।पुलिस ने बताया कि आरोपी छोटे पैमाने पर धोखाधड़ी करके पीड़ितों को निशाना बना रहा था, यह मानते हुए कि छोटी रकम पीड़ितों को पुलिस को अपराध की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करेगी।

# दो ऑटो-लिफ्टर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के रूप नगर थाने के स्टाफ ने दो ऑटो-लिफ्टर सह स्नैचर्स को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने उनके पास से एक बटन संचालित चाकू, चार मोबाइल फोन और तीन चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर पांच मामलो को सुलझा लिया है।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बंठिया ने बताया कि रूप नगर थाने के अधिकार क्षेत्र में डकैती, स्नैचिंग, पिक-पॉकेटिंग और ऑटो-चोरी जैसे सड़क अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एसीपी सिविल लाइंस विनीता त्यागी की देखरेख में एसएचओ रूप नगर रमेश चंद्र के नेतृत्व में एएसआई अमरजीत, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और कांस्टेबल सांवरमल की टीम रात करीब ०९:३० बजे जब रोशनआरा बाग के पास पहुंची तो उन्होंने सब्जी मंडी गोल चक्कर की तरफ से बिना हेलमेट के स्कूटी पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को आते देखा और जब उन्हें चेकिंग और सत्यापन के लिए रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने अचानक यू-टर्न लिया और भागने की कोशिश की। लेकिन सतर्क टीम ने तुरंत दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। उनकी व्यक्तिगत तलाशी के दौरान, स्कूटी सवार जिसकी पहचान धर्मू (२४)और संदीप (२५) के रूप में हुई।पुलिस ने उनके पास से एक बटन संचालित चाकू, चार मोबाइल फोन और तीन चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे स्कूल से पढ़ाई छोड़ चुके हैं तथा नशे के आदी हैं। नशे तथा आसान कमाई की अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए वे दोपहिया वाहन चुराते हैं तथा चोरी के वाहनों पर झपटमारी, डकैती जैसे अपराध करते हैं। वे अपराध करते समय पीड़ित के प्रतिरोध को विफल करने के लिए बटन वाला चाकू भी रखते थे। उन्होंने बताया कि कई निर्दोष लोगों के मोबाइल फोन छीने हैं तथा वे छीने गए मोबाइल फोन दानिश उर्फ प्रमोद उर्फ पड़वा को बेचते थे।

# सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सोलोमन जॉर्ज ने किया बाइबल का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर मंगलवार को उनके समाधि स्थल शांति वन में आयोजित एक सर्वधर्म प्रार्थना सभा में हर बार की तरह बाइबल का पाठ ब्रदर सोलोमन जॉर्ज ने किया। वे बीते करीब २० सालों से यहां २७ मई और १४ नवंबर को होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का स्थायी चेहरा हैं। उनके अलावा, हिंदू, बुद्ध, मुस्लिम, सिख और अन्य धर्मों के विद्वानों ने भी अपने धार्मिक ग्रंथों से पठन किया। ब्रदर सोलोमन जॉर्ज राजघाट में होने वाली सर्व धर्म प्रार्थना सभाओं में भी भाग ले रहे हैं। उनका संबंध दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से है। राजघाट और शांति वन में होने वाली सर्व धर्म सभाओं में भाग लेने वाले बदलते रहे हैं, पर ब्रदर सोलोमन जॉर्ज यहां हर खास अवस पर मौजूद रहते हैं।

ब्रदर सोलोमन ने कहा कि सर्वधर्म प्रार्थना का भारत में आयोजन होना इस बात की गवाही है कि हमारा देश धर्म निरपेक्ष है। यहां सभी धर्मों का आदर होता है।

# चार बांग्लादेशी पकड़े 12 साल पहले नदी पार कर दाखिल हुए थे भारत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी पश्चिम जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) ने दिल्ली कैंट क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा । चारों एक ही परिवार के हैं। पुलिस ने इनके पास से बांग्लादेशी पहचान संबंधी दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान मोहम्मद असद अली, नसीमा बेगम, मोहम्मद नईम खान और आशा मोनी के रूप में हुई है। चारों पिछले १२ वर्षों से अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। पुलिस ने चारों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के माध्यम से निर्वासित कर दिया है। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि दक्षिणी पश्चिम जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों पर नजर रखने और अवैध रूप से रहने वाले विदेशी नागरिकों को पकड़ कर उन्हें निर्वासित करने के लिए एएटीएस प्रभारी इंस्पेक्टर राम कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया हुआ है।

एएटीएस को सूचना मिली थी कि दिल्ली कैंट क्षेत्र में अवैध रूप से बांग्लादेशी नागरिक रह रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने छापा मारकर चार लोगों को पकड़ा। पुलिस ने उनसे दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की, मगर वह कोई वैध भारतीय दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

# शनि महाराज का जन्मोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्री शिव नवग्रह मंदिर धाम गांधी मैदान, चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन गेट नं.५, दिल्ली के तत्वावधान में २६वां श्री शनि देवता जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर के पीठाधीश्वर महंत श्री शिवशंकर जी महाराज ने बताया,कि ज्येष्ठ माह की अमावस्या के दिन शनिदेव महाराज का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। महंत श्री शिवशंकर ने बताया,कि आचार्य मुकेश शास्त्री व सतीश कुमार की देखरेख में आज प्रात: विशेष पूजा अर्चना के बाद आम भक्तजनों ने प्रात:शनि महाराज का तैलीय अभिषेक किया तत्पश्चात शनि महाराज का भव्य व दिव्य श्रृंगार करके १५१ किलो के विशाल लड्डू का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

आचार्य मुकेश शास्त्री ने बताया,कि शनि बाबा को भव्य रथ में विराजमान कर बैंड बाजो व अन्य झांकियों के साथ नगर परिक्रमा कराई गई। यात्रा ओमेक्स चौक से शुरू होकर, टाउन हॉल, फतेहपुरी,पान मंडी,नया बांस,खारी बावली,चर्च मिशन रोड, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन,कोडिया पुल होती हुई वापिस मंदिर पहुंची।जगह जगह श्रद्धालुओं ने शनि महाराज की आरती उतार कर आशीर्वाद लिया।श्री शास्त्री ने बताया,कि यात्रा संपन्न होने के बाद शनिदेव महाराज के भजनो से युक्त शनि संध्या का आयोजन किया गया। व्यवस्था प्रमुख सतीश कुमार ने बताया,कि शनि जन्मोत्सव पर बाबा के दर्शनो के लिए राजने. ताओ, धार्मिक व सामाजिक प्रबुद्ध जनों का आगमन रहा।

## किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वधान में राजधानी दिल्ली में खेले जा रहे दिल्ली गेम्स २०२५ के तहत विभिन्न खेलों की४० से अधिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है इन सभी खेलों में ११ हजार से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं । इसी कड़ी में दिल्ली किक बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा भी दिल्ली गेम्स २०२५ के अंतर्गत अंडर -११, अंडर -१४, अंडर - १७ तथा १७ से अधिक आयु के बच्चों के बीच विभिन्न भार वर्ग के मुकाबला के साथ-साथ हैवीवेट श्रेणी के भी मुकाबले आयोजित किए गए। समर फील्ड स्कूल मे अयोजन के दौरन दिल्ली किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ढाई सौ से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें १०० से अधिक लड़कियां भी शामिल रही। खिलाड़ियों के बीच फुल कोनटेंकट और प्वाइंट के आधार पर मुकाबले करवाए गए। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में पहले व दूसरे स्थान पर रहने वाले विज. ेता खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल दिया गया जबकि तीसरे स्थान पर रहने वाले दो खिलाड़ियों को ब्रोंज मेडल देकर उत्साह वर्धन किया गया।

## दिल्ली व अन्य शहरों में फैला है प्रतिबंधित दवाओं को बेचने वालों का जाल

**नई दिल्ली।** अल्प्राजोलम-ट्रामाडोल-नाइट्राजापाम-टैबलेट की तस्करी करने वाले अंतर्राज्जीय गैंग के पांच तस्करों को दिल्ली, गोरखपुर यूपी और हिमाचल प्रदेश में छापेमारी करके गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से ट्रामाडोल की कुल १८००० गोलियाँ, ७३८० ट्रामाडोल कैप्सूल, नाइट्राजेपाम की ७४०० गोलियाँ आईपी १० एमजी और ५०५ अल्प्राजोलम गोलियाँ जब्त की गईं हैं। जिनकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत पांच लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध शाखा ने आरा. ेपी विकास को गिरफ्तार किया था। उसके पास से २८ डिब्बे कैप्सूल एचसीआई, ट्रामाडोल एचसीआई (३३६ ग्राम) कुल ६७२० कैप्सूल बरामद किए गए थे।

## डॉ. यूके चौधरी को भाजपा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जताई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली के उत्तर पूर्वी जिले से डॉ यूके चौधरी को जिलाध्यक्ष नव नियुक्त किया है। डॉ. यूके चौधरी ने यमुना विहार स्थित जिला मुख्यालय पर कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है वह बखूबी उसे निभायेंगे। उन्होंने पार्टी आलाकमान का धन्यवाद किया और कहा कि दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार है जिले में किसी नागरिक को किसी तरह की कोई समस्या आती है तो वह कार्यालय आकर बेझिझक उनसे मिल सकता है। उनकी समस्या का समाधान करने की हर सम्भव कोशिश की जायेगी। उन्होंने कार्यालय पर मौजूद सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और कहा कि उन्हें अनुभवी साथियों से सहयोग की जरूरत होगी तो उनसे सहयोग भी लें।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### सम्पत्ति कर में वृद्धि के विरोध में

# व्यापारियों ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में महापौर सुनीता दयाल को नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में 3 से 5 गुना तक वृद्धि के विरोध में व्यापारियों द्वारा ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि नगर निगम का गठन शहर को बेहतर सुविधा देने वह रखरखाव के लिए किया गया था। लेकिन निगम मूल उद्देश्य से भटककर कैपिटल जनरेट के चक्कर में लग गया है।

व्यापारियों द्वारा कहा गया कि हाउस टैक्स वृद्धि हर तरीके से गलत है। नगर निगम में वर्ष 2001-02 से ही नगर निगम द्वारा नगर निगम अधिनियम की धारा 74 ख के अंतर्गत संपत्ति कर में वृद्धि निर्धारण किया गया था। जिसके आधार पर प्रत्येक 2 वर्ष बाद 10 प्रतिशत की वृद्धि होती रही है।



नगर निगम द्वारा आम नागरिक पर बोझ डालने के लिए संपत्ति कर की दरों को गलत तरीके से बढ़ाया गया है। जिसका व्यापारी समाज ने विरोध किया है।

ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष संदीप बंसल, दीपक गर्ग, राजेंद्र कुमार, संजय बिंदल, संजय गुप्ता, श्रीपाल यादव, महेंद्र कुमार, वेद प्रकाश गौतम, अनिल राणा, नरेश ठाकुर, राजेश बंसल, सुबोध गुप्ता, विकास शर्मा व प्रेम प्रकाश चीनी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# मोदीनगर चेयरमैन के कार्यालय में लाखों की लूट

### चौकीदार को बंधक बनाकर दिया घटना को अंजाम


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली की सारा रोड स्थित एडवरटाइजिंग कंपनी के कार्यालय पर बीती रात चौकीदार को घायल कर व बंधक बनाकर बदमाश करीब 8 लाख रुपए व लाखों के सोने चांदी के आभूषण लाख की लूट कर ले गए।

जानकारी के मुताबिक नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव की सारा रोड स्थित एडवरटाइजिंग कंपनी के कार्यालय पर बीती रात दो नकाबपोश लुटेरों ने मानवता पुरी निवासी रामलाल चौकीदार के सिर पर लोहे की रॉड मारकर घायल कर बंधक बना लिया ओर करीब 8 लाख रुपए वह सोने चांदी के आभूषण लूट कर ले गए। सीसीटीवी के जरिए पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है।

चौकीदार ने जैसे तैसे अपने हाथ खोलकर रास्ते से जा रहे राजगीर के फोन से लूट की घटना की जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली को दी । लूट की घटना की सूचना मिलते ही विनोद वैशाली मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने बदमाशों की तलाश के लिए कई टीमे गठित की है। एसीपी का कहना है कि जल्द ही बदमाशों का पता लगा लिया जाएगा।





# डीजेजेएस द्वारा आयोजित कथा में श्रद्धालुओं ने मनाई भक्ति के रंगों की होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आशुतोष महाराज (संस्थापक एवं संचालक डीजेजेएस) के दिव्य मार्गदर्शन में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन लाला गंगा सहाय धर्मशाला गांधी बाजार पिलखुवा उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है। कथा व्यास साध्वी मेरुदेवा भारती ने कथा के तृतीय दिवस भक्त प्रह्लाद एवं होली प्रसंग को भक्तों के समक्ष रखा।

भागवताचार्या साध्वी मेरुदेवा भारती ने भक्त प्रह्लाद की गाथा को समस्त श्रद्धालुगणों के समक्ष रखते हुए कहा की प्रह्लाद के पिता हिरण्यकशिपु ने उस पर इतने असंख्य अत्याचार किये, परंतु हर बार इस बाल भक्त की रक्षा हुई, क्योंकि वह हर क्षण ईश्वर के उस शाश्वत नाम का सुमिरन करता था, जो हमारी श्वासों के भीतर है।

आज देखा जाए तो सारा संसार अशांत है! दुखी है! आज रक्षक स्वयं भक्षक बन गए है, इसलिए आज समाज पतन की गर्त में गिरता जा रहा है। द्वापर युग में भी जब मानवों की ऐसी दुर्दशा को देखते हुए श्री कृष्ण भगवद्‌गीता में उल्लेख करते हुए कहते हैं - 'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठतिष (अध्याय 18, श्लोक 61) अर्थात- हे अर्जुन, परमात्मा सभी जीवों के हृदय में निवास करता है। परमात्मा से साक्षात्कार कर उनके उस शाश्वत नाम का सुमिरन करने से ही हम जीवन की विपरित परिस्थितियों में भी आगे बढ़ सकते हैं।



तत्पश्चात् सत्य की विजय होने पर होली का पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। साध्वी जी ने होली पर्व में निहित विशेष आध्यात्मिक रहस्यों को भक्तजनों के समक्ष रखा। उन्होंने कहा होली, अर्थात आत्मा परमात्मा की होली, जिन श्री कृष्ण को हम मानते हैं, उनका अंतर्घट में दर्शन कर, उन्हें जब जाना जाता है, तब वास्तविक रूप से होली को हम समझ पाते हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रवासी भक्तजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे, जिन्होंने पूरे श्रद्धाभाव से कथा को श्रवण किया।

दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें अनेक माननीय अतिथि गण, जैसेख्र कुलदीप गौर (समाजसेवी), विमलेश (समाजसेवी), लक्ष्मी (समाजसेवी), रीना (समाजसेवी) एवं कमलेश (समाजसेवी), अनिल (समाजसेवी), मनोज चौधरी (समाजसेवी), राहुल (टैंटवाले), पिलखुआ आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

होली के पावन उपलक्ष्य में वातावरण 'कृष्ण-नाम' के उल्लास से गूंज उठा, और भक्तजन नृत्य व भजन में मग्न हो गए। अंत में प्रसाद वितरण के साथ तृतीय दिवस की पूर्णाहुति हुई। आगामी दिवस में विशेष रूप से वामन अवतार एवं बलि उद्धार और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का वर्णन प्रस्तुत किया जाएगा।

## कमरे का दरवाजा खोलते ही उड़े मालिक के होश

**लोनी।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सिरोली गांव में रविवार देर रात एक चाइनीज फास्ट फूड कारीगर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक का शव कमरे की छत पर लगे कूंडे से रस्सी के फंदे पर लटका मिला। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान दीपेश निवासी दार्जिलिंग के रूप में हुई है, जो अपनी पत्नी प्रिया के साथ सिरोली गांव में राजेंद्र सिंह के मकान में किराए पर रहता था। दीपेश गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित राजेंद्र सिंह की फास्ट फूड दुकान में कारीगर के तौर पर काम करता था। जानकारी के अनुसार, रविवार रात किसी बात को लेकर दीपेश और उसकी पत्नी प्रिया के बीच कहासुनी हो गई। विवाद के बाद पत्नी छत पर सोने चली गई, जबकि दीपेश नीचे कमरे में चला गया। देर रात करीब तीन बजे जब प्रिया नीचे आई तो उसने कमरे का दरवाजा बंद पाया।

# दोस्तों के साथ नहाने गए युवक की नहर में डूबने से हुई मौत

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल झाल में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 25 वर्षीय युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सूरजपुर निवासी अरशद पुत्र अली हसन के रूप में हुई है। अरशद अपने दोस्तों के साथ नहर में नहाने आया था, लेकिन तेज बहाव में बहकर वह डूब गया।

प्रत्यक्षदर्शी दोस्तों के अनुसार, शुरुआत में सभी युवक नहर के किनारे कम गहरे पानी में नहा रहे थे। लेकिन अरशद गहरे पानी की ओर चला गया, जहां पानी का बहाव तेज था। अचानक वह संतुलन खो बैठा और डूब गया। दोस्त समीर ने बताया कि उन्होंने तुरंत शोर मचाया और उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। हादसे के तुरंत बाद दोस्तों ने परिवार और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू की गई। मसूरी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और युवक की तलाश के प्रयास किए गए।

अरशद एक प्राइवेट कंपनी में सेल्समैन के तौर पर काम करता था। परिवार में दो भाई और एक बड़ी बहन हैं। छोटा भाई फिलहाल 12वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। मसूरी थाना प्रभारी अजय चौधरी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और युवक की दोबारा तलाश के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। अरशद के दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना की सटीक जानकारी मिल सके।

# नाले जैसा पानी पीने को मजबूर हुए सोसायटी निवासी

**गाजियाबाद।** जल ही जीवन है-यह कहावत हम सभी ने सुनी है, लेकिन गाजियाबाद की गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में रहने वाले लोगों के लिए यह अब चिंता और बीमारियों का कारण बन चुकी है। दरअसल, राकेश मार्ग स्थित इस हाईराइज सोसाइटी में साफ और सुरक्षित पेयजल की भारी किल्लत है। सोसाइटी के निवासी लगातार दूषित और मटमैले जल की आपूर्ति की शिकायत कर रहे हैं, लेकिन आरडब्लूए की कथित लापरवाही के चलते उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हैरानी की बात यह है कि भारी-भरकम मेंटेनेंस चार्ज वसूलने के बावजूद बेसिक सुविधाओं की स्थिति बेहद दयनीय है। सी-4 टॉवर के फ्लैट नंबर 301 में रहने वाले रोहित चोपड़ा की वृद्ध मां उमा चोपड़ा दूषित जल के सेवन से वाटर इंफेक्शन का शिकार हो गई जिनका इलाज चल रहा है। परिवार का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद आरडब्लूए ने कोई कार्रवाई नहीं की। सोसाइटी निवासी गौरव बंसल ने बताया कि बीते ढाई वर्षों से टंकियों से आ रहे पानी का टीडीएस स्तर 700 से ऊपर है, जो पीने के पानी के लिए अत्यधिक असुरक्षित माना जाता है। पीने और नहाने दोनों के लिए इस्तेमाल होने वाली टंकियों से काला, मटमैला जल निकल रहा है। लोग अपनी सुरक्षा के लिए घरों में आरओ सिस्टम लगा रहे हैं, लेकिन हालात इतने खराब हैं कि आरओ फिल्टर भी 3 महीने में ही खराब हो जाते हैं।

# कौशाम्बी क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए चलाई मुहिम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कौशांबी करवा की तरफ से प्लास्टिक मुक्त करने के लिए मुहिम चलाई गई। इसमें हमने सभी सब्जी, फल व सभी प्रकार के ठेले वालों को कारवां की तरफ से थैले दिए गए और उनसे कहा गया कि आगे से प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे। इसमें मुख्य रूप से पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल करवा के महासचिव विनय महेश्वरी द्वारा कौशांबी को प्लास्टिक मुक्त करने के यह अभियान चलाया गया। इस अवसर पर राकेश जाखोटिया, वेदांता, शिशिर, परितोष, मनीष जैन, गौरव वर्मा, ओबेरॉय जी, नवीन माथुर विक्रम सिंह मंगल सिंह सजवान आदि ने भाग लिया।

# नेहरू आधुनिक भारत की नींव का मजबूत पत्थर है: खुशनुमा परवीन

### नेहरू से बड़ा आजाद भारत में कोई नेता नहीं है: पूजा चड्ढा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष खुशनुमा बेगम ने दर्जनों महिलाओं के साथ मिलकर महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की पुण्यतिथि मनाई। विशेष रूप से राष्ट्रीय महिला कांग्रेस नेता पूजा चढ़ा और अध्यक्ष खुशनुमा बेगम ने सभी के साथ मिलकर नेहरू जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। खुशनुमा बेगम और पूजा चड्ढा ने संयुक्त रूप से कहा कि नेहरू जिन इसे देश को बनाने का काम किया है नेहरू जी इस देश के सबसे मजबूत नींव का सबसे मजबूत पत्थर है। दोनों ही ने कहा कि नेहरू से बड़ा कोई नहीं उन्हीं की नीतियों के कारण देश आज मजबूत स्थिति में है। इस अवसर पर मुख्य रूस से खुशी, अलका, दीपा, सोनाली, तृषा, आँचल, मेघा आशा, तानिया आदि महिला शामिल हुई और सबने नेहरू जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हाईराइज सोसाइटी में शैतानी के कारण लिफ्ट में फंसा बच्च

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र की एक हाईराइज सोसाइटी में एक मामला सामने आया, जहां एक मासूम बच्चा लिफ्ट में फंस गया। गनीमत रही कि मेंटेनेंस टीम ने समय रहते हस्तक्षेप कर बच्चे की जान बचा ली। यह घटना कौशांबी स्थित मीडिया मजेस्टिक टॉवर की है। सोमवार को सोसाइटी की एक लिफ्ट में एक बच्चा शरारत करते हुए फंस गया। लिफ्ट के अंदर की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे इस पूरी घटना की सच्चाई सामने आई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें देखा जा रहा है कि बच्चा लिफ्ट में चढ़ने के बाद एक साथ कई बटन दबा देता है। जैसे ही लिफ्ट चालू होती है, कुछ ही सेकंड बाद वह बच्चा अंदर से जबरन लिफ्ट का दरवाजा खोलने की कोशिश करता है। इस प्रक्रिया में लिफ्ट अचानक रुक जाती है। थोड़ी देर बाद बच्चा फिर दरवाजा बंद कर देता है, लेकिन लिफ्ट वहीं फंसी रह जाती है। अंदर फंसा बच्चा घबरा जाता है और लिफ्ट में रोते हुए मदद की गुहार लगाने लगता है।

### रोबोटिक सर्जरी में एक नया युग

# यशोदा अस्पताल, संजय नगर, गाजियाबाद ने एक दिन में 9 रोबोटिक सर्जरी की!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम उठाते हुए, यशोदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल और कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर, गाजियाबाद ने शनिवार, 24 मई 2025 को एक ही दिन में नौ रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की। इन प्रक्रियाओं में आठ रोबोटिक कोलेसिस्टेक्टॉमी (पित्ताशय हटाने की सर्जरी) और एक रोबोटिक इंजुनल हर्निया मरम्मत शामिल थी। सभी सर्जरी बिना किसी जटिलता के पूरी की गईं और प्रत्येक मरीज को 24 घंटों के भीतर छुट्टी दे दी गई - यह एक मील का पत्थर है जो मरीज की सुरक्षा, सटीकता और तेजी से रिकवरी के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस असाधारण उपलब्धि का श्रेय यशोदा समूह के अध्यक्ष डॉ. दिनेश अरोड़ा और समूह निदेशक डॉ. रजत अरोड़ा के स्पष्ट और निरंतर दृष्टिकोण को जाता है। उनका मिशन विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को हर नागरिक के लिए सुलभ बनाना है, जिसने यशोदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल और कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर, गाजियाबाद को रोबोटिक और न्यूनतम पहुंच सर्जरी के लिए उत्कृष्टता का केंद्र बना दिया है।

'हमें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों जैसे रोबोटिक सर्जरी को टियर -2 शहरों में सुलभ बनाने का लक्ष्य है, जो पहले केवल प्रीमियम महानगर अस्पतालों तक ही सीमित थी, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें,' डॉ. दिनेश अरोड़ा, अध्यक्ष, यशोदा समूह के अस्पताल ने कहा। 'रोबोटिक सर्जरी, जिसे कभी भविष्यवादी माना जाता था, आज एक व्यावहारिक वास्तविकता है जो मरीजों के लिए कई लाभ प्रदान करती है,' डॉ. रजत अरोड़ा, समूह निदेशक, यशोदा समूह के अस्पताल ने कहा कि इस तकनीक में विशेषज्ञ सर्जनों द्वारा रोबोटिक कंसोल के माध्यम से नियंत्रित अत्यधिक सटीक सर्जिकल उपकरण शामिल हैं। ये उपकरण छोटे चीरे के माध्यम से सर्जरी को सक्षम करते हैं, जिससे काफी कम दर्द, तेजी से रिकवरी, छोटे निशान और न्यूनतम रक्तस्राव होता है। 'मरीज जो पहले दिनों या हफ्तों के अस्पताल में रहने की आवश्यकता होती थी, अब एक दिन के भीतर घर लौट सकते हैं - और अपने दैनिक जीवन में बहुत जल्द वापस आ सकते हैं,' डॉ. रजत अरोड़ा ने कहा कि यशोदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल और कैंसर इंस्टीट्यूट में सभी नौ सर्जरी डॉ. सुशील फोटेदार, निदेशक, सामान्य, न्यूनतम पहुंच और रोबोटिक सर्जरी और उनकी टीम द्वारा की गईं।

### एक नजर

## परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा कराई गई नेत्रहीन कन्या की शादी संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संजय नगर शुभम बैंक्विट हॉल परमार्थ सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में नेत्रहीन कन्या की शादी बड़े धूमधाम से संपन्न कराई ट्रस्ट के चेयरमैन वी के अग्रवाल ने बताया कि आयुष्मति काजल राजवती- रामवीर निवासी मुरादनगर का शुभ विवाह चिरंजीव प्रमोद कुमार सुपुत्र सुहानी देवी-जयपाल निवासी खेकड़ा बागपत के संग बड़ी धूमधाम से संपन्न कराई शादी में यथायोग दैनिक उपयोग होने वाला सामान बर्तन, कुलर, डबल बेड, पंखा, सिलाई मशीन, 51 बर्तन, अलमीरा, पायल, बिछुए, श्रृंगार का सामान अनेकों प्रकार के वस्त्र भेंट किया बारातियों को समय अनुसार ससम्मान भोजन प्रसाद कराकर नवयुग जोड़ों के सात फेरों का पाणीग्रहण संस्कार कराकर समय पर विदा किया।

इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि ट्रस्ट के तत्वाधान में यह कोई पहला कार्य नहीं है समय-समय पर पात्र कन्याओं की शादी बड़े धूमधाम से कराई जाती हैं पात्र कन्याओं की शादी करना एक नेक और महत्वपूर्ण कार्य है।

इससे न केवल गरीब परिवारों को मदद मिलती है, बल्कि सामाजिक रूप से भी यह एक सकारात्मक कदम है। यह सिर्फ एक आर्थिक व्यवहार नहीं है, बल्कि यह एक मानवीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। पात्र कन्याओं की शादी करना एक ऐसा काम है जो उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करता है और समाज को भी बेहतर बनाता है।

इस अवसर पर डॉ नीरज गर्ग, अनिल स्वामी, श्यामसुंदर गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता नीलकमल फर्नीचर, एसके अग्रवाल एडवोकेट, प्रदीप गुप्ता, हेमंत कंसल, राकेश चंद्र अग्रवाल, सुदेश शर्मा, शिवकुमार शर्मा, नीरज शर्मा, डीके मित्तल, अखिलेश अग्रवाल, कपिल जैन, राकेश मित्तल, राम गुप्ता, स्नेह लता, उमेश नगर पार्षद, सुरेंद्र पाल त्यागी, तरुण चितकारा, वीरेंद्र सारस्वत आदि उपस्थित रहे।

# राजेश गुप्ता भारतीय किसान यूनियन ( एकता शक्ति ) के बने महानगर अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति की महानगर कार्यकारिणी की आज घोषणा की गई। यह घोषणा एक प्रेस वार्ता में भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरयू शर्मा के आदेश पर भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के राष्ट्रीय संयोजक राकेश शर्मा सदरपुर के निर्देश व राष्ट्रीय संगठन मंत्री यामीन सैफी तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष अक्षित शर्मा की सतुष्टी पर की गई हैं।

इस मौके पर उन्होंने महानगर की कमेटी में राजेश गुप्ता को अध्यक्ष कपिल गर्ग को उपाध्यक्ष प्रदीप गर्ग उपाध्यक्ष पवन शर्मा उपाध्यक्ष जीवन वालिया महामंत्री, चमन कोषाध्यक्ष तथा जॉनी वह गोखर शर्मा को महानगर में सदस्य मनोनीत किया है।

प्रेस वार्ता में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के राष्ट्रीय सयोजक राकेश शर्मा सदरपुर ने बताया कि महानगर टीम पर आशा व्यक्त की है कि है कि पूरी टीम निष्ठा से कार्य करेगी और टीम मे सदस्य जोडने काम करेगी।



इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री यामीन सैफी युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयवीर सिंह युवा राष्ट्रीय प्रभारी हाजी अफसर जिला अध्यक्ष रामवीर शर्मा युवा सयोजक नितिन शर्मा युवा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अक्षित शर्मा युवा महसचिव अभिषेक शर्मा जिला महासचिव आस मोहमद जिला सचिव आर के सिंह पवन शर्मा विजय नगर पंकज उपाध्याय मिडिया प्रभारी हापुड़ आशीष वर्मा गुड्डू आदि उपस्थित रहे।

### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र परवेज व उसकी पत्नी हीना तथा पुत्र आफताब को उसके गलत आचरच के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उक्त दोनों के प्रति मेरा व मेरे शेष परिवार का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**मेहंदी हसन पुत्र नूर हसन**
**निवासी ग्राम शेखूपुर खिचरा**
**थाना धौलाना हापुड़।**

## पाल समाज धूमधाम से मनाएगा रानी अहिल्याबाई की जयंती

**गाजियाबाद।** महापौर सुनीता दयाल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित एवम् 31 मई को पाल समाज गाजियाबाद द्वारा आयोजित हिंडन मेट्रो स्टेशन के पास साईं उपवन में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर जी के 300 वें जन्मोत्सव समारोह को सफल बनाने के बारे में सुझाव लेने के लिए कार्यक्रम के संयोजक भाजपा पार्षद वीरेन्द्र त्यागी ने पाल समाज गाजियाबाद के प्रति. निधियों को अपने ऑफिस मरियम नगर नंदग्राम में आमंत्रित किया था।

प्रतिनिधियों के साथ समाज के विशिष्ट लोगों ने बैठक में भाग लिया और संयोजन महोदय को आश्वस्त किया कि समारोह को भव्य तरीके से सफल बनाया जाएगा,सभा को संबोधित करते हुए जन्मोत्सव समारोह को सफल बनाने के लिए पाल समाज के लोगों के जोश, जज्बा एवं उत्साह को देखते हुए पार्षद वीरेन्द्र त्यागी ने पाल समाज के सभी सम्मानित भाइयों को धन्यवाद दिया।

पाल समाज गाजियाबाद के सभी भाइयों से निवेदन है कि 30 मई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 10:30 बजे एवं 31 मई को सुबह 9:30 बजे हिंडन मेट्रो स्टेशन के पास साईं उपवन में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर जी की नई प्रतिमा पर मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर जी के जन्मोत्सव समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर समारोह को सफल बनाएं।

# मोहल्ला क्लीनिक के पास फर्जी बैंक अकाउंट की सौदेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश विदेश में बैठे स्कैमर्स को जालसाजी से आने वाले पैसे को लेना भी है और इससे बचना भी है। इसके लिये उन्होंने अपने एजेंट शहरों में सक्रिय कर रखे हैं। जो फर्जी बैंक खाते खुलवाकर खुद कमीशन लेते हैं और जिसका खाता होता है। उसको भी कमीशन देते हैं,लेकिन जब पुलिस की छापेमारी होती है तो सबसे पहले खाताधारी ही पकड़ा जाता है। जो मुख्य स्कैमर्स होता है वो कम ही पकड़ा जाता है। ऐसे ही एक स्कैमर के गैंग को अपराध शाखा की टीम ने मयूर विहार के मोहल्ला क्लिनिक के पास से पकड़ा है। जिनसे उनके नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फर्जी बैंक अकाउंट किट जिसके द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड व साइबर फ्रॉड होता है। उसके डील होने के बारे में अपराध शाख को जानकारी मिली थी। मुखबिर ने बताया कि पांडे नामक व्यक्ति साथियों की सहायता से बैंकों में फर्जी तरीके से खाते खुलवाता है,फिर सिमकार्ड,चेक बुक,डेबिट कार्ड आदि ले लेता है। ये सभी चीजें पांडेय बाद में कमीशन लेकर साइबर और ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों को देता है। इंस्पेक्टर मंजीत कुमार के निर्देशन में अपराध शाखा की टीम दो प्राईवेट कारों से दोपहर दो बजे मयूर विहार फेज-१ स्थित मोहल्ला क्लिनिक के पास पहुंची। करीब तीन घंटे तक पुलिस टीम ने पांडेय का इंतजार किया। पांडेय गेट नंबर-१ के पास आकर किसी का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद दो युवक आए और फर्जी अकाउंट और फर्जी सिमकार्ड की डील करने लगे।

मुखबिर की निशानदेही पर तुरंत तीनों को मौके पर पकड़ लिया। उसी वक्त काफी ज्यादा भीड़ इक्ट्ठा हो गई। कोई विरोध की आशंका देखते हुए पुलिस टीम ने तुरंत पब्लिक को अपने आईकार्ड दिखाकर उनको वहां से हटाया। किसी अप्रिय वारदात की आशंका को देखते हुए तीनों को कार में बैठाकर अपने ऑफिस लेकर आ गए। उज्जवल पांडेय,युग शर्मा और गौरव बरुआ के रूप में हुई। जिनके कब्जे से रमेश और त्रिलोक नामक व्यक्तियों के नाम के इंटरनेशनल कार्ड,पांच सिमकार्ड,चार मोबाइल फोन,दो चौकबुक और डेबिट कार्ड बरामद किये हैं। पूछताछ करने पर उज्जवल से पता चला वह गौरव और युग को फर्जी सिम व डेबिट कार्ड देने आया था। जो आगे ऑनलाइन फ्रॉड के लिये इस्तेमाल करते। साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि स्कैमर्स के एजेंट जो कमीशन पर लिये खाते में जमा जालसाजी की रकम को निकालकर क्रिप्टो के जरिये विदेश में स्कैमर्स के विदेशी खाते में जमा करवा देते हैं। असल में क्रिप्टो करेंसी एक मुद्रा होती है जो पूरी तरह कंप्यूटर एल्गोरिथ्म पर बनी होती है। इसके सारे ट्रांजेक्शन भी कंप्यूटर से ही होते हैं, यानी इसमें कोई फिजिकल करेंसी नहीं होती है।

क्रिप्टो करेंसी या वर्चुअल करेंसी को डिजिटल करेंसी भी कहा जाता है। इसे इनक्रिप्शन टेक्नोलॉजी की सहायता से जेनरेट किया जाता है और उसके बाद रेगुलेट भी किया जाता है। क्रिप्टोकरेंसी शुरुआत से ही हैकर्स या साइबर क्रिमिनल्स का बड़ा हथियार बनी हुई है। क्रिप्टोकरेंसी यूज करने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे यूज करने वाले की पहचान उजागर नहीं की जा सकती है यानी वो पूरी तरह से गुमनाम रहता है। क्योंकि ये एक डिसेंट्रलाइज्ड करेंसी की तरह काम करता है और इसमें बैंक जैसी कोई संस्था नहीं होती है। वहीं इसका दूसरा फायदा ये है कि बिटकॉइन और इसकी जैसी दूसरी करेंसी को वर्चुअल वॉलेट्स में रखा जा सकता है। इनकी पहचान सिर्फ नंबर से ही होती है।

# भाजपा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में नव निर्वाचित जिलाध्यक्षों की पहली बैठक प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई।

बैठक को दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डा. अल्का गुर्जर, संगठन महामंत्री पवन राणा एवं महामंत्री विष्णु मित्तल ने भी सम्बोधित किया। उन्होने सभी १४ नये जिलाध्यक्षों एवं राज्य परिषद के १०५ सदस्यों को शुभकामनाऐ दी और आशा व्यक्त की दिल्ली संगठन एवं सरकार पूरी स्फूर्ति से काम कर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की विक. सित भारत की कल्पना को साकार करेंगे। इस मौके पर मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता ने जिलाध्यक्षों को दिल्ली सरकार के ३ दिन बाद पूरे होने जा रहे १०० दिन के कार्यकाल में दिल्ली में किये गये सुधार कार्यो से अवगत कराया और दिल्ली के विकास के लिए सुझाव मांगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष



वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की वर्तमान सप्ताह बहुत महत्वपूर्ण सप्ताह है जिसमें प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के कीर्तिमानों से भरे ११ वर्ष पूरे हुए हैं तो वहीं दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार के सेवा के १०० सफल दिन पूरे हो रहे हैं।

सचदेवा ने कहा है हम विकसित भारत की विकसित दिल्ली के निर्माण के लक्ष्य से काम कर रहे हैं और नव गठित जिला एवं मंडल संगठन को इसे पूर्ण करने में अपना योगदान देना है।दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष ने जिलाध्यक्षों के समक्ष आगामी दो सप्ताह में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के ११ वर्ष पूर्ण होने पर चलने वाले ष्संकल्प से सिद्धिष कार्यक्रम पर चर्चा की और कहा की हमे प्रदेश से मंडल तक कार्यक्रमों को लेकर जाना है। बैठक में सभी १४ नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों की राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ नागरिकों के राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय की अर्धवार्षिक बैठक विशेष पुलिस आयुक्त( एसपीयूडब्ल्यूएसी) सागर प्रीत हुड्डा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जिलों के सभी १५ सदस्यीय वरिष्ठ नागरिक, संयुक्त पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, एसपीयूडब्ल्यूएसी और दिल्ली के जिलों के पुलिस उपायुक्त/अतिरिक्त पुलिस आयुक्त तथा जिलों के वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त/एसपीयूडब्ल्यूएसी ने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली पुलिस वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा का लगातार ध्यान रखने का प्रयास करती है तथा साइबर जागरूकता कार्यक्रमों, विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों द्वारा नियमित बैठकों, बीट स्टाफ द्वारा घर-घर जाकर तथा वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठों द्वारा टेलीफोन पर संपर्क करके वांछित निवारक उपाय करती है।

जिला पुलिस उपायुक्तों को जिला स्तर पर नियमित तिमाही बैठकें तथा थाना स्तर पर मासिक बैठकें आयोजित करने, नए वरिष्ठ नागरिकों को पंजीकृत करने के लिए विशेष अभियान चलाने, वरिष्ठ नागरिकों की लंबित सुरक्षा ऑडिट को अनुवर्ती कार्रवाई के साथ पूरा करने, बीट/डिवीजन स्टाफ द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के घर-घर जाकर नियमित रूप से जांच सुनिश्चित करने, वरिष्ठ नागरिकों के लिए नियमित साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा ७० वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों का उनके घर पर ही निपटारा करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित शिकायतों/मुद्दों को बड़ी संवे. दनशीलता के साथ प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया। बैठक का समापन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त/एसपीयूडब्ल्यूएसी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



दिल्ली पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ नागरिकों के राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय की अर्धवार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते विशेष पुलिस आयुक्त( एसपीयूडब्ल्यूएसी ) सागर प्रीत हुड्डा।

# केजरीवाल के ब्यान से दिल्ली वाले आश्चर्यचकित: सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली। नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली को लेकर दिये ब्यान को देखकर दिल्ली वाले आश्चर्यचकित हैं।

सचदेवा ने कहा है की दिल्ली की जनता रात दिन दिल्ली में प्रशास. निक बदलाव देख रही और जान रही है की जहां केजरीवाल सरकार प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केवल दोषारोपण की राजनीति करती थी वहीं आज रेखा गुप्ता की सरकार विकास एवं सुधार के लिए सड़क पर उतर कर काम कर रही है।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की 'आप'का नेतृत्व राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक हो चुका है और बिजली पानी की समस्या पर मनगढ़ंत ब्यान देकर खुद को राजनीतिक गलियारे में बनाये रखना चाहता पर दिल्ली की जनता अब इनकी इन मनोहर कहानियों पर बिल्कुल ध्यान नही देती।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली की जनता भलीभांति जानती है की बिजली सब्सिडी बकायदा जारी है और मध्यम वर्ग भी बिजली पानी की पूरी अपूर्ति के साथ सड़कों के बेहतर रखरखाव से संतुष्ट है। दिल्ली की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले भी पहले से बेहतर जल सप्लाई से संतुष्ट हैं चाहें वो सार्वजनिक पाइप लाइन से हो या जी.पी.एस. लगे टैंकरो से।

# भारत के कई शहरों से चोरी की लग्जरी कारों की सप्लाई पंजाब में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के शहरों में सक्रिय बड़े वाहन चोर पंजाब के रिसीवरों के संपर्क में है। जो रात के वक्त इलाकों में निकालकर सिर्फ लग्जरी कारों के लॉक कुछ मिनट में खोलकर कार लेकर फरार हो जाते हैं। ये चोर पंजाब में रहने वाले रिसिवरों को औनेपौने दामों को लेकर वाहन को बेच दिया करते हैं। ऐसे ही पंजाब गैंग के चार रिसिवरों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अवतार सिंह उर्फ सन्नी अरोड़ा,हरप्रीत सिंह उर्फ हन्नी,परमदीप उर्फ लोटे और मनप्रीत उर्फ बाऊ के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से जाली नंबर प्लेट और जाली पंजीकरण प्रमाणपत्र वाली २१ लग्जरी कारें बरामद की हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी नरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर दलीप कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने पुख्ता जानकारी पर आरोपी अवतार सिंह उर्फ सनी अरोड़ा और हरप्रीत सिंह उर्फ हनी को डीएनडी फ्लाई ओवर पर गिरफ्तार किया था। जिनके कब्जे से साकेत से चोरी बलेनो कार को जब्त किया था। जिसपर फर्जी नंबर प्लेट लगा रखी थी। आरोपियों के कब्जे से एक जाली आर/सी भी बरामद की गई।

पूछताछ करने पर पता चला कि वे मूल रूप से चोरी की कारों के रिसीवर हैं और उसके बाद वे कारों को पंजाब के अमृतसर और लुधियाना में बेचते हैं। वे दशरथ और राज कुमार से कारें लेते हैं। उन्हें क्रेटा, केआईए, फॉर्च्यूनर और थार जैसी बड़ी संख्या में अन्य लग्जरी कारें मिली हैं और उन्हें पंजाब में अलग-अलग व्यक्तियों को बेचा है। वे कारों के जाली पंजीकरण प्रमाण पत्र भी तैयार करते थे। वे कारों के ऐसे १५-२० मामलों में शामिल हैं। पुलिस टीम ने उनकी निशानदेही पर पंजाब के सीमावर्ती जिलों अमृतसर और तरनतारन में कई छापे मारे गए।

छापेमारी के दौरान दो और आरोपी परमदीप उर्फ लोटे और मनप्रीत उर्फ बाऊ को गिरफ्तार किया गया। आरोपी चोरी की गई लग्जरी गाडियां ४-५ लाख रुपये में खरीदते थे। वे चेसिस और इंजन नंबरों से छेड़छाड़ करते थे, जाली पंजीकरण प्रमाण पत्र तैयार करते थे और वाहनों को पंजाब में असली के रूप में बेचते थे।

# केजरीवाल ने दिल्लीवालों की दुर्दशा पर चिंता जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चार इंजन की भाजपा सरकार से दिल्लीवाले महज १०० दिन में ही परेशान हो गए हैं।

केजरीवाल सरकार में कभी बिजली के बिल नहीं आते थे, लेकिन अब बिल आने लगे हैं। कभी बिजली कटौती नहीं होती थी, अब घंटों पावर कट लग रहे हैं, लोगों को पानी की कमी नहीं होती थी, लेकिन अब पानी के लिए रात-रात भर इंतजार करना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों की इस पीड़ा को बताता एक वीडियो को एक्स पर साझा किया और चंद दिनों में ही दिल्लीवालों की भारी दुर्दशा पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इनके चार इंजनों ने मात्र १०० दिनों में ही दिल्लीवालों का क्या हाल कर दिया?

उधर, आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने एक्स पर कहा कि मुबारक हो दिल्ली। चार इंजन की सरकार का चमत्कार देखिए, जहां इन्वर्टर की दुकानें बंद हो गई थीं, अब उस दिल्ली में का इन्वर्टर फुल पेज विज्ञापन छप रहा है। अरविंद केजरीवाल द्वारा एक्स पर साझा की गई वीडियो में दिल्लीवाले कह रहे हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार में कभी उनके बिजली का बिल नहीं आता था, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद से बिजली के बिल आने लगे हैं।

भाजपा सरकार ने बिजली की कीमतें भी बढ़ा दी है। पिछले एक महीने से पानी की किल्लत से परेशान हैं। पानी ही नहीं आ रहा है। सिर्फ आधे घंटे पानी आता है। सबको पानी नहीं मिल पाता है। ''आप'' सरकार के दौरान हमेशा पानी आता था। अब पानी की बहुत ज्यादा दिक्कत हो रही है। भाजपा की सरकार बनने के बाद से दिल्ली के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है।

# ड्रग्स तस्करी का सरगना गिरफ्तार

**■ लल्ला बाबू के कब्जे से 502 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ड्रग्स तस्करी करने वाले फरार सरगना विजय उर्फ दैनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कुछ समय पहले एसीपी राजकुमार और इंस्पेक्टर शिव कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने जीटीबी अस्पताल, दिलशाद गार्डन के पास लल्ला बाबू को गिरफ्तार किया था। लल्ला बाबू के कब्जे से ५०२ ग्राम हेरोइन बरामद की गई। जांच में पता चला कि लल्ला बाबू नंद नगरी के रहने वाले विजय उर्फ दैनी और जीतेश उर्फ जीतू को प्रतिबंधित पदार्थ सप्लाई कर रहा था। जीतेश उर्फ जीतू को १२५ ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। जांच में यह भी पता चला कि निजामुद्दीन उर्फ निजाम नामक तस्कर को गिरफ्तार किया,लेकिन विजय उर्फ दैनी गिरफ्तारी से बचता रहा। उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया।

एक पुख्ता जानकारी के बाद अब विजय उर्फ दैनी को गिरफ्तार किया,जिसकी आई-२० कार से ९९ ग्राम हेरोइन बरामद की गई। विजय उर्फ दैनी नंद नगरी का बीसी है। वह ५० से ज्यादा आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।



मुख्यमंत्री 1984 सिख हिंसा पीड़ितों के परिजनों को दिए सरकारी नौकरियों की नियुक्ति-पत्र।

# कालकाजी के पार्क में हुई दुखद घटना को लेकर एमसीडी सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** २४/०५/२०२५ को डी.डी.ए. एल.आई.जी. फ्लैट्स, काल. काजी स्थित एमसीडी पार्क में एक दुखद घटना घटित हुई, जिसमें ९ वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मृत्यु हो गई। प्रारंभिक निरीक्षण में पाया गया कि यह हादसा पार्क परिसर में स्थित बीएसईएस का एक खुला और असुरक्षित ३-फेज विद्युत फीडर पिलर होने के कारण हुआ। घटना के पश्चात दिल्ली पुलिस द्वारा उक्त क्षेत्र को सील कर दिया गया तथा बीआरपीएल द्वारा पार्क की बिजली आपूर्ति काट दी है। निरीक्षण के दौरान बीआरपीएल का तीन-फेज फीडर पिलर खुला और जर्जर अवस्था में पाया गया।बसबार और अन्य आंतरिक विद्युत घटक खुले थे और उनमें इन्सुलेशन या किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं थी।फीडर बॉक्स की खुली खिड़की के कारण यह आम जनता, विशेषकर पार्क में खेलने वाले बच्चों के लिए आसानी से सुलभ था। यह स्थिति सार्वजनिक स्थल में करंट लगने का प्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न करती है।फीडर पिलर को किसी प्रकार की बैरिकेडिंग या संलग्न ढांचे से सुरक्षित नहीं किया गया था। भूमिगत केबल स्थापना बीआरपीएल द्वारा फीडर पिलर तक भूमिगत केबल डाली गई है।सड़क कटिंग आदि के निर्माण मलबे को लाप. रवाही से इन केबलों के ऊपर डंप कर दिया गया था। केबलों को ठीक से कवर या सुरक्षित न किए जाने के कारण उनके क्षतिग्रस्त होने और करंट लगने का अत्यधिक खतरा बढ़ गया था।

# मुख्यमंत्री ने 1984 सिख हिंसा पीड़ितों के परिजनों को दिए नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली सचिवालय परिसर में १९८४ के सिख दंगो के पीड़ित परिवारों के आश्रितों को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस कार्यक्रम में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा , दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका , राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित पीड़ित परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने आधिकारिक नियुक्ति पत्र सौंपकर न केवल नौकरियाँ दी हैं, बल्कि उन हजारों परिवारों की गरिमा और पहचान को भी मान्यता दी है, जो इतने वर्षों से इसकी प्रतीक्षा कर रहे थे।१९८४ के सिख-विरोधी दंगों के पीड़ितों के लिए न्याय की दिशा में यह कदम मील का पत्थर है।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि १९८४ के दंगे भारत के इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जिसे भुलाना बहुत ही मुश्किल है। इन दंगो में जिन लोगों ने अपनों को खोया, उनके दर्द की कोई भरपाई नहीं हो सकती। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र की सत्ता में आने के बाद १९८४ के सिख दंगों के पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने और आरोपियों को सजा दिलाने का काम शुरू किया। उन्ही के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली सरकार इन पीड़ित परिवारों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने हेतु आज इन्हे सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र वितरित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ एक नियुक्ति नहीं है, यह न्याय है, जो चालीस वर्षों की चुप्पी और संघर्ष के बाद इनके जीवन में चला आया है। हम अतीत को बदल नहीं सकते, लेकिन इनका वर्तमान जरूर बेहतर कर सकते है। उन्होंने आगे कहा कि इन चार दशकों में हिंसा पीड़ितों ने असहनीय कष्ट सहे, परंतु दुर्भाग्यवश कोई भी पूर्व सरकार न उनके दर्द को समझ सकी और न ही उन्हें कोई ठोस मदद दे सकी। आज जब हम १२५ परिवारों को नियुक्तियाँ देने में सक्षम हुए हैं, और उनमें से १९ लोग अपनी सेवाएं शुरू कर रहे है, तो यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं है, बल्कि उनके अधिकारों की बहाली का प्रतीक है।मुख्यमंत्री ने बताया कि कश्मीरी विस्थापित परिवार, जो वर्षों से अपने ही देश में बेघर है, उन्हें भी पूर्व सरकारों ने लंबे समय तक अनदेखा किया। हमारी सरकार ने यह संकल्प लिया है कि सरकार उन्हें हर संभव मदद प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार सिख समुदाय के योगदान को सम्मान की दृष्टि से देखती है। और इस नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी रूप से पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी नियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और समर्पण से निर्वहन करें, और दिल्ली को 'विकसित दिल्ली' बनाने की दिशा में सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक दिल्लीवासी के लिए संवेदनशील है। यह नियुक्तियाँ हमारी सरकार की जवाबदेही और पीड़ितों के प्रति सहानुभूति का प्रमाण हैं। दिल्ली सरकार हर समुदाय के साथ न्याय और समानता के साथ खड़ी है। कैबिनेट मंत्री मंजींदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह क्षण मेरे लिए बेहद व्यक्तिगत हैख्न केवल एक मंत्री के रूप में, बल्कि एक ऐसे सिख परिवार के सदस्य के रूप में जिसने यह इंतजार, यह पीड़ा, यह उम्मीदें देखी हैं।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 04**

**निविदा संख्या 10255028A खुलने की तिथि 27.05.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 27.05.2025 से बढ़ाकर 06.06.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह चतुर्थ शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 26.05.2025

1574/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 03**

**निविदा संख्या 10255033A खुलने की तिथि 27.05.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 27.05.2025 से बढ़ाकर 06.06.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह चतुर्थ शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 26.05.2025

1575/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 02**

**निविदा संख्या 10255030A खुलने की तिथि 27.05.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 27.05.2025 से बढ़ाकर 06.06.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह चतुर्थ शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 26.05.2025

1573/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**

(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

Truhome FINANCE

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, प्रथम तल, दरवाजा नं. 5, पुराना नं. 11, द्वितीय लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तैनाम्पेट, चेन्नई- 600018, **शाखा कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**Website:** http://www.truhomefinance.in

**उधारकर्ता को नोटिस**

**उधारकर्ता:- श्री यश पाल और श्रीमति दीपा,**

**(ऋण नं. SILHGPRK0001560 & SBTHGPRK0001336)**

सुरक्षित संपत्ति का कब्ज़ा लेने के लिए मकान नंबर डी-1, ब्लॉक-डी, पूरी पहली मंजिल, बिना छत के अधिकार वाली संपत्ति, क्षेत्रफल 63.703 वर्ग मीटर, गगन एन्क्लेव, गांव- डूंडाहेड़ा, जिला-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001.

सरफेसी अधिनियम के तहत ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड के द्वारा उधारकर्ता/ओं से देय राशि की वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी।

उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को निकालें, जो भौतिक कब्जे में लेने के समय थे, अन्यथा ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

उपरोक्त सभी ऋणियों को यह भी सूचित किया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुएं लेने में असफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेच दिया जाएगा।

**अधिक जानकारी के लिए, प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: संजीव शर्मा, मोबाइल: 9810328494, ई-मेल आईडी: sanjeev.sharma@truhomefinance.in कार्यालय: @ एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरुद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110016.**

स्थान: गाजियाबाद
दिनांक: 27.05.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी- ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**

(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

Truhome FINANCE

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, प्रथम तल, दरवाजा नं. 5, पुराना नं. 11, द्वितीय लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तैनाम्पेट, चेन्नई- 600018, **शाखा कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051,

**Website:** http://www.truhomefinance.in

**उधारकर्ता को नोटिस**

**उधारकर्ता:- श्री धर्मेन्द्र मोहन सक्सैना और श्रीमति गीता सक्सैना,**

**(ऋण नं. SHLHDLHI0002228 & SULHDLHI0002230)**

सुरक्षित संपत्ति का कब्ज़ा लेने के लिए ''ग्राउंड फ्लोर, बिना छत के अधिकार के, जमीन के टुकड़े का एक हिस्सा जिसका पीवीटी नंबर ए-8, भूमि एरिया का क्षेत्रफल: 140 वर्ग गज, जो निर्मित संपत्ति का हिस्सा है जिसका नंबर ए-1 है, खसरा संख्या 540/403/72 में शामिल, ग्राम-धीरपुर, दिल्ली-110009 क्षेत्र में स्थित''

सरफेसी अधिनियम के तहत ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड के द्वारा उधारकर्ता/ओं से देय राशि की वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी।

उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को निकालें, जो भौतिक कब्जे में लेने के समय थे, अन्यथा ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

उपरोक्त सभी ऋणियों को यह भी सूचित किया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुएं लेने में असफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेच दिया जाएगा।

**अधिक जानकारी के लिए, प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: संजीव शर्मा, मोबाइल: 9810328494, ई-मेल आईडी: sanjeev.sharma@truhomefinance.in कार्यालय: @ एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरुद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110016.**

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 27.05.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी- ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# डॉक्टर मरीजों व उनके तीमारदारों के साथ रखें अच्छा व्यवहार:डीएम

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधितों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने बिनौली में प्रसव कार्यो में लापरवाही पर नारा. जगी व्यक्त की और निर्देश दिये कि आशाओं को लक्ष्य दिए जाएँ, और जो आशा कार्य लक्ष्य के तहत पूरे नहीं कर रहीं या रुचि नहीं दिखा रहीं, उन्हें तत्काल हटाकर नई आशाओं की भर्ती की जाए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ-सफाई बनाए रखने और बिनौली व छपरौली में तत्काल कैंटीन क्रियाशील करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी मरीज को बाहर की दवाइयाँ न लिखी जाएँ और रेफर करने की प्रक्रिया केवल गंभीर स्थिति में अपनाई जाए। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत अप्रैल माह के लिए महिला नसबंदी का लक्ष्य 139 था, लेकिन केवल 35 लक्ष्य ही पूरे हुए। जिलाधिकारी ने अल्ट्रासाउंड सेंटर की सघन निगरानी और ICC सामग्री के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हों। मातृ शिशु पंजीकरण में स्थिति खराब होने पर साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेकड़ा डॉ. ताहिर को स्पष्टीकरण व बागपत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को चाइल्ड रजिस्ट्रेशन में सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही, अस्पताल के बाहर डिस्प्ले बोर्ड पर उस दिन की बेडशीट का रंग अंकित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को पोर्टल पर अपडेट रहने और नियमित चेकिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मलेरिया अधिकारी को निर्देश दिए की जनपद में फॉगिंग अभियान चलाया जाए समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को भी यह निर्देश दिए कि यह लिस्ट उपलब्ध कराये की किन गांव में फॉगिंग की दवाई नहीं ली गई है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एमएस मलिक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.दीपा सिंह, डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर डा.रोबिन, पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डा.सरूची शर्मा, सीएचसी अधीक्षक डा.विभाष राजपूत आदि मौजूद रहे।



# तालाब की सफाई नहीं होने पर दी धरने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** विनयपुर गांव का तालाब ओवरफ्लो होने के कारण गलियों में पानी भरने लगा है जिससे गांव में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। भारतीय किसान यूनियन अम्बावता के जिलाध्यक्ष मनोज प्रधान ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दो दिन मे तालाब की सफाई नही करायी गयी तो वह धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगे।

विनयपुर गांव मे तालाब ओवरफ्लो होने के चलते गांव की गलियों मे पानी भरने लगा है जिससे ग्रामीणों को रास्ते से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही गांव मे बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि 10 वर्ष से तालाब की सफाई नही हुई है जिस कारण यह समस्या बनी हुई है। हर साल पहली बरसात के चलते ही तालाब ओवरफ्लो हो जाता है और गांव की गलियों मे पानी भर जाता है जिससे लेकर भारतीय किसान यूनियन अम्बावता के जिलाध्यक्ष मनोज प्रधान के नेतृत्व मे लोगो ने प्रर्दशन करते हुए उच्च अधिकारीयों से तालाब की सफाई की मांग की है। वही चेता. वनी दी है अगर जल्द दो दिन मे तालाब की सफाई नही कराई गयी तो वह तहसील मुख्यालय पर धरना प्रर्दशन को मजबूर होगे। प्रर्दशन करने वालो में रविंदर, तेजसिंह अतरा, धर्मसिंह देवी, धन्नू राजपाल, धनवीर, पप्पू, सतपाल, सतबीर, लाला,सतीश सुदेशपाल सत्तू, सुरेन्द्र आदि मौजूद रहे।



# घायल आवारा गौवंश का ग्रामीणों ने कराया ईलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में साड़ी की टक्कर से घायल हुई एक गौवंश को ईलाज दिलानें के लिए युवाओं ने डाक्टरों की टीम को बुला उसे उपचार दिलवाया जिससे युवाओं की गांव में प्रशंसा हो रही है।

लहचौड़ा गांव में एक साड़ी ने एक आवारा गौवंश को टक्कर मार दी जिससे उसका पैर टूट गया और वह भूखी प्यासी इधर उधर तड़फती रही जिससे गांव के नकुल शर्मा, शंकर,अर्जुन, आदि ने देखा तो उसके ईलाज कराने का संकल्प लिया। वही उसके चारे की व्यवस्था की सभी ने 1962 पर काल कर पशु चिकित्सक बुलानें की मांग की जिस पर गांव मे एक चिकित्सक टीम पहुंची और गौवंश का ईलाज किये युवाओं की इस पहल पर ग्रामीण युवाओं की प्रशंसा मे लगे है।



# बिजली घर पर भारतीय किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

## घर के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाईन को बुधवार तक हटवाने की दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सिंगौली तगा गांव मे एक किसान के मकान के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली की लाईन हटवानें की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने रटौल बिजली घर पहुंच प्रर्दशन किया और चेतावनी दी अगर बुधवार तक लाईन को नही हटाया गया तो भारतीय किसान यूनियन बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना देगें।

सिंगौली तगा निवासी चन्द्र प्रकाश के मकान के ऊपर से 11 हजार की विधुत लाईन गुजर रही है, जिसमे 21 मई को आये तूफान में बिजली की लाईन टूटकर गिर गई थी जिसमें पांच पशु घायल हो गये थे। वही पचास वर्ष पुराना निम का पेड़ टूट कर गिर गया था, जिसकी शिकायत विद्युत विभाग के अधिक. ारियों से की गई थी और लाइन बदलवाने की मांग की गई थी लेकिन जब समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता रटौल बिजली घर पहुंचे और मकान के ऊपर से गुजर रही विधुत लाईन को हटवानें की मांग की और चेतावनी देते हुए कहा कि बुधवार तक मकान के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन को नहीं हटाया गया तो वह रटौल बिजली घर पर अनिश्चितकाल धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौकें पर गौना, लहचौड़ा, नंगला बडी, सरुाबाद के लोग मौजूद रहे। प्रर्दशन करने वालो में आजाद वीर, चरण प्रकाश, राम मेहर, राजकुमार, वीरेंद्र, सलाउद्दीन, ओम प्रकाश, राजवीर, रवि शंकर, सुंदर,आदि मौजूद रहे।



# युवाओं ने गांव को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** घिटौरा गांव में गंदगी के अंबार लगे हुए है। गांव की एक गली जिससे निकलना भी मुश्किल था युवाओं ने पहल करते हुए सफाई की और गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

घिटौरा गांव मे गंदगी के अंबार लगे हुए है जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही गांव मे बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। गांव की एक गली तो काफी समय से गंदगी के चलते बंद पड़ी थी जिससे निकलने मे ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती थी जिससे देखते हुए गांव के युवाओं ने सफाई करने का संकल्प लिया और गली की सफाई मे जुट गये। पूरा दिन मेहनत के बाद उन्होंने वहा से गंदगी को हटाया और रास्ता चलने लायक बनाया युवाओं ने बताया कि गांव मे सफाई कर्मचारी सफाई नही करते है। गांव के लोग बीमारी की चपेट मे आते जा रहे है जिससे अन्य लोगो को भी बीमार होने का खतरा बना हुआ है। गांव के युवाओं द्वारा सफाई को लेकर उनकी चारो और प्रशंसा हो रही है। वही सभी ग्रामीण घर के सामने सफाई का संकल्प ले तो गांव गंदगी से मुक्त होगा। इस मौकें पर मन्नू, योगेश, अनिकेत, प्रवेश, सन्नी, कपिल आदि ने सहयोग किया।



# दो बाईकों की भिडंत में तीन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के सराय मोड पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घटना में बड़ौत से बागपत जा रहे दो दोस्तों की बाइक दिल्ली की तरफ से आ रही एक बाइक से टकरा गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाईको की टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोग जमा हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय निवासी सोनू के अनुसार, दोनों बाइकें तेज गति से चल रही थीं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाया। पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं।



## एक नजर

### पीड़िता को ब्लैकमेल करने वाले दोनों युवको के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला थाना क्षेत्र की एक युवती की नहाते समय वीडियो बना ली गई। पीड़िता की मां ने बताया कि उनकी बेटी एक साल पहले पड़ोसी के बेटे की शादी में बुढ़ाना गई थी। वहां एक युवक ने बेटी से फोन पर बातचीत शुरू की।

युवक ने चोरी-छिपे नहाते समय बेटी की वीडियो बना ली। जब बेटी घर लौटी और युवक से बात करना बंद कर दिया, तो उसने वीडियो का दुरुपयोग शुरू कर दिया। आरोपी ने वीडियो पीड़िता के गांव के एक अन्य युवक को भेज दी। इसके बाद दोनों युवक मिलकर एक साल तक पीड़िता को ब्लैकमेल करते रहे। पीड़िता द्वारा उनकी मांग न मानने पर दोनों आरोपियों ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए समीर और आबिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ विजय कुमार के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता कक्षा 9 की छात्रा है। आरोपी 60 वर्षीय पड़ोसी है, जिसे पीड़िता चाचा कहकर संबोधित करती थी।

पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि कुछ महीने पहले आरोपी ने उनकी बेटी को अपने घर बुलाया। वहां उसने पीड़िता का अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह लगातार दुष्कर्म करता रहा। आरोपी पीड़िता को परिवार को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। हाल ही में उसने वीडियो वायरल कर दी। इस बात की जानकारी मिलने पर परिजनों ने बेटी से पूछताछ की। तब पीड़िता ने पूरी घटना के बारे में बताया। सीओ बड़ौत विजय कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। उसे मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

### बड वृक्ष की पूजा अर्चना कर सुहागिन महिलाओं ने की अपने पतियों की दीर्घायु की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र ग्रामीण इलाकों में ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि पर मंगलवार को सुहागिन महिलाओं ने बड वृक्ष की पूजा अर्चना की तथा बड सावित्री व्रत रखकर अपने सुहाग पत्तियों की दीर्घायु की कामनाएं की। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अनिता कोशिक ने कहा कि धार्मिक परंपराओं के अनुसार इस वर्ष ज्येष्ठ माह की अमावस्या पर सुहागिन महिलाएं अपने पतियों की दीर्घायु की कामना करते हैं। महिलाएं उपवास रखकर अपने पति की लंबी आयु की कामना करते हुए वटवृक्ष की पूजा करते हैं। महिलाओं ने बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर अथवा विधि विधान के अनुसार वड वृक्ष की टहनी लगाकर संबंधित कथा का वर्णन किया। महिलाओं ने मीठे फल पुडे व अन्य सामग्री कपड़े धन बर्तन अन्य सामान ननद सास मां के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। वरिष्ठ समा. जसेवी अनीता कौशिक जागौश ने बताया कि बड सावित्री व्रत रखने से वैवाहिक जीवन सुख शांति व सामान्य पूर्वक हो जाता है तथा पतियों की उम्र बढ़ जाती है। धर्म ग्रंथ के अनुसार मान्यता है कि बरगद बड़ के वृक्ष के नीचे ब्रह्मा विष्णु महेश शिवजी का वास होता है। इसीलिए सावित्री ने बड वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना कर यमराज से अपने पति की सत्यवान का जीवन पुन: प्राप्त किया था। इसीलिए बड वृक्ष की पूजा की जाती है।



### बिराल-पुसार मार्ग पर बदमाशों ने किया लूट का प्रयास

**शाह टाइम्सस संवाददाता**

**रमाला।** थाना रमाला क्षेत्र के किशनपुर बराल से पुसार मार्ग पर फतेहपुर चक भट्टे से लगभग 100 मीटर दूर सरे आम दोपहर के समय कुछ बदमाशों ने रहागीरो को लूटने का प्रयास किया। किसी ने थाना रमाला को सूचना दी सूचना मिलने पर पुलिस एक्शन में आई और सूचना फ्लैश की गई जिसमें थाना दोघट से भी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी शुरू की जिसमें दोनों थानों की पुलिस संयुक्त रूप से जंगल में कांबिंग करती रही लेकिन बदमाश गन्ने के खेतों से छुपते हुए मौका मिलते ही अलग-अलग दिशाओं में भाग खड़े हुए। पुलिस ने उनका पीछा किया लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए। रहागीरों ने बताया कि तीन बदमाश एक सड़क पर एक गन्ने के खेत में से निकले थे और हाथ देकर रहागिरों को रोकने का प्रयास किया लेकिन रहागिर लूट से बच गए और तभी पुलिस को फोन किया। दोनों थानों के प्रभारी से बात की गई उन्होंने बताया कि बदमाशों को ढूंढने का प्रयास चल रहा है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सरूरपुर के जंगल में सरकारी नलकूप के पास झाड़ियों में मिला नरकंकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के सरूरपुरकलां गांव के जंगल में एक नरकंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। यह नरकंकाल बिहारीपुर मार्ग पर स्थित सरकारी नलकूप के पास झाड़ियों में मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना का पता तब चला जब किसान धर्मवीर सिंह रविवार रात अपने खेत में सिंचाई के लिए सरक. ारी नलकूप चलाने गए। नलकूप के पास की झाड़ियों में उन्हें नरकंकाल दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नरकंकाल को कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो सका कि नरकंक. ाल किसी युवक का है या युवती का। पुलिस के अनुसार नरकंकाल काफी पुराना प्रतीत होता है। नरकंकाल के पास से मिले कपड़े के दो टुकड़ों को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस नरकंकाल की पहचान के लिए डीएनए सैंपल लेकर प्रयोगशाला में जांच कराएगी। साथ ही आसपास के गांवों से गुमशुदा हुए लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# संस्कृति पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र में मंगलवार से संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन शुरू हुआ। कैंप का शुभारंभ चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा, डायरेक्टर दिनेश शर्मा, प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा व मैनेजर विनीत शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने बताया कि कैंप कक्षा नर्सरी से कक्षा चार तक के छोटे बच्चों के लिए आयोजित किया गया है जिसमें रोजाना अलग-अलग एक्टिविटीज़ रखी गई हैं। आज पहले दिन बच्चों को योग एवं मेडिटेशन से शुरू होकर आर्ट एंड क्राफ्ट सिखाया गया। बच्चों को बिना चूल्हा जलाये सेंडविच बनाना सिखाया गया जिसको सभी बच्चों ने मन से सीखा। कैंप का आयोजन प्री प्राइमरी की कॉर्डिनेटर नीतू चौधरी के निर्देशन में सभी अध्यापक अध्यापिकाओं के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर संगीता, माधवी शर्मा, सरिता रानी, सचिन पंवार, हिमांशु पंवार, संजय शर्मा, नेहा गोस्वामी, शालिनी, अंशु, प्रीति, सीमा चौधरी, स्नेहा शर्मा व वीशू आदि उपस्थित थे।



# अच्छे कर्म करते हुए जीवन को उच्च लक्ष्य की ओर ले कर चलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के द्वारा 4 जून से बड़ौत में आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शोधक शिविर के लिए होली मदर हायर सेकेंडरी स्कूल लुहारी में सभा मंत्री रवि शास्त्री ने विद्यार्थियों को शिविर के लिए प्रेरित करते हुए कहा मनुष्य जीवन एक सुंदर अवसर है। कुछ अच्छा करने का कुछ अच्छा बनने का कुछ अच्छा पाने का इसे भोग विलास में व्यर्थ नष्ट ना करें। अच्छे कर्म करते हुए जीवन को उच्च लक्ष्य की ओर ले कर चले। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए पांच बातें अति आवश्यक है। सुबह जल्दी जगना, समय का सदुपयोग करना, कार्यो का बंटवारा करना, आत्मनिरीक्षण करना, सीखने की आदत अपनाना, जिससे नौजवान पीढ़ी अच्छे संस्कारों को आत्मसात कर सके और गांव का नौजवान अच्छे मार्ग की ओर आगे बढ़े। यही शिविर का उद्देश्य है। कन्या गुरुकुल विद्यालय ढिकाना, खामपुर, नेथला, खेड़ा हटाना, गौरीपुर आदि में जनसंपर्क किया गया। इस अवसर प्रधानाचार्य नरेंद्र, राजपाल, पूर्व प्र रामपाल तोमर, प्रबंधक मनोज कुमार, ऋषि पाल आर्य, धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य आदि उपस्थित रहे।



# पंचवटी मंदिर के पास की जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** कृष्ण महाराज सनातन धर्म ठाकुर द्वार के पंचवटी मंदिर की जमीन को लेकर विवाद गहरा गया है। दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को गोली मारने की धमकी दी।

घटना की सूचना पर पहुंचे क्राइम इंस्पेक्टर के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। मामले में दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मंदिर के प्रधान सभासद रमेश शर्मा का आरोप है कि कुछ लोग पंचवटी मंदिर के पास की जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। जब उन्होंने विरोध किया तो उन्हें धमकी दी गई। दूसरी तरु, अग्रवाल समाज बड़ौत के अध्यक्ष विनोद पंसारी ने सभासद रमेश शर्मा पर गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाया है। व्यापारियों ने बैठक में तय किया कि तीन दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो बाजार बंद कर देंगे। सीओ के अनुसार विनोद की शिकायत पर सभासद रमेश शर्मा, चिराग और अमर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।




**सूचना**

मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0635484 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0511833 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गए है।

नेहा पुत्री प्रमोद निवासी ग्राम कहरका बागपत-जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र रवि शर्मा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

लक्षमण शर्मा पुत्र छोटू राम शर्मा निवासी ग्राम तुगाना थाना छपरौली जनपद बागपत।

**सूचना**

29 सितंबर 2023 में मैने अपने पुत्र मनोज धामा व उसकी पत्नी रितिका को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके आचरण में सुधार आ गया है इसीलिए मै अपना निर्णय वापस लेता हूं।

शिवराज धामा पुत्र समय सिंह निवासी कस्बा खेकड़ा पट्टी चक्रसैनपुर तहसील खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मौ.आफताब से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

नौशाद पुत्र हकीमूदीन निवासी मौ. गुसाईयान बडका रोड़ कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत।

# बहनोई को दौड़ाकर बेल्टों से पीटा

■ फल की रेहड़ी लगाने को लेकर बीवी के भाइयों से हुआ झगड़ा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित दुर्गा चौक पर रविवार रात को फल का ऑटो रिक्शा लगाने को लेकर हुए विवाद में सालों ने बहनोई को बेल्ट से पीट दिया। सूरजपुर कोतवाली पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

कोतवाली पुलिस का कहना है कि आसू, आसिफ और नाजिम मूलरूप से बिलासपुर के रहने वाले हैं। सभी दुर्गा चौक पर ऑटो रिक्शा पर फल की रेहड़ी लगाते हैं। सोमवार रात रेहड़ी लगाने को लेकर हुए विवाद के दौरान सालों ने अपने साथियों संग मिलकर बहनोई की बेल्ट से पिटाई कर दी। बहनोई को सड़क पर दौड़ाकर बेल्ट से पीटा।

पीड़ित बहनोई को पिटाई के कारण अस्पताल पहुंचकर इलाज कराना पड़ा है। वहां रेहड़ी लगाने वाले अन्य लोगों ने मारपीट का वीडियो बना लिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें एक युवक दूसरे युवक को पीटता दिखाई दे रहा है। आसपास के लोग बीच-बचाव करने के बजाए वीडियो बना रहे हैं। कुछ देर बाद एक युवक आकर बीच बचाव करता है। पिटाई के कारण युवक की शर्ट फट जाती है। वहीं उसके चेहरे पर चोट आती है।

निवासियों का कहना है कि दुर्गा चौक पर रेहड़ी लगाने को लेकर आए दिन विवाद होता है। सड़क के दोनों किनारे रेहड़ी लगने के कारण यहां से गुजरने वालों को परेशानी होती है। वहीं वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। फल की ठेली लगाने वालों को चेतावनी जारी की है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी के अलावा सर्विलांस की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की है। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## विवाद में पीजी संचालक और उसके भाई को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रायपुर गांव में मामूली विवाद में तीन लोगों ने साथी के साथ मिलकर पीजी संचालक और उसके भाई को पीट दिया। आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर पीजी संचालक को जान से मारने की धमकी भी दी। सेक्टर-126 पुलिस ने तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में रायपुर गांव में रहने वाले भूपेंद्र चौहान ने बताया कि वह बिल्लू ट्रक मार्केट में पीजी किराये पर लेकर संचालित करते हैं। रविवार को रात साढ़े ग्यारह बजे उनके चचेरे भाई निखिल से अमित चौहान ने शराब के नशे में गाली गलौज की औरजान से मारने की धमकी दी।

निखिल ने पीजी पर आकर पूरी बात अपने भाई को बताई। भूपेंद्र ने जब अमित को फोन कर निखिल के साथ गाली गलौज करने की वजह पूछनी चाही तो उसने फोन काट दिया। कुछ ही देर बाद अमित चौहान अपने भाई ललित चौहान और सुमित चौहान के साथ पीजी के बाहर आया। उसके साथ कुछ अज्ञात लोग भी थे। आरोपियों ने आते ही पीजी संचालक और उसके भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने लात घूसों से इस कतर दोनों को पीटा कि निखिल के गले की चेन और उसकी मोबाइल टूट गई। किसी तरह भागकर पीजी संचालक और उसके भाई ने जान बचाई। दोनों के शोर मचाने पर जब आसपास के लोग मौके पर एकत्र होने लगे तब आरोपी वहां से भागे। पुलिस जल्द ही नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

# आधे घंटे तक हॉस्पिटल की लिफ्ट में फंसे रहे लोग, मदद की लगाते रहे गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक निजी हॉस्पिटल में देर रात लिफ्ट बीच में बंद होने का मामला वायरल हो रहा है। लिफ्ट में 16 लोग करीब आधे घंटे तक अंदर फंसे रहे। लोगों का आरोप था कि कई बार हॉस्पिटल प्रबंधन और सुरक्षाकर्मियों से संपर्क किया गया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। लिफ्ट में बंद होने की घटना वायरल होने के करीब 30 मिनट बाद अस्पताल प्रबंधन के कुछ कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। चाबी से लिफ्ट का दरवाजा खोला और अंदर फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला गया। हालांकि गनीमत रही कि किसी की जान को खतरा नहीं हुआ।



गौतमबुद्ध नगर की गिनती उत्तर प्रदेश के हाईटेक शहर में होती है, लेकिन यहां पर आए दिन लोगों के लिफ्ट में फंसने की घटनाएं आम हो गई हैं। जिले में रोजाना किसी न किसी सोसाइटी व अन्य स्थानों पर लिफ्ट में फंसने की घटना सामने आती रहती है। सोमवार को भी देर रात ग्रेनो वेस्ट स्थित यथार्थ हॉस्पिटल में लिफ्ट में कमी आने के कारण 16 लोगों की जान आफत में पड़ गई। ऑटोमैटिक रेस्क्यू डिवाइस सिस्टम फेल होने से लिफ्ट दूसरी मंजिल पर अटक गई। लिफ्ट में डॉक्टर, मरीज, बच्चे, महिला, समेत करीब 16 लोग आधे घंटे तक मदद की गुहार लगाते रहे। कई बार हॉस्पिटल प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन 30 मिनट तक कोई मदद नहीं मिली। उसके बाद लिफ्ट में फंसने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला गया। उसके बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और फंसे लोगों को लिफ्ट से बाहर निकाला। घटना के बाद स्थानीय निवासी और मरीजों के परिजनों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोग सोशल मीडिया पर प्रशासन से अस्पताल पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## एनसीसी के शिविर में शारीरिक प्रशिक्षण दिया

**नोएडा।** सेक्टर-16ए स्थित एपीजे स्कूल में 31 उत्तर प्रदेश कन्या वाहिनी एनसीसी का दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-124 में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छह सौ एनसीसी कैडिट प्रतिभाग कर रहे हैं। शिविर के आठवें दिन मंगलवार को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ प्रारंभ हुआ। एनसीसी कैडिटों को शिविर में शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, हथियार की जानकारी, मेप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, टेंट पिचिंग, सिमुलेटर फायरिंग, फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही प्रतियोगी भावनाओं को विकसित करने के लिए पोस्टर मेंकिग और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, एक को लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना फेस 2 क्षेत्र में मंगलवार तड़के वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस फायरिंग के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि दूसरा बदमाश मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस का दावा है कि पकडा गया बदमाश शातिर लुटेरा और चोर है। सेंट्रल नोएडा डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि मंगलवार तड़के थाना फेस 2 पुलिस ककराला पुस्ता तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी पुलिस ने एक बाइक सवार दो व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया।



बदमाशों ने रुकने की बजाए बाइक मोड़कर सोरखा की तरफ भागने लगे। इस पर पुलिस टीम ने उनका पीछा शुरू कर दिया। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

**जवाबी कार्रवाई में बदमाश के लगी गोली:** डीसीपी ने बताया कि इस पर पुलिस जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका साथी मौके से भाग निकला। पकड़े गए घायल बदमाश की पहचान प्रिंस कुमार निवासी ग्राम पचिया, थाना नारदीगंज, जिला नवादा बिहार के रूप में हुई है। आरोपी वर्तमान में नोएडा के सलारपुर गांव में रह रहा था।

**दूसरे बदमाश की तलाश में कांबिंग जारी:** पकड़े गए बदमाश के कब्जे से 1 तमंचा, 1 जिंदा कारतूस, 1 खोखा कारतूस .315 बोर, घटना में प्रयुक्त बाइक, चोरी के 4 मोबाइल फोन बरामद हुए है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। बदमाश का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग गया जिसकी तलाश में कॉम्बिंग की जा रही है। पकड़े गए बदमाश का अन्य आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

## ऑटो की टक्कर से छात्रा घायल

**नोएडा।** सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय के पास तेज रफ्तार ऑटो के चालक ने छात्रा को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़िता के भाई ने ऑटो चालक के खिलाफ सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया है। दिल्ली के न्यू अशोक नगर निवासी पुर्णेन्दु शर्मा ने बताया कि उसकी 36 वर्षीय बहन निमिषा शर्मा एमिटी विश्वविद्यालय में पढ़ाई करती है। रोजाना की तरह सोमवार को भी वह घर से विश्वविद्यालय जा रही थी। सुबह आठ बजकर 50 मिनट पर वह विश्वविद्यालय के गेट नंबर चार पर आने के लिए सड़क पार कर रही थी।

तभी स्मार्टवर्क चौराहे की तरफ से तेज रफ्तार से आए ऑटो के चालक ने उसको टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा के सिर और पैर में गंभीर चोट आई।

## एक नजर

### पीजीआई में छेड़छाड़ के आरोप के बाद कर्मचारी सड़कों पर

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब जांच के लिए आई 17 वर्षीय किशोरी ने वहां के एक टेक्नीशियन पर छेड़छाड़ का आरोप लगा दिया। घटना रविवार की है। सूचना मिलते ही सेक्टर-20 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी टेक्नीशियन वारिस को हिरासत में लेकर थाने ले गई।

पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों की जांच कर रही है। इस बीच, किशोरी के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

धरने पर बैठे 250 से अधिक कर्मचारी टेक्नीशियन वारिस की गिरफ्तारी की खबर जैसे ही अस्पताल परिसर में फैली, अस्पताल के तकनीकी कर्मचारियों और करीब 250 नर्सिंग स्टाफ ने काम बंद कर दिया और अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का आरोप है कि पुलिस ने वारिस को ड्यूटी के दौरान जबरन उठाया और अस्पताल प्रशासन ने भी कोई समर्थन नहीं किया। वारिस के सहकर्मी और टेक्निकल ऑफिसर हिमांशु पांडे ने कहा, "हम पिछले 10 वर्षों से साथ काम कर रहे हैं। वारिस पर इस तरह का कोई आरोप पहले कभी नहीं लगा। वो एक ईमानदार और जिम्मेदार कर्मचारी है। यह एक झूठा और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगता है। पुलिस ने उसे रातभर थाने में बैठा रखा जबकि कोई ठोस सबूत भी सामने नहीं आया है।"

**कर्मचारियों की मांग:** निष्पक्ष जांच और तुरंत रिहाई अस्पताल स्टाफ का कहना है कि जब तक वारिस को रिहा नहीं किया जाता और मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। कर्मचारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि वे न्याय चाहते हैं, न कि किसी अपराध को ढंकना, लेकिन बिना पुख्ता सबूत के किसी कर्मी को हिरासत में लेना अन्यायपूर्ण है।

मरीज हो रहे परेशानधरने के कारण कई रूटीन जांच और सेवाएं बाधित हो रही हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, अस्पताल प्रशासन अब तक इस मसले पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दे पाया है जिससे कर्मचारियों में नाराजगी और अधिक बढ़ गई है।

### यीडा की आवासीय भूखंड योजना में मिले 54 हजार से ज्यादा आवेदन

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना प्राधिकरण की योजना में 276 भूखंडों का 54384 आवेदकों के बीच फैसला होगा। यीडा की 21 जून को समाप्त हुई भूखंड योजना में मिले आवेदकों की जांच शुरू कर दी गई है। लाटरी से पहले आवेदकों की सूची प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। योजना की लाटरी 11 जुलाई को निकाली जाएगी।

यमुना प्राधिकरण ने चालू वित्त वर्ष की पहली भूखंड योजना 21 अप्रैल को निकाली थी। योजना में सेक्टर 18 में दो सौ वर्गमीटर के 276 वर्गमीटर के भूखंड शामिल हैं। इसमें सामान्य वर्ग के लिए भूखंडों की संख्या 214, किसान कोटे के लिए 48 व क्रियाशील उद्योग के लिए 14 भूखंड आरक्षित हैं।

प्राधिकरण ने इस बार आवासीय श्रेणी के लिए आवंटन दरों में काफी अधिक बढ़ोतरी करते हुए 35 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर की थी। इस वजह से योजना में आवेदनों की संख्या कम होने की आशंका थी।

योजना से प्राधिकरण को 10 प्रतिशत पंजीकरण राशि के रूप में 34 अरब 8 करोड़ 90 लाख 90 हजार 600 रुपये में मिल चुके हैं। इसमें आवेदन पत्रों की बिक्री से ही प्राधिकरण को 3 करोड़ 71 लाख 70 हजार 600 रुपये मिले हैं।

सफल आवेदकों को छोड़कर अन्य आवेदकों की पंजीकरण राशि लाटरी के बाद वापस कर दी जाएगी। यीडा सीईओ डा. अरुणवीर सिंह का कहना है कि लाटरी तय तिथि पर निकाली जाएगी। इससे पहले आवेदकों की अंतिम सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

### लीकॉम कंपनियां ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क सेवा करें बेहतर : डीएम

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन के अंतर्गत ऑप्टिकल फाइबर के माध्यम से ग्राम पंचायतों तक उच्च वैण्डवियन की इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में डिस्ट्रिक्ट लेवल टेलीकॉम कमेटी की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए कमेटी के सभी सदस्यों को निर्देशित किया कि नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन के अंतर्गत जनपद की समस्त ग्राम पंचायत में इंटरनेट कनेक्टिविटी बेहतर तरीके से उपलब्ध कराने हेतु अपनी-अपनी कार्य योजना बनाते हुए मिशन को क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारीगण आपसी समन्वय बनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे कर ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करें, जहां पर इंटरनेट कनेक्टिविटी कमजोर है, ताकि वहां की इंटरनेट कनेक्टिविटी बेहतर की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन को सफल बनाने में टेलीकॉम कंपनियों के महत्वपूर्ण भूमिका है, सभी कंपनी अपनी अपनी योजना तैयार करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएं।

## प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में घुसकर कर्मियों पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-तीन स्थित प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में घुसकर महिला-पुरुष कर्मियों को लाठी-डंडों से पीटने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। प्रॉपर्टी डीलर की ओर से दंपति और उसके पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ फेज-वन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आनंद सिंह नागर ने पुलिस को बताया कि वह जेडीएस ग्रुप के मालिक हैं। कंपनी का कार्यालय सेक्टर-तीन में है। कंपनी द्वारा 200 गज का भूखंड सेक्टर-पांच स्थित हरौला निवासी प्रीतम नामक व्यक्ति को दिया था।

भूखंड के आठ लाख 40 हजार रुपये अब तक प्रीतम पर बकाया है। वह जबरन बिना संपूर्ण भुगतान किए भूखंड पर काबिज होना चाहता है। आरोप है कि 22 मई की शाम प्रीतम, उसकी पत्नी, बेटा और एक अज्ञात व्यक्ति उनके कार्यालय पर आ धमके। आरोपियों के हाथ में लाठी और डंडे थे। आरोपियों ने कार्यालय में तैनात महिला और पुरुष कर्मियों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि यदि उन्हें भूखंड पर जल्द कब्जा नहीं मिला तो वह जान से मार देंगे। स्थानीय लोगों के पहुंचने पर आरोपी भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नई कार्यकारीणी ने पदभार ग्रहण किया

**नोएडा।** सेक्टर-33 में अग्रवाल मित्र मंडल की नई कार्यकारीणी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, महासचिव सुशील सिंघल और कोषाध्यक्ष पद पर अनुज गुप्ता को चुना गया। मंगलवार को नई कार्यकारीणी ने अपना पदभार ग्रहण किया। चुनाव अधिकारी बलराज गोयल की देखरेख में चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष पद पर मूलचंद गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, विपिन अग्रवाल, सचिव पद पर नेत्रपाल अग्रवाल, गिरराज कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र गर्ग, सह कोषाध्यक्ष पद पर विकास जैन मित्तल, सह सचिव पद पर मनोज अग्रवाल, मनोज गोयल, राजेश कुमार अग्रवाल चुने गए। वहीं कार्यकारणी सदस्य पद पर राधेश्याम गोयल, गिरीश कुमार अग्रवाल, अमित कुमार सिंगल, सचिन मित्तल, सुभाष गर्ग को सर्व सम्मति से निर्विरोध चुना गया।

## करंट की चपेट में आकर इलेक्ट्रीशियन की मौत बिल्डर पर लापरवाही का आरोप, खुले पड़े हैं तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में तिलपता गोलचक्कर स्थित अंसल गोल्फ लिंक-2 हाउसिंग सोसायटी में सोमवार शाम एक इलेक्ट्रीशियन की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम सिकंदरपुर थाना अकबरपुर कानपुर देहात के रहने वाले जयदेव (30) के रूप में हुई है। वह बीते 10 वर्षों से सनराइज एस्टेट मैनेजमेंट कंपनी में बतौर इलेक्ट्रीशियन कार्यरत था। हादसे के बाद से परिजन और सोसायटी के लोगों में गहरा रोष है। उन्होंने बिल्डर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

कोतवाली पुलिस का कहना है कि घटना के वक्त जयदेव सोसायटी में स्थित एक विद्युत पैनल में आई खराबी को ठीक कर रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे आनन-फानन में पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मामले में अबतक तहरीर नहीं मिली है पीड़ित परिवार की तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**पैनल बॉक्स जर्जर, खुले पड़े हैं बिजली के तार:** जयदेव अपनी पत्नी सोनम और दो बच्चों के साथ अंसल गोल्फ लिंक-2 में ही रह रहा था। हादसे के बाद उसकी पत्नी और स्थानीय निवासियों ने बिल्डर अंसल व कंपनी पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी ने बताया कि हादसे के वक्त कंपनी का मैनेजर, सोसायटी का माली और कुछ अन्य लोग उसे निजी कार से अस्पताल लेकर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही मैनेजर कार से उतरकर भाग गया। कंपनी व बिल्डर दोनों ही जयदेव की मौत के लिए जिम्मेदार हैं।

सोसायटी के निवासियों का कहना है कि कई बार बिल्डर को सोसायटी की जर्जर विद्युत व्यवस्था के बारे में अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की। पैनल बॉक्स जर्जर हैं और कई जगह बिजली के तार खुले में पड़े हैं। जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। इलेक्ट्रीशियन को अक्सर बिना सुरक्षा उपकरणों के ही काम करने के लिए मजबूर किया जाता है।

# सरकारी अस्पतालों में दवाएं व मेडिकल उपकरण सदैव उपलब्ध रहें: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज कैंप कार्यालय सेक्टर 27 नोएडा के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनसामान्य को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।

जिला अधिकारी ने आयुष्मान भारत, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, ई-कवच, ई-संजीवनी, नियमित टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य आदि कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अधिकारियों और चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी




अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहकर योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी तत्परता से कार्य करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अब तक की प्रगति से जिला अधिकारी को अवगत कराया। समीक्षा के दौरान ब्लॉकवार रैंकिंग में कुछ स्थानों पर अपेक्षित प्रगति न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए।

बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण अभियान की प्रभावी मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए। सैम-मैम बच्चों को समय से पोषाहार और दवाएं उपलब्ध कराने के साथ उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच कराते रहने को कहा गया। जिलाधिकारी ने संपूर्ण टीकाकरण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही यह भी कहा कि जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में दवाइयों और आवश्यक चिकित्सीय उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहनी चाहिए।

इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, डीपीएम मंजीत कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारीगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्रेटर नोएडा में 40 औद्योगिक भूखंड की योजना लांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 40 औद्योगिक भूखंडों की योजना 26 मई से लांच कर दी गई है। स्कीम के ब्रोशर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। इन 40 भूखंडों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को रिजर्व प्राइस से भी करीब 400 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। इन औद्योगिक भूखंडों का आवंटन ऑक्शन के जरिए होगा। इनका आवंटन होने से 800 करोड़ रुपये का निवेश होने और 10 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर औद्योगिक विभाग ने 40 भूखंडों की योजना लांच कर दी है। इस योजना के जरिए लगभग 40 एकड़ जमीन आवंटित की जाएगी। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि ये 40 भूखंड ईकोटेक-11, उद्योग केंद्र एक्सटेंशन-01 ईकोटेक-3, ईकोटेक-6, सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन, ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन, उद्योग विहार एक्सटेंशन ईकोटेक-2 में स्थित हैं। ये भूखंड 627 वर्ग मीटर से लेकर 8000 वर्ग मीटर तक हैं। सोमवार से ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट .हतमंजमत. दवपकंनजीवतपजल.पद और वेब पोर्टल हदपकं.मजमदकमत.इप पर ब्रा.शर उपलब्ध हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 जून 2025 है। ऑक्शन की तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी इसका लिंक दिया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक निवेश के केंद्र के रूप में उभरा है। उद्यमियों की मांग व जरूरत को देखते हुए स्कीम लांच कर दी गई है।

## भारत देश में नारी सशक्तिकरण का प्रेरणा है रानी अहिल्याबाई होल्कर: स्मृति ईरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में 21 मई से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 31 मई तक चलेगा। इसी क्रम में आज ग्रेटर नोएडा स्थित एक कालेज में छात्रों के बीच संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी, विशिष्ट अतिथि में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशोदिया, सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, विधायक मास्टर तेजपाल नागर, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

संगोष्ठी में स्मृति ईरानी ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा करने के लिए भारत की वीरांगनाओं ने पीठ पर छोटे बच्चे के साथ युद्ध के मैदान में उतरा। घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मीबाई ने युद्ध लड़ा। उन्होंने रानी अहिल्या बाई होल्कर के विषय में कहा कि उन्होंने एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर राजमाता के पद को मन, वचन और कर्म से सुशोभित किया। उन्होंने अपने जीवनकाल में अनके मंदिरों एवं घाटों का जीर्णोद्धार कराया। जिसमें काशी विश्वनाथ मंदिर के साथ-साथ काशी, मथुरा और अयोध्या में अनेक मंदिर घाट, प्याऊ तालाब सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रानी अहिल्याबाई के धार्मिक आचरण, न्यायप्रिय नेतृत्व और जनसेवा को समर्पित जीवन दर्शन पर आधारित विचार को जनता तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। रानी अहिल्याबाई का नारी सशक्तिकरण, धर्म-निष्ठा एवं लोक कल्याण के प्रति समर्पण आज भी हमें समाज सेवा की प्रेरणा देता है।

# गंदगी मिलने पर कॉन्ट्रैक्टर पर दो लाख का जुर्माना

### एक हफ्ते में सफाई व्यवस्था ठीक ने होने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने मंगलवार को औद्योगिक सेक्टर इकोटेक थ्री स्थित ट्वॉय सिटी और हबीबपुर व डेरीन गांव में छह फीसदी आवासीय भूखंड एरिया में विकास कार्यों और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं दिखी, जिसके चलते एसीईओ ने संबंधित फर्म बिमलराज कॉन्ट्रैक्टर पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने पर संबधित सफाई उपनिरीक्षक और सुपरवाइजर का वेतन रोकने का आदेश दिया है। एसीईओ ने चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा और सफाई उपनिरीक्षक



और सुपरवाइजर की प्राधिकरण में सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सभी अफसरों को विकास कार्यों की गुणवत्ता परखने के लिए नियमित रूप से भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने मंगलवार सुबह औद्योगिक सेक्टर इकोटेक थ्री स्थित ट्वॉय सिटी और हबीबपुर व डेरीन गांव में छह फीसदी आवासीय भूखंड एरिया में विकास कार्य और सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंची। उन्होंने विकास कार्यों के साथ ही साफ-सफाई का भी जायजा लिया। भ्रमण के दौरान एसीईओ को कई जगह गंदगी दिखी। कूड़ा नियमित रूप से नहीं उठाया जा रहा था, जिस पर एसीईओ ने प्राधिकरण के संबंधित स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई। एसीईओ ने बिमलराज कॉन्ट्रैक्टर पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया और प्राधिकरण के सफाई उपनिरीक्षक और सुपरवाइजर का वेतन रोकने का आदेश दिया।

एसीईओ ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। दोबारा निरीक्षण के दौरान ऐसी खामीं दिखी तो फर्म को ब्लैक लिस्ट करने और प्राधिकरण के सफाई उपनिरीक्षक व सुपरवाइजर की सेवा समाप्त करने की चेतावनी दी है।

## ग्रेटर नोएडा में स्कूल बस कंडक्टर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में एक स्कूल बस कंडक्टर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुकेश कुमार के रूप में हुई है। वह सर्वोत्तम इंटरनेशनल स्कूल की बस में कंडक्टर के पद पर कार्यरत था।

घटना दोपहर की है जब स्कूल स्टाफ ने पार्किंग फुल होने के कारण बस को स्कूल के बाहर सड़क पर खड़ा किया। बस से खराबी की आवाज आने पर चालक ने मुकेश को नीचे जाकर जांच करने को कहा। जैसे ही मुकेश बस के नीचे गया, चालक ने अचानक वाहन चला दिया। इस दौरान मुकेश बस के नीचे आ गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक के चाचा सचिन पाल ने स्कूल प्रशासन और बस चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इनकी लापरवाही के कारण ही यह हादसा हुआ।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# बाढ़ से बचाव को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने बाढ़ से बचाव के लिये जनपद स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से अपने-अपने विभाग की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें बाढ़ का इंतजार नहीं करना है बल्कि बाढ़ आने से पूर्व ही आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेना है। जिससे बाढ़ के समय लोगों को कम से कम हानि हो।

उन्होंने सभी अधिकारियों से पूर्व में बाढ़ से प्रभावित लोगों तथा पशुओं का डाटा संग्रहीत करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि डाटा संग्रहण से तैयारियों को बेहतर रूप दिया जा सकेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों के मोबाइल नंबर इकट्ठा करने तथा स्थानीय स्तर पर बैठक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान आवश्यक उपयोगी उपकरण जैसे लाइव जैकेट आदि को पहले ही खरीद कर रख लिया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका गढ़ से जल निकासी के लिए आवश्यक उपकरण जैसे मोटर, मोटर पंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की बाढ़ से निपटने के लिए एक उच्च सुविधाओं से युक्त कंट्रोल रूम की स्थापना हर हालत में कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से जनपद स्तर पर बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक की जा रही है। इसी प्रकार स्थानीय स्तर पर भी एक संयुक्त बैठक का आयोजन कर लिया जाए। बैठक का संचालन आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने किया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# जुआरियों पर पुलिस का शिकंजा, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने जुआ खेलते हुए तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से नकदी व ताश के पत्ते बरामद किए गए है। बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं जुआरी व सटेबाजों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए तीन जुआरीयों को ग्राम सिकन्दरपुर भट्टे के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 2050 रुपये की नकदी व 52 ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। जुआरीयों की पहचान गुड्डू पुत्र राजेन्द्र, करन पुत्र धर्मपाल, प्रिंस पुत्र चन्दू निवासी ग्राम करीमपुर थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जुआरीयों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




# रकम दोगुनी का लालच देकर 90 लाख की ठगी, पीड़ितों ने थाने पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव असौड़ा में रकम दोगुनी करने के नाम पर लगभग 90 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने एक व्यक्ति पर ठगी करने का आरोप लगाते हुए थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

ग्रामीणों ने थाने पर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने रकम दोगुनी करने का लालच दिया। जिसके झांसे में आकर कई ग्रामीणों ने अपनी मेहनत की कमाई आरोपी को सौंप दी। आरोप है कि आरोपी ने एक समिति के नाम पर लोगों रूपये लेकर 90 लाख रुपये की ठगी की। पीड़ितों का कहना है कि जब उन्होंने आरोपी से रूपये वापसी लेने का समय आया तो आरोपी 24 मई 2025 को बिना किसी को सूचित किए गांव छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने आरोपी के रिश्तेदार पर भी इस धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उनके पैसे वापस दिलाने की मांग की है। थाना देहात प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि संबंधित मामले में तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।



# डीएम ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 योजना के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा डीएम को अवगत कराया गया कि गत बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्य किया जा रहा है। डीएम ने एसजीएलआर प्रणाली लागू किए जाने तथा एसएलडब्ल्यूएम के अंतर्गत आरआरसी निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में पंचायत भवन का निर्माण होना है तथा जहां पर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो पाई है। वहां के संबंधित उप जिला अधिकारियों को पत्र के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायत को प्राप्त क्रेडिट लिमिट के सापेक्ष व्यय की गई क्रेडिट लिमिट की जानकारी जिला पंचायत राज अधिकारी से प्राप्त की। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने डीएम को अवगत कराया कि ग्राम पंचायत को प्राप्त क्रेडिट लिमिट के सापेक्ष व्यय की गई। धनराशि के उपरांत अवशेष क्रेडिट लिमिट मिशन निदेशालय से प्राप्त होने का उपरांत ग्राम पंचायत को निर्धारित कर दिया जाएगा स डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि चिन्हीकृत पेरीअर्बन ग्रामों की सूची तैयार कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत विकास खंडवार प्राप्त नए पात्र लाभार्थियों की सूची के अनुसार उनकी प्रथम एवं द्वितीय किश्त की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी, जिला विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित आधिकारी मौजूद रहे।



# ग्राम प्रधान पर गाँव में साफ-सफाई न कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव उबारपुर के ग्रामीणों नें ग्राम प्रधान पर गाँव की साफ सकाई व गाँव मे कुछ भी काम नहीं करने के आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और ग्राम प्रधान के खिलाफ विरा. ध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि पहले प्रधानो नें गाँव मे काफी काम कराया है लेकिन वर्तमान प्रधान नें गांव में साफ सफाई के साथ ही सडके तक नहीं बनवाई। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम प्रधान ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं दिलवाया है और न ही सरकार की किसी भी योजना का लाभ दिलवाया। जिसको लेकर ग्राम प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और प्रशासन से गांव में विकास कार्य कराने की मांग की। इस मौके पर कृष्ण देवी, मंतेश देवी, अर्जुन, हिमांशु, संजू, दीपक आदि मौजूद रहे।



# ज्येष्ठ अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के तीर्थनगरी बृजघाट में ज्येष्ठ अमावस्या पर भारी संख्या में दूर-दूर के राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डूबकी लगाई।

ज्येष्ठ अमावस्या को बट अमावस्या के रूप में भी मनाया जाता है। बट अमावस्या पर महिलाओं द्वारा बट वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। मान्यता है कि आज के दिन मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है और पापों से मुक्ति मिलती है। बृजघाट में गंगा में स्नान करने के लिए दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान सहित यूपी के कई जनपदों के भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। जिनकी सुरक्षा के लिए प्रशासन की तरफ से भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं को गंगा स्नान करते समय किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसके लिए सुरक्षाकर्मी और नाविको की तैनाती की गई है। इसके साथ ही गोताखोरों को भी तैनात किया जाता है। मान्यता है कि गढ़ गंगा में स्नान करने से मन को सुख की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही पितरों की आत्मा को भी शांति मिलती है। जिन लोगों के घरों में मृत्यु हो जाती है वह लोग अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पूजा पाठ करते हैं और गंगा स्नान करते है।



## एक नजर

### अवैध रुप से चाकू रखने के मामले में न्यायलय ने दोषी को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानजय सिंह के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध रुप से चाकू रखने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2005 में आरोपी लोकेश द्वारा अवैध रुप से चाकू रखने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना बहादुरगढ पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को न्यायलय द्वारा लोकेश पुत्र रामपाल निवासी मौहम्मदपुर रुस्तमपुर थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ को अवैध रुप से चाकू रखने के मामले में दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बितायी गयी अवधि 7 दिवस व 1,000 रुपये के अर्थदण्ड़ से दण्डित किया गया है।

### 32 साल पुराने मोटर साइकिल लूट के मामले में न्यायलय ने सुनाया फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा मोटर साइकिल लूट करने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 1993 में आरोपी सलीम द्वारा मोटर साइकिल लूट करने की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना बाबूगढ़ पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को न्यायालय द्वारा साक्ष्यों और गवाहो के आधार पर मोटर साइकिल लूट करने के मामले में सलीम पुत्र उमरतुल्ला निवासी ग्राम भमेड़ा थाना बाबूगढ जनपद हापुड़ को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गई अवधि 38 दिवस, न्यायालय उठने तक की सजा व 100 रुपये के अर्थदण्ड़ से दण्डित किया गया है।

### युवक की हत्या का प्रयास करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के गांव गांवड़ी निवासी महिला ने गांव निवासी युवकों पर बेटे की हत्या का प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके बेटे को मरा समझ आरोपी शमशान घाट मे फेंक कर फरार हो गए। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी अनिता ने बताया कि उसका बेटा बादल ब्रजघाट स्थित एक टेंट की दुकान पर काम करता है। जबकि वह भी मजदूरी करती है। पीड़िता ने बताया कि सोमवार को उसको सूचना मिली की उसका बेटा घायल अवस्था में गंगा जी के किनारे श्मशान घाट में पड़ा हुआ है। सूचना पर वह मौके पर पहुंची और घायल बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ लाठी डंडे से हमला कर उसको घायल कर दिया। उनकी पिटाई से वह बेहोश हुआ तो आरोपी उसको मृत समझ कर उसको वहां फेंक कर फरार हो गए। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू की 61 वीं पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को कांग्रेसी अतरपुरा चौराहा स्थित नेहरू प्रतिमा पर इकट्ठा हुए। जहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने देश के प्रथम व् पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की 61 वीं पुण्यतिथि मनाई।

कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और नम आंखों से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राक. ेश त्यागी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू को याद करते हुए कहा कि नेहरू जी आधु. निक भारत के निर्माता थे। जिस देश में सुई नहीं बनती थी। उस देश में रेल, भेल, सड़क, बांध, इसरो और हवाई जहाज बनाने का काम नेहरू जी के कार्यकाल में कांग्रेस की सरकार ने किया। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने भारत को सोने की चिड़िया बनाने का सपना देखा था। यह नेहरू जी की सोच थी, जिसकी बदौलत आज भारत का डंका पूरे विश्व भर में बज रहा हैं। सड़क से लेकर बिजली बनाने का काम नेहरू जी के कार्यकाल में शुरू हो चुका था। कांग्रेसी पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू जी के विचारों, सिद्धांतों और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर अरविंद शर्मा, सैयद अयाजुद्दीन, दिनेश चन्द शर्मा, अभिषेक गोयल, रामप्रसाद जाटव, मदन सिंह चौहान, रवींद्र गुर्जर, मुंशी हबीब, मोहम्मद परवेज, प्रवीण शर्मा, पंकज शर्मा, कपिल शर्मा, मनोज शर्मा, राहुल शर्मा व अंकुर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# विजिलेंस टीम ने ग्रामीणों पर लगाया जानलेवा हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पलवाड़ा में चेकिंग करने गई ऊर्जा निगम की विजिलेस टीम के साथ ग्रामीणों ने अभद्रता करते हुए जानलेवा हमला किया। इस दौरान सरकारी कार्य में भी बाधा डाली। ऊर्जा निगम के अवर अभियंता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। ऊर्जा निगम के अवर अभियंता राजन कुमार ने बताया के उच्च अधिकारियों के आदेश पर वह विजिलेस टीम के साथ बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव पलवाड़ा में बिजली चेकिंग करने के लिए गए थे। वहां टीम द्वारा सलीम के सामने उसके घर पर बिजली चेकिंग की गई। चें. कंग के दौरान देखा गया कि केबिल कटा हुआ था और चोरी से बिजली से चलाई जा रही थी। इसको रोकने की बात कहीं तो सलीम ने अपने साथी सद्दन, आजाद, सबुकता, तसलीम, अल्लू, सब्बो, अकीला, सोहिल समेत अज्ञात ने टीम के साथ अभद्रता की। विरोध किए जाने पर आरोपियों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान आरो. पियों ने सरकारी कार्यों में बाधा डालते हुए सरकारी कागज और मोबाइल फोन भी छीनने का प्रयास किया। पुलिस को देख कर आरोपी वहां से फरार हो गए। पीड़ित अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बैंक में घुसकर छिनी 52 हजार की नकदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ के गांव लोदीपुर निवासी कुलदीप ने बताया कि वह पड़ोसी गांव ढाना में रुपये जमा करने के लिए गया था। उसने कुछ रूपये बैंक में जमा कर दिए। पीड़ित ने बताया कि उसके बाद गांव निवासी तीन युवक वहां आए और उसके साथ गाली गलौज। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ पिटाई कर घायल करते हुए 52 हजार रुपये छीन लिए। वहीं दूरी पक्ष का आरोप है कि उनके उधार के रुपये मांगने पर आरोपी झूठे आरोप लगा रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पार्किंग कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं के साथ की अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट गंगा नगरी स्थित पार्किंग में समय समय पर होने वाले विरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई। वायरल वीडियो में गंगा नगरी स्थित पार्किंग में कर्मचारी श्रद्धालुओ से अभद्रता करते हुए नजर आए। जिसमें काफी कहा. सुनी हो रही थी। वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बैरिकेडिंग की व्यवस्था न होने पर गंगा में स्नान करते डूबे छह श्रद्धाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** खादर क्षेत्र के कच्चे घाट पर गंगा स्नान करने के दौरान महिला बच्चे समेत छह लोग गहरे पानी में स्नान करने के दौरान डूब गए। गनीमत रही के समय रहते गोताखोरों ने सभी को सकुशल बचा लिया।

मंगलवार को ज्येष्ठ वट अमावस्या का स्नान किया गया। स्नान करने के लिए श्रद्धालु ब्रजघाट के अलावा खादर स्थित कच्चे घाट पर पहुंच गए। यहां पर स्नान करने के दौरान अलग अलग स्थानों से एक महिला बच्चे समेत छह लोग गंगा की जलधारा में डूब गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शोर मचाया तो वहां मौजूद दीपचंद केवट ने अन्य गोताखोरों के माध्यम से सभी को सकुशल बचा लिया। श्रद्धालुओं का कहना है कि हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां गंगा स्नान करने के लिए आते है, लेकिन सुविधा के नाम पर यहां खाना पूर्ति की गई है। उन्होंने बताया कि गंगा में बैरिकैड्स की भी सुविधा नहीं है।

# मथुरा में जन्मे कन्हैया, गोकुल में बाजै बधैया पंचम दिवस का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पंचम दिवस के दिन प्रात: बैदिक रीति अनुसार कथा के एक दिवस के यजमान रहे शिखा बिपिन गुप्ता बिनायका ने आचार्य जितेन्द्र कृष्ण व बाबुल नाथ के सानिध्य में नवगृह पूजन एवं भगवान कृष्ण का सपरिवार उपस्तिथ होकर अभिषेक किया एवं सायं कथा के सत्र का आरम्भ हनुमान चालीस पाठ कर किया गया। जिसमें वृन्दावन के बिख्यात कथा बाचक पवन देव चतुर्वेदी व्यास महाराज द्वारा भगबान के परम भक्त प्रहलाद के बंशज राजा बलि के प्रसंग को सुनाया। भगबान देव हित के लिऐ राजा बलि को भगवान बामन बनकर छलने आये पर स्वंय उसकी भक्ति देख सदा के लिऐ उसके द्वार रक्षक बन गये आगे कथा में सूर्यबंश की उत्पत्ति का बर्णन हुआ और मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के चरित्र को भक्तो ने भावुक होकर सुना एवं चन्द्र बंश में सूरसेन पुत्र बसुदेव के भगवान पुत्र बनकर कंस जेल में आते है और बसुदेव द्वारा बाल रूप मे अबतरित जगतस्वामी को मां यशोदा के गोद में छोडकर आने की कथा का लाभ भक्तो ने लिया। इस मौके पर गीता गुप्ता, शिखा विपिन गुप्ता विनायका, नेहा गुप्ता, नवीन गुप्ता कार्यक्रम संयोजक, चंचल, अंकुर गर्ग, तनिष्क, तुषार, तान्या विमल वर्मा, कमल वर्मा, अंकुर गर्ग सोनू, अंजलि रवि गर्ग, विवेक सिंघल चुन्ना, अनिल टोपी, तनिष्क गुप्ता आदि उपस्थित रहें।



## आवश्यकता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# खनन माफियाओं के हौसले बुलंद बेखौफ चीरा जा रहा है धरती का सीना

**■ खुलेआम चल रहे हैं डम्फर और जेसीबी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** खनन माफियाओं के हौसले दिनों दिन बढ़ रहे हैं। खनन विभाग मूकदर्शक बनकर यह सब देख रहा है। थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा कालोनी निर्माण कार्यों के लिए प्रतिदिन 700 से 800 ट्रॉली मिट्टी जेसीबी मशीन से खुदाई कर मंगाई जा रही है। इस कार्य में करीब 20 डम्फर व ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगी हुई हैं, जो दिनभर मिट्टी की अवैध ढुलाई कर रही हैं।

इन खनन माफियाओं का नाम दीपक व अफसर प्रकाश में आया है। क्षेत्र में खनन माफिया के बढ़ते रसूख के आगे प्रशासन का कद बौना लगने लगा है। क्योंकि अब खनन माफिया रात के अंधेरे का इंतजार नही करते बल्कि दिन में ही प्रशासन की सेटिंग से अवैध खनन धड़ल्ले चालू है। रात्रि व दिन को जेसीबी मशीन से खनन किया जा रहा है। दिन में इसका बाजार गुलजार हो रहा। क्षेत्र वासियों में चर्चा है कि खनन माफिया के तार अधिकारियों से जुड़े हुए है। मानों किठौर क्षेत्र में तो खनन माफिया अपना साम्राज्य स्थापित कर लिए हैं। या फिर यूं कहा जाए कि प्रशासन के समांतर ही अपना एक निजाम तैयार कर लिया है जिसके आगे न सिर्फ स्थानीय पुलिस प्रशासन बल्कि जिले में बैठे हुए जिम्मेदार आला अधिकारी भी बेबस हो गए हैं। खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि स्थानीय लोगों को इससे निजात पाने के लिए कोई उपाए नही सूझ रहा है। स्थानीय प्रशासन खनन स्थल तक तो पहुंचता है लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजकर ही जिम्मेदारी का निर्वहन पूरा कर लिया जाता है। दिन व रात में जेसीबी मशीनों से बालू और मिट्टी का खनन और दिन के उजाले में उसे बेचकर प्रशासन को चुनौती दी जा रही है। लेकिन प्रशासन को न तो खनन नजर आ रहा है और न ही इसे करने वाले लोग। नतीजा ग्रामीणों में फिर एक बार प्रशासन के प्रति आक्रोश है। यह आक्रोश किस रूप में सामने आता है यह तो भविष्य में हीं पता चलेगा। एसडीएम का कहना है कि कुछ लोगों को चिन्हित किया गया है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शीघ्र ही टीम बना कर यह काम शुरू होगा।

### दिन-रात होता है खनन

खनन माफिया की दबंगाई ऐसी है कि यह लोग दिन-रात मिट्टी की खुदाई कर कस्बे में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा काटी जा रही कॉलोनी का भराव किया जा रहा है। धड़ल्ले से चल रहे अवैध खनन की प्रशासन को खबर तक नहीं है। ऐसे में प्रशासन की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। वहीं लोगों में भी इस मामले को लेकर काफी रोष है।

# प्रेमी संग लाखों के गहने लेकर फरार हुई युवती, एसएसपी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम समसपुर से 5 दिन पूर्व एक लड़की को अमरसिंहपुर निवासी एक युवक लेकर फरार हो गया। एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम समसपुर निवासी एक लड़की को ग्राम अमरसिंह पुर निवासी सोनू पुत्र ब्रह्म सिंह ले गया जिसे लड़की अपने साथ लाखों रुपए व गहने भी ले गई काफी तलाशने पर लड़की का कोई सुराग नहीं मिलने पर वे थाने आए जहां उनकी सुनवाई नहीं हुई जिसके बाद दर्जनों महिला पुरुष मंगलवार को एसएसपी से मिले तथा कार्रवाई की मांग की एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पैसों के लेनदेन में प्रधान पुत्र से जमकर मारपीट दोनों पक्ष से एक महिला सहित चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सदरपुर में पैसे के लेनदेन को लेकर प्रधान पुत्र एवं ग्रामीण में कहासुनी को लेकर जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से प्रधान पुत्र तथा दूसरे पक्ष से एक महिला सहित चार लोग घायल हो गये। कुछ हीं देर बाद दोनों पक्ष थाने आ गये।

दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरा.प-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों की डाक्टरी परीक्षण कराने के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर आरा.प-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी है। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी इन्दू वर्मा ने बताया कि क्षेत्र गांव सदरपुर निवासी ग्राम प्रधान पुत्र सहदेव के 10 हजार रुपये गांव के ही प्रवीण कुमार को उधार दिये थे। एक वर्ष होने के बाद भी पैसे वापस नहीं दिये। सोमवार की देर रात्रि प्रवीण तथा रवि रास्ते में जा रहे थे। तभी सहदेव ने उनसे उधार दिये पैसे की मांग करने लगा, तो दोनों पक्षों में कहासुनी होने के बाद गाली गलौज शुरू हो गई। कुछ ही देर बाद प्रधान पुत्र सुशील भी आ गया जो नशे की हालत में था। उसने भी दूसरे पक्ष को जमकर लाठी डंडे से वार कर दिया। जिसमें प्रवीण, रविता घायल हो गयी। वहीं दूसरे पक्ष ने प्रधान पुत्र सुशील कुमार तथा सहदेव को भी लाठी डंडो से घायल कर दिया। कुछ देर बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गये। पुलिस ने दोनों की डाक्टरी परीक्षण कराने के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी।





# पार्टी की विचारधारा से लोगों को जोड़ने के लिए जाएं गांव-गांव: प्रदीप नरवाल

**■ संगठन सर्जन प्रोग्राम की समीक्षा बैठक में जुटे कांग्रेसी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को मेरठ में कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किए गए संगठन सर्जन प्रोग्राम की समीक्षा बैठक की गई व जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करी गई जिसमें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गौरव भाटी व संचालन महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने किया जिसमें प्रदीप नरवाल ने संगठन सृजन एवं संविधान बचाओ अभियान के तहत मेरठ मे हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर के जिला/शहर प्रभारी, निवर्तनमान प्रदेश के उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिवगण एवं नवनियुक्त सयोंजक एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित कर जिलेवार हर जिले के साथ अलग-अलग बैठक करी अपने संबा.धन में प्रदीप नरवाल ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर खासतौर पर ध्यान देते हुए यूपी में संगठन सर्जन अभियान की शुरुआत करी है जिसमें हमें शहर से लेकर देहात तक हर गली हर गांव में लोगों से जाकर मिलना है और उनको पार्टी की नीतियों के बारे में अवगत कराते हुए उन्हें पार्टी से जोड़ना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष गौरव भाटी, महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, पुरुषोत्तम नगर, नसीम कुरैशी, चौधरी यशपाल जी, विनोद मोगा, बदरुद्दीन कुरैशी, तुक्कीमल खटीक, प्रवीण चौधरी, बिजेंद्र यादव, दीपक भाटी चोटी वाला, इरफान कुरैशी, मुकेश यादव, संजीव शर्मा, उदयवीर त्यागी, शबी खान, डॉ. जफरुल्लाह, सय्यद रेहानुद्दीन, सपना सोम, अरुण कौशिक, उवैस अंसारी, विपिन सोनकर आदि मौजूद रहे।

# महिला समेत अवैध गांजा तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में गांजा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र में लंबे समय से चल रहा गांजे का कारोबार को पुलिस ने दो अवैध गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और चैकिंग के दौरान अजय उर्फ रोहटा फाटक पुत्र राज. कुमार निवासी शीतला माता मन्दिर के पास जवाहर और सलमा पत्नी दिलीप निवासी शीतला माता मन्दिर के पास जवाहर को गोल्ड कोस्ट कालोनी की पिछली निर्माणाधीन दीवार व टावर के पास से मय अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मुखबिर की सूचना के आधार पर छापा मारकर आरोपी को पकड़ा गया। बरामद गांजे की मात्रा 2660 ग्राम अवैध गांजा व 15 गांजे से भरी पुड़िया वजनी 75 ग्राम व 800 रुपये नगद बताई जा रहे है। जिसकी अंतर्राज्यीय तस्करी की जा रही थी। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

**मेरठ।** डीएम डॉ. वी.के. सिंह द्वारा आईटीआई साकेत तथा मार्शल पिच में ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। वेयर हाउस में रखी गयी ईवीएम मशीनो का विधान सभावार सुरक्षित होने सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस दौरान डीएम के साथ अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने लगाई जन चौपाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ब्लॉक परिसर में बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान ने क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनीं तथा निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को आदेश दिए। बिजनौर से रालोद सांसद चंदन चौहान मंगलवार को क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के लिए ब्लॉक परिसर में जनसुनवाई की जिसमें सैकड़ो लोग अपनी-अपनी समस्या को लेकर पहुंचे तथा लिखित में समस्याओं से अवगत कराया।

ग्राम नगला गोसाई की प्रधान सरिता सिंह व उनके पति भाजपा नेता चौधरी अरूण सिंह ने सांसद से गोवंशों से क्षेत्र के लोग परेशान है इसके लिए उनकी पंचायत में मिर्जापुर गौशाला की रकबा 26.267 हैक्टेयर भूमि पर सीलिंग है जो भूमि श्रेणी क में दर्ज है जिसमें पिछले दशकों से कोई भी गोवंश नहीं है तथा भूमि का प्रयोग भूमि माफिया कर रहे हैं उसे जमीन को कब्जा मुक्त कराकर उसमें गोवंश रखे जाएं। क्षेत्र से आए ज्यादातर लोगों ने नल खड़ंजे तथा बिजली के बिलों क्षेत्र में विकास कराने किसानों ने फसलों के लिए बिजली पूर्ति बढ़ाने की मांग की। वहीं सांसद चंदन सिंह चौहान ने कहा कि यह उनकी कर्मभूमि है सभी लोगों की समस्याओं का जल्द ही समाधान कराया जाएगा तथा क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख ब्रह्म सिंह व संचालन पूर्व प्रधानाचार्य पदमसैन मित्तल ने किया। इस मौके पर एसडीएम दीपक माथुर, बीडीओ राजेंद्र सिंह, मनोज शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोहनवीर, वरिष्ठ रालोद नेता रिशु बढला आसिफ सैफी महामंत्री संजीव शर्मा पंकज त्यागी, नरेंद्र धामा, मोहित भाटी, हर्षित, महावीर, शरद चैयरमैन, कामेश शाबे प्रधान सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सुभारती विवि को एजूकेशन टेक समिट में मिला उत्कृष्ट संस्थान का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को नई दिल्ली स्थित ताज पैलेस में आयोजित एजूकेशन टेक समिट में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने उत्कृष्ट संस्थान का सम्मान देकर सम्मानित किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के. थपलियाल को राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री ने शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में सुभारती विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय प्रगति और योगदान की प्रशंसा की। सुभारती विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक उपयोग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किया है, जिसे इस सम्मान से भी मान्यता मिली है। कुल. पति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल ने आयोजकों को आभार व्यक्त किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि यह सम्मान सुभारती विश्व. विद्यालय की शिक्षा में गुणवत्ता और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने एजुकेशन टेक समिट में पैनल चर्चा में अपने विचार रखते हुए एआई की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सुभारती विवि द्वारा नवाचार, तकनीक के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जा रहे है। हाल ही में सुभारती इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने नवाचार की मिसाल पेश करते हुए अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक साइकिल का निर्माण किया है। यह प्रोजेक्ट छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के साथ ऐसी महिलाएं जो साइकिल व स्कूटी नहीं चलाना जानती है, उनकी समस्या को ध्यान में रखते हुए मोनोव्हील इलेक्ट्रिक साइकिल और रेंजर इलेक्ट्रिक साइकिल को विकसित किया है। उन्होंने कहा कि तकनीक ने हमारे जीवन को सुगम बनाया है।

# आज हिमानी अग्रवाल सर्किट हाउस व मवाना में करेंगी महिला सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल आज यानी बुधवार को 11 बजे सर्किट हाऊस मेरठ में व एक बजे से मवाना तहसील मेरठ में जनसुनवाई की जायेगी। पीड़ित महिलाएं अपनी समस्या के समाधान के लिए लिखित में शिकायत लाए।

**कैंट की सियासत में साईकिल कि हलचल...**

# सपा को मजबूत करने के लिए घर-घर पहुंच रहे पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि

**■ योगेश वर्मा के घर हुई कैंट सीट को लेकर बड़ी बैठक, भारी तादाद में जुटे कार्यकर्ता**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ की कैंट विधानसभा को भाजपा का मजबूत किला माना जाता है। यहां पर भाजपा का प्रत्याशी घोषित होते ही उसे जीता हुआ माना जाता है और इसकी वजह से इसे भाजपा का अभय किला भी कहा जाता है लेकिन समाजवादी पार्टी इस बार मेरठ के अंदर इस अभय किले में ही अपनी साइकिल की सवारी करने के लिए बड़े सपने देख रही है जिसको लेकर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि लखनऊ से चलकर मेरठ पहुंचे है और वह मेरठ और कैंट विधानसभा के अलग-अलग कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। इसी कड़ी में वह दलित समाज के बड़े नेता पूर्व विधायक योगेश वर्मा के आवास पर पहुंचे, जहां पर कैंट विधानसभा के पदा. धिकारियों से कैंट की सियासत को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि ने कहा कि कैंट के अंदर अब तक के हालात को देखते हुए और यहां के जातीय आंकड़ों पर नजर डालने के बाद ऐसा लगता है जैसे यहां कोई मेहनत नहीं की गई है। इस दौरान पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि जब वह मेरठ से मेयर बने तो कैंट से भरपूर वोट मिला था और इस कैंट में भी भाजपा को बड़ी चोट दी गई थी।

आपको बता दें कि दलित समाज यहां पर बड़ी तादाद में है। साथ ही मुस्लिम समाज भी 60-70 हजार की तादाद में है। इसी के साथ जाट और अन्य समाज भी जो पीडीए को मजबूत स्थिति में देखना चाहता है वह कैंट में मजबूत है। ऐसे में अगर कार्यकर्ताओं को मजबूत किया जाए और बूथ के हिसाब से कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाए तो यहां पर बहुत कुछ हो सकता है। कैंट के अंदर समाजवादी पार्टी साइकिल की रफ्तार से कमल को कुचल सकती है। इस दौरान सभी ने कैंट को मजबूत बनाने के लिए एकजुटता दिखाई और कहा कि इस बार कैंट में भाजपा का कमल नहीं खिलेगा बल्कि यहां पर पीडीए की साइकिल चलेगी। योगेश वर्मा ने भी घर पर आए सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी का आभार जताया और कहा कि वह अपने समाज को एकजुट करेंगे और कैंट में समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाते हुए काम करेंगे। वहीं सपा के पूर्व मंत्री जुगल किशोर ने भी उम्मीद जताई कि इस बार समाजवादी पार्टी कैंट में मजबूती के साथ आगे आकर सीट जीतेगी और 2027 में मेरठ से ही सपा की सरकार बनाने का आगाज किया जाएगा।

### महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी दिखे नदारद

एक लंबे समय से समाजवादी पार्टी में महानगर अध्यक्ष पद संभाल रहे आदिल चौधरी इस मीटिंग से नदारत दिखे। हालांकि पूर्व मंत्री जुगल किशोर अलग-अलग कार्यकर्ताओं के घर जा रहे हैं अलग-अलग लोगों से बात कर रहे हैं ताकि महानगर के अंदर पार्टी को मजबूत बनाया जा सके। ऐसे में कई लोगों ने कहा कि महानगर के अंदर पार्टी के कमजोर होने की सबसे बड़ी वजह यही है कि महानगर अध्यक्ष का पद एक ही व्यक्ति के नाम रिजर्व कर दिया गया है। ऐसे में जो लोग पार्टी को अपने खून से सीचना चाहते हैं उनकी मेहनत पार्टी के अंदर कोई मायने नहीं रखती है और उन्हें एक व्यक्ति के रसूख के चलते पद नहीं मिल पाता है। फिलहाल जुगल किशोर वाल्मीकि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने में लगे हैं लेकिन उसके बावजूद भी लंबे समय से महानगर अध्यक्ष का पद संभाले आदिल चौधरी पूरी तरह नदारद दिख रहे हैं।

# गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी पहुंची सेमीफाइनल में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में चल रहे अरुण सिंह अन्ना मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को जीटीबी क्रिकेट एकेडमी और जीटीबी स्कूल के बीच मैच खेला गया। इसमें गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाए। इसमें रिहान ने 48, कार्तिक ने 49, अनमोल ने 38 और शौर्य ने 31 रन बनाए। गेंदबाजी में अनमोल ने तीन विकेट, दिव्य ने दो विकेट लिए, रो. नित ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीटीबी क्रिकेट एकेडमी ने 18.4 ओवर में 8 विकेट पर 241 रन बनाकर मैच जीता। इसमें रोनित ने 90, दिव्य ने 40, अभिजीत और अजहर ने 30 30 रन बनाए। गेंदबाजी में रिहान ने 3, अनमोल ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच दिव्य उर्फ ड्रिंक्स और रोनित को संयुक्त रूप से दिया गया। आयोजन सचिव क्रिकेट कोच अतहर अली ने बताया कि आज बृहस्पतिवार को टूर्नामेंट का अंतिम लीग मैच खेला जाएगा।

# प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिवाल खास विधानसभा प्रत्याशी मनिंदर पाल सिंह के आवास कोणार्क कालोनी पर उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं मेरठ जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह के आगमन पर पुष्प गुलदस्ते भेंटकर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष शिव कुमार राणा, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, पूर्व विधायक सतबीर त्यागी, कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन विमल शर्मा, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, जिला महामंत्री हरीश चौधरी, दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, पूर्व प्रधान ब्रजवीर सिंह, गौरव चौधरी, वीपेंद्र सुधा वाल्मीकि, जयवीर राणा, नरेश तोमर,पंकज चौहान, मनोज चौधरी, आदेश फौजी, सचिन मालिक, विक्रांत देशवाल, ब्रजवीर सैनी आदि मौजूद रहे।

# कासमपुर सांत्वना देने पहुंचे प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** कासमपुर व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेश लोधी के पिता के स्वर्गवास होने पर कासमपुर व्यापार मंडल के प्रतिनिधि एवं प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह कैंट विधायक अमित अग्रवाल एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी सांत्वना देने पहुंचे। हालांकि, स्वर्गवास की सूचना पर कासमपुर बाजार पूर्ण रूप से बंद रहा। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता संजीव मंगवाना, शक्ति सोनकर, रोहित ठाकुर, राहुल लोधी, कुलदीप चौधरी, ओमवीर सिंह, अशोक, सबलोक, हंसराज, गुंजन, पिंटू सिंह, श्याम, सुंदर गोयल, महेश लोधी, किरण पाल सिंह, मास्टर राकेश चौधरी, नवाब सिंह तोमर, भंवर सिंह, इंदर सेन लोधी और कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।



# IPL समापन समारोह के लिए खास तैयारी

**● ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनेगा, सीडीएस, थल सेना अध्यक्ष के साथ ही वायुसेना और नौसेना प्रमुख को भी न्योता**




**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 सीजन अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। गुरुवार से प्लेऑफ के मुकाबले खेले जाएंगे और फिर तीन जून को आईपीएल के 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के समापन समारोह की तैयारियां शुरू कर दी है और इसके लिए खास योजना बनाई है। बीसीसीआई ने आपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने का फैसला किया है और इसके तहत बोर्ड ने समापन समारोह के लिए सीडीएस, थल सेना अध्यक्ष के साथ ही वायुसेना और नौसेना प्रमुख को भी न्योता दिया है।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है, जिनके आपरेशन सिंदूर ने वीरतापूर्ण प्रयास से राष्ट्र की रक्षा की और हमें प्रेरित किया। सम्मान के रूप में हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हमने भारतीय सेना के तीनों सेना प्रमुख, शीर्ष रैंक के अधिकारी और जवानों को आप. रेशन सिंदूर की सफलता के लिए अहमदाबाद में होने वाले फाइनल मुकाबले के लिए आमंत्रित किया है। देशभक्ति की भावना को और बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम में सैन्य बैंड द्वारा प्रस्तुति दिए जाने की संभावना है, जिसके बाद एक संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख से अधिक दर्शकों की उपस्थिति को देखते हुए बीसीसीआई को उम्मीद है कि समापन समारोह एक सफल कार्यक्रम रहेगा। सैकिया ने कहा, भले ही क्रिकेट राष्ट्रीय जुनून है, लेकिन हमारे देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल के दौरान सशस्त्र बलों को समर्पित कोई समारोह आयोजित किया जाएगा। 2019 में बीसीसीआई ने चेन्नई में टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह के लिए सैन्य बैंड को आमंत्रित किया था और पुलवामा आतंकी हमले के बाद सशस्त्र बलों के लिए 20 करोड़ रुपये का योगदान देने का भी संकल्प लिया था। मालूम हो कि पुलवामा हमले में 44 सीआरपीएफ जवान बलिदान हुए थे। भारत ने सात मई को आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमले किए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिनका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचा, जिनमें एयर बेस, रडार साइट्स, और कमांड सेंटर शामिल हैं। इससे घबराए पाकिस्तान ने 10 मई को भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का प्रभाव आईपीएल पर भी पड़ा था और टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए स्थगित करना पड़ा था।सीजफायर के बाद आईपीएल 17 मई से दोबारा शुरू हुआ, लेकिन इसके कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

तय कार्यक्रम के अनुसार, आईपीएल का फाइनल 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन बाद में संशोधित कार्यक्रम जारी हुआ जिसके तहत फाइनल मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद में कराने का फैसला लिया गया। सशस्त्र बलों के सम्मान में कुछ मुकाबलों से पहले राष्ट्रगान भी बजाया गया था।




## सूर्या ने सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**● आईपीएल-18 के 69वें मैच में मुंबई से किसी भी सीजन के टॉप स्कोरर बने सूर्या कुमार यादव**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के 2 रिकॉर्ड तोड़े। पहले सूर्या ने सचिन तेंदुलकर के 14 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वे एमआई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने। इसके बाद सूर्या ने सनथ जयसूर्या के रिकॉर्ड को तोड़ा। वे किसी सीजन में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर भी बने। आईपीएल-18 के 69वें मैच में पंजाब किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को 7 विकेट से हरा दिया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने जीत का टारगेट 18.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। मुंबई इंडियंस के लिए किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सूर्यकुमार यादव टॉप पर पहुंच गए। उन्होंने अब तक 14 मैचों में 640 रन बना लिए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था, जिन्होंने 2010 में 618 रन बनाए थे। सूर्यकुमार ने खुद ही इस सूची में तीसरा स्थान भी हासिल किया है, जब उन्होंने 2023 में 605 रन बनाए थे। सचिन तेंदुलकर एक बार फिर इस सूची में 553 रन (2011) के साथ चौथे स्थान पर हैं। उनके बाद लेंडल सिमंस ने 2015 में 540 रन बनाए थे। वहीं रोहित शर्मा ने 2013 में 538 रन बनाकर इस सूची में छठा स्थान हासिल किया है। आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अब सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने 2025 सीजन में अब तक 14 बार 25+ रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड केन विलियमसन के नाम था, जिन्होंने 2018 में 13 बार यह कारनामा किया था। इसी आंकड़े तक शुभमन गिल भी पहुंचे थे, जब उन्होंने 2023 सीजन में 13 बार 25+ रन बनाए थे। अब टी-20 क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा बार 25+ रन बनाने का रिकॉर्ड भी सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के तेम्बा बावुमा के लगातार 13 बार के 25+ रन का रिकाड्र्स तोड़ा। सूर्यकुमार यादव मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले प्लेयर बने। वे अब तक 32 छक्के जड़ चुके हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनथ जयसूर्या के नाम था, जिन्होंने 2008 में 31 छक्के लगाए थे। तीसरे स्थान पर ईशान किशन हैं, जिन्होंने 2020 में 30 छक्के जड़े थे। वहीं किरोन पोलार्ड (2013) और हार्दिक पांड्या (2019) ने 29-29 छक्के लगाकर इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। पंजाब-मुंबई के बीच टॉस से पहले एक रोमांचक वाकया सामने आया। एमआई के कप्तान हार्दिक पांडया जब टॉस के लिए बीच मैदान पर आ रहे थे, तब वे थोड़ी कन्फ्यूज दिखाई दिए। इसके लिए उन्होंने सूर्यकुमार यादव को बुलाया और अपनी दो में से एक उंगली चुनने के लिए कहा। सूर्यकुमार यादव ने इसके बाद उनसे कहा- बैट फर्स्ट। इसका मतलब ये था कि अगर आप टास जीतें, तब आपको टीम के लिए

## इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**■ 2022 में यूरो जीतना मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन था: मैरी**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। इयरप्स ने स्विट्जरलैंड में लियोनेस में होने वाली यूरोपीय चैम्पियनशिप की शुरुआत से पांच सप्ताह पहले आज अपने संन्यास की घोषणा की है।

इयरप्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सही समय है कि मैं हट जाऊं और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने का मौका दूं। उन्होंने कहा कि 2022 में यूरो जीतना मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन था। उन्होंने कहा कि अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। काश मैं इसे हमेशा के लिए कर पाती, सभी अच्छी चीजों का अंत होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि इस बार फिर हमारी टीम ऐसा करे। इयरप्स ने इंग्लैंड के लिए आठ वर्षों में 53 सीनियर मैच खेले। इयरप्स को 2023 में बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर चुना गया था।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित 2023 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए गोल्डन ग्लव जीता था। उन्होंने 2022 और 2023 में सर्वश्रेष्ठ फीफा गोलकीपर का पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इंग्लैंड फुटबॉल टीम की मैनेजर सरीना विगमैन ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि मैरी इयरप्स इस गर्मी में टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, इसलिए उनके संन्यास की घोषणा से निश्चित रूप से मैं निराश हूं।



## पैरा एथलीट महेंद्र गुर्जर व सुमित अंतिल ने भाला फेंक स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक




**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारतीय पैरा एथलीट सुमित अंतिल और महेंद्र गुर्जर ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धाओं की दो श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से प्राप्त जानक. ारी के अनुसार पैरालंपिक में दोहरा स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित अंतिल ने नॉटविल वर्ल्ड पैराएथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुष एफ 64 श्रेणी में 72-35 मीटर भाला फेंक कर में शीर्ष स्थान हासिल किया। महेन्द्र गुर्जर ने एफ 42 वर्ग में 61-17 मीटर भाला फेंक कर विश्व रिकॉर्ड बनाने के साथ स्वर्ण पदक जीता हैद्य उन्होंने शुरुआती दो प्रयास 56-11 और 55-51 मीटर भाला फेंका। उल्लेखनीय है कि स्विट्जरलैंड के नॉटविल में 23 से 26 मई तक विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 का आयोजन किया गया था।

## पीवी सिंधु-प्रणॉय सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में



**सिंगापुर, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय ने सिंगापुर ओपन में मंगलवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यहां खेले गए महिला एकल वर्ग के मुकाबले में सिंधू ने कनाडा की वेन यु झांग को

**■ महिला एक वर्ग में सिंधु ने कनाडा की खिलाड़ी को हराया**

सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सिंधू ने 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। इसी के साथ भारतीय शटलर का पहले राउंड में हार का सिलसिला समाप्त हो गया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अगले दौर में मुकाबला टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की यू फेई से होगा। पुरुष एकल में भारत के एचएस प्रणय ने डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ वापसी करते हुए एक घंटे 12 मिनट में 21-19, 16-21, 14-21 से मुकाबला जीत लिया।

एक घंटा 12 मिनट तक चले मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद प्रणॉय ने शानदार वापसी करते हुए दोनों गेम में जीत हासिल करते हुए प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया। इस बीच, हार के साथ मालविका बंसोड़ और अनमोल खरब का अभियान समाप्त हो गया। मालविका संघर्षपूर्ण मैच में थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग से 21-14, 18-21, 11-21 से हारी।

## मैग्नस कार्लसन ने डी गुकेश को हराया

**■ महिला वर्ग में भारत की हम्पी ने वैशाली को हराकर शुरूआत की**

**नॉर्वे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, महिला वर्ग में भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू को हराकर दिन की शुरुआत की।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराया और चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच में अपनी विशेषता का प्रदर्शन करते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। यह मुकाबला 55 चालों के बाद समाप्त हुआ, जिसमें कार्लसन ने भारतीय खिलाड़ी की एक चूक का फायदा उठाते हुए मैच अपने पक्ष में कर लिया। महिला वर्ग में भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की। हम्पी ने शांत और सटीक खेल का प्रदर्शन करते हुए अंतिम चरण में वैशाली की गलती का फायदा उठाते हुए जीत हासिल की। अमे. रिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। खेल के दौरान नाकामुरा ने ड्रॉ का प्रस्ताव रखा, लेकिन कारुआना ने काले मो. हरों से खेलते हुए मुकबला जीत लिया। वेई यी और अर्जुन के बीच हुआ मुकाबला ड्रॉ रहा। इसके बाद 'आर्मागेडन' नामक शानदार खेल में अर्जुन ने वेई यी के दबाव से निकलते हुए जीत दर्ज की।

## इंग्लैंड ने विंडीज को किया क्लीन स्वीप

**■ इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 17 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम की**

**■ हीथर नाइट ने नाबाद 66, नेट साइवर ने 37 और ऐमी ने 22 रन बनाए**

**चेम्सफर्ड, वार्ता।** हीथर नाइट (नाबाद 66) के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज पर 17 रनों की जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली है। यहां वेस्टइंडीज की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 144 रनों का स्कोर खड़ा। हीथर नाइट ने 47 गेंदों में (नाबाद 66) रनों की पारी खेली। नेट सायवर ब्रंट ने (37) और एमी जोंस ने (22) रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से हेली मैथ्यूज ने तीन विकेट लिए। जायडा जेम्स और जे क्लैक्स्टन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे टिक नहीं खेल सके। वेस्टइंडीज की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गवांती रही। हेली मैथ्यूज ने 54 गेंदों में (75) रनों की पारी खेली। इसके अलावा रीलेआना ग्रिमोंड (15) और शबीका गजनबी (14) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 127 रन ही बना सकी और 17 रनों से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड के लिए लॉरेन बेल, एमिली आरलट, शार्लेट डीन और ललसी स्मिथ ने दो-दो विकेट लिए। तीन मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाली वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को 'प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

## रिंडरकनेच को हराकर सिनर ने फ्रेंच ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की

**पेरिस, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच पर जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। कोर्ट फिलिप चैटरियर में सोमवार को तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम मैच खेल रहे इटली के सिनर ने अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी रिंडरकनेच को 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे दौर में सिनर का मुकाबला फ्रांस के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गैस्केट से भिड़ेंगे। मैच के बाद सिनर ने कहा कि पहले दौर के मैच कभी भी आसान नहीं होते। मैं विशेषकर तीसरे सेट में इस स्थिति से निपटने के तरीके से बहुत खुश हूं। उसने सर्विस के दौरान कुछ गलतियाँ कीं, जिससे मुझे कुछ मदद मिली।



## गुलवीर ने 10 हजार मीटर में जीता सोना




**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** भारतीय एथलीटों ने मंगलवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते। दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित चैंपियनिशप में भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता और सर्विन सेबेस्टियन ने 20 किमी पदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी चौथे स्थान पर रहने के बाद 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पोडियम स्थान से चूक गईं।

पुरुषों की तीन हजार मीटर, पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर में भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर ने गुमी में 10 हजार मीटर स्पर्धा 28:38-63 का समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं जापान के मेबुकी सुजुकी ने (28:43:84) समय के साथ रजत और बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप ने (28:46:82) समय के साथ कांस्य पदक जीता।

### फ्रिट्ज हुए उलटफेर का शिकार सितसिपास, बडोसा अगले दौर में

**पेरिस, वार्ता।** फ्रेंच ओपन 2025 के दूसरे दिन जर्मनी के डेनियल अल्टमायर ने उलटफेर करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वही स्टेफानोस सितसिपास और पाउला बडोसा ने अगले दौर में जगह बना ली हैं। यहां रोलांड गैरोस के क्ले कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में जर्मनी के डेनियल अल्टमायर चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7-5, 3-6, 6-3, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। डेनियल अल्टमायर ने आक्रामक और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रिट्ज की लय को बाधित कर निर्णायक जीत दर्ज की। अब अल्टमायर का अगले दौर में चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा से मुकाबला होगा। एक अन्य मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास ने अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 7-5, 6-3, 6-4 से हराकर क्ले-कोर्ट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं महिलाओं के ड्रॉ में, पाउला बडोसा ने चुनौतीपूर्ण शुरुआत से उबरते हुए पूर्व विश्व नंबर वन नाओमी ओसाका को 6-7(1), 6-1, 6-4 से हराया। दिन के सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनों में से एक गैर-वरीयता प्राप्त स्पेन की जेसिका बूज़ास मानेरो का था, जिन्होंने नौवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की एम्मा नवारो को एक घंटे से भी कम समय में 6-0, 6-1 से हराया।

# पीएम का गुजरात दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय गुजरात के दौरे पर हैं। मंगलवार को उनका दूसरा दिन था। इन दो दिनों में उन्होंने वहां जमकर रोड शॉ किए और हजारों करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास भी किए। उन्होंने जहां 24 हजार करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया, तो वहीं दूसरे दिन मंगलवार को गांधीनगर में महात्मा मंदिर में पांच हजार 536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। अपना अंतिम रोड शो उन्होंने गांधीनगर में किया। अपने रोड शॉ के दौरान उन्होंने अपने तमाम भाषण ऑपरेशन सिंदूर को ही केंद्र में रखकर दिए। उन्होंने गांधीनगर में कहा कि हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय कर 22 मिनट मे ध्वस्त कर दिया और यह सब कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। जाहिर सी बात है यह उनका विपक्ष पर कटाक्ष था और यह उरी आतंकवाद के संबंध में बोल रहे थे। जब उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में सैनिक कार्रवाई की गई थी, तब विपक्ष ने उनकी सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए थे और इसके सबूत मांगे थे। पीएम मोदी विपक्ष पर कोई भी हमला करने से नहीं चूकते। मौका कोई भी हो, जहां भी उन्हें जरा भी कोई गुंजाइश दिखाई देती है, वह विपक्ष को भेजने में देर नहीं लगाते। जैसाकि उन्होंने गांधीनगर में कहा भी कि वह पिछले दो दिनों से गुजरात में हैं और सोमवार को वडोदरा, दादोर, भुज, अहमदाबाद में रोड शॉ करने के बाद मंगलवार की सुबह गांधीनगर आए हैं। उन्होंने अपने स्वागत से ओतप्रोत होकर कहा कि ऐसा लग रहा है कि देशभक्ति का ज्वार गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के हृदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम है और यह सिर्फ गुजरात में नहीं बल्कि हिन्दुस्तान के कौने कौने में है। जैसी उनकी शैली है कि वह हर आज की घटना को गुजरे नेताओं के साथ जोड़ देते हैं, उन्होंने यहां भी जोड़ा और कहा कि 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुए, कटनी चाहिए थी जंजीरें लेकिन काट दी गई भुजाएं और देश के तीन टुकड़े कर दिए गए। उसी रात पहला आतंकवादी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते मुजाहिदों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। उनके अनुसार अगर मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया होता और स. वल्लभ भाई पटेल की बात मान ली होती, तो आज पीओके हमारे पास होता। उन्होंने दोहराया कि वल्लभ भाई पटेल की इच्छानुसार जब तक पाक के कब्जे वाला कश्मीर वापस नहीं आता, तब तक सेना नहीं रुकनी चाहिए थी, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई और यह सब 75 साल से चला आ रहा है। विपक्ष प्रधानमंत्री के गुजरात के दौरे को चुनाव के नजरिये से देख रहा है। वैसे देखा जाए तो विपक्ष पूरी तरह गलत भी नहीं है। यूं भी भाजपा का यह अपना एक इतिहास बन गया है कि वह हर घटना को इवेंट में बदल देता है। विपक्ष भी यह आरोप लगा रहा है। सिंदूर ऑपरेशन का भी पीएम मोदी राजनीतिकरण कर रहे हैं।

## भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से ज्यादा देशभक्त



नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है, लेकिन पाकिस्तान के पास वो भी नहीं है, पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने हाल ही में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी, पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे, ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं, उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है, पाकिस्तान भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता, भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी है और भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं, पाक जो कुछ भी कह रहा है, उसे चुटकी भर नमक के साथ भी न लें।

**–असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम चीफ**

# हमारा बूढ़ा होता नेतृत्व कितना बीमार है, कैसे पता चलेगा






नागरिकों को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि देश की औसत आयु से लगभग दो गुना उम्र के जो लोग इस समय सत्ताओं पर काबिज हैं या उसे हासिल करने के लिए संघर्षरत हैं वे किसी न किसी गंभीर या गंभीर बन जाने वाली बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। यह भी कि उन्हें उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के नाम पर उपलब्ध कराए गए लौह आवरण की आड़ में वे जितने आश्वस्त नजर आते हैं हकघीकघ्त में उतने होंगे नहीं।

देश की आधी से ज्यादा आबादी 28.8 से कम आयु की है। मोदी के मंत्रिमंडल की औसत उम्र 58 साल है। यानी जिस औसत आयु के लोग मंत्रिमंडल में हैं उनकी संख्या देश की 140 करोड़ की आबादी में सिर्फ 15 करोड़ के करीब है। इसी तरह सांसदों की औसत आयु भी 56 साल है। हमारे 52 प्रतिशत सांसद 55 से ऊपर के हैं। यानि एक युवा देश का नेतृत्व बीमारियों के कगार पर खड़े बूढ़े होते हाथों में है। पवित्र नदियों में भी धवल अथवा भगवा वस्त्र धारण कर स्नान करने वाली इन आत्माओं के शरीरों की अंदरूनी वास्तविकता बहुत मुमकिन है उनकी सेवा में चौबीसों घंटे तैनात रहने वाले चिकित्सकों को भी या तो पता नहीं हो या उन्हें बताई ही नहीं गई हो। सत्ताओं में काबिज नेताओं की औसत नींद को लेकर भी कई तरह के दावे किए जाते हैं। आकलन यही है कि उनकी कुल जमा नींद चार-पांच घंटों से ज्यादा की नहीं होती होगी। शीर्ष पर पहुंचने या शीष को बचाए रखने की चिंता या प्रतिस्पर्धा के कारण भी पर्याप्त नींद नहीं हो पाती है। सत्ता में सालों की संख्या जैसे-जैसे बढ़ती जाती है नींद के घंटे भी उतने ही कम होते जाते हैं और बीमारियां बढ़ती जाती हैं।

हमारे देखते-देखते के ऐसे कई उदाहरण हैं कि शीर्ष से बिदा होते ही सारे समर्थक एक साथ गायब हो जाते हैं और सारी बीमारियां इस तरह प्रकट होने लगती हैं कि 'देश-सेवा' का ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। जिज्ञासा हो सकती है कि एक ऐसे कठिन समय जब कि देश युद्धकालीन परिस्थितियों से गुजर रहा है इस तरह के अपशकुनी विषय चर्चा में क्यों लाए जाने चाहिए? कारण यह है कि ऐसे ही नाजुक मौकों पर नेतृत्व कर रहे लोग सबसे ज्यादा तनावग्रस्त पाए जाते हैं और कुछ अलग तरह की जुबानें बोलने और अनपेक्षित व्यवहार करने लगते हैं। इस सबसे उनकी असली मानसिक और शारीरिक क्षमताओं के संकेत जनता को प्राप्त होते हैं। हाल की कुछ घटनाओं का अध्ययन करें तो ऐसा खुले आम सड़कों पर प्रकट भी हो रहा है। विषय को चर्चा में लाने के पीछे एक और बड़ा कारण दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश ने प्राप्त कराया है। अमेरिका जैसे ताकतवर और सुविधा संपन्न मुल्क के (पूर्व) राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सूंघ तक नहीं पड़ने दी कि उनका प्रोस्टेट कैंसर फोर्थ स्टेज तक पहुंच गया है। पूरा अमेरिका इस बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहा है कि जिस राष्ट्राध्यक्ष को दुनिया की श्रेष्ठतम चिकित्सा सुविधा निजी स्तर पर उपलब्ध थी वह इतनी गंभीर बीमारी के साथ न सिर्फ पद पर बना रहा दूसरी बार भी चुनाव लड़ने के लिए राजी हो गया। आरोप यह है कि सत्ता में बने रहने के लिए बाइडन की शारीरिक (मानसिक?) कमजोरियों पर पर्दा डाला गया। जनता के दबाव के चलते बाइडन द्वारा अंततः चुनावी मैदान से हटने की घोषणा के बाद कमला हैरिस को ट्रम्प से मुकघबले के लिए सौ दिन के करीब ही मिल पाए। हैरिस की पराजय तो बाइडन ने ही तय कर दी थी। ट्रम्प ने तो सिर्फ उस पर अपनी मोहर लगाई। पूछा जा रहा है कि चार साल के शासनकाल के दौरान सत्तर साल से अधिक की उम्र के होने के बावजूद बाइडन के प्रोस्टेट कैंसर की जांच क्यों नहीं की गई? बताया गया है कि राष्ट्रपति पद संभालने के सात साल पहले यानि 2014 में इस बीमारी के संबंध में खून की आखिरी बार जांच हुई थी। राष्ट्रपति-पद पर बने रहने के दौरान प्रोस्टेट को छोड़कर उनकी दूसरी सभी मेडिकल जांचें हर साल होती रहीं। बाइडन इस समय 82 साल के हैं। बताया जाता है बाइडन का कैंसर हड्डियों में फैल गया है जिसे दवाओं के जरिए नियंत्रित ही किया जा सकता है ,समाप्त नहीं।

अमेरिका के मुकाबले भारत में योग्य चिकिसक ज्यादा हो सकते हैं पर सुविधाएं तो वहां जैसी निश्चित ही नहीं होंगी। कहा जाता है किसी समय हमारे एक ताकतवर मुख्यमंत्री अपने दांतों के इलाज के लिए भी अमेरिका जाते थे। बहुत मुमकिन है हमारे यहां के सक्षम राजपुरुष और उद्योगपति अपने घुटनों और रीढ़ की हड्डियों के इलाज के लिए अभी भी अमेरिका जाते हों। देश की गरीब जनता को राजनीति के अपने सिद्ध पुरुषों की गंभीर बीमारियों का तब तक पता नहीं चल पता जब तक किसी प्रकरण में गिरफ्तारी के अदालती आदेश के कारण उन्हें अस्पतालों में भर्ती नहीं होना पड़ जाए या फिर सत्ता से बेदखली नहीं हो जाए। सोच कर बता सकते हैं कि सैंकड़ों की संख्या में उच्च पदों पर बैठे राजनेताओं की किसी एक भी बीमारी के बारे में जनता को जानकारी है क्या? क्या ये लोग पूरी तरह स्वस्थ हैं और बीमार सिर्फ जनता है?

**हाल की कुछ घटनाओं का अध्ययन करें तो ऐसा खुले आम सड़कों पर प्रकट भी हो रहा है। विषय को चर्चा में लाने के पीछे एक और बड़ा कारण दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश ने प्राप्त कराया है। अमेरिका जैसे ताकतवर और सुविधा संपन्न मुल्क के (पूर्व) राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सूंघ तक नहीं पड़ने दी कि उनका प्रोस्टेट कैंसर फोर्थ स्टेज तक पहुंच गया है। पूरा अमेरिका इस बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहा है कि जिस राष्ट्राध्यक्ष को दुनिया की श्रेष्ठतम चिकित्सा सुविधा निजी स्तर पर उपलब्ध थी वह इतनी गंभीर बीमारी के साथ न सिर्फ पद पर बना रहा दूसरी बार भी चुनाव लड़ने के लिए राजी हो गया। आरोप यह है कि सत्ता में बने रहने के लिए बाइडन की शारीरिक (मानसिक?) कमजोरियों पर पर्दा डाला गया।**

(लेखक कई अखबारों में समूह संपादक रहे हैं और वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

**स्क्रीन की थकान को कम करने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके, आंखों की रोशनी पर नहीं पड़ेगा असर आज के समय में लगभग हर कोई स्क्रीन पर घंटों समय बिताता है। यह तो वह लैपटॉप आदि पर काम किया करते हैं, या फिर अपने फोन पर स्कॉल करते हैं या अपनी पसंदीदा सीरीज देखते हैं। आजकल स्क्रीन पर अधिाक समय बिताना रोजमर्रा का हिस्सा बन गया है। जोकि स्क्रीन थकान की समस्या बन सकता है। यह एक ऐसी आधुनिक असुविधा है, जिसकी वजह से सिरदर्द, तनाव, मानसिक थकान और ब्लर्रेड विजन होती है।**

# गर्मियों में डाइजेशन की समस्या से बचें



अक्सर गर्मियों के मौसम में तापमान बढ़ने की वजह से लोगों को तरह-तरह की समस्याएं होती हैं। वहीं इस मौसम में डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं होना आम बात है। डाइजेशन सबंधी समस्याओं में डायरिया, पेट फूलना, एसिडिटी और फूड पॉइजनिंग आदि शामिल है। यह समस्याएं अधि. कतर बाहर का खाना या फिर मसालेदार खाना खाने से होती है। जिसको कई बार पचाना काफी मुश्किल हो जाता है। वहीं कई बार ठंडे या मीठे ड्रिंक का बार-बार सेवन करने से भी पेट संबंधी समस्या हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनको अपनाने से आप पेट संबंधी समस्याओं से बच सकते हैं।

**मौसमी फल खाएं**

गर्मियों के मौसम में आप मौसमी फल जैसे- खरबूजा, तरबूजा और खीरे आदि को अपना डाइट में शामिल करना चाहिए। क्योंकि यह सभी फल हाइड्रेटिंग होते हैं और साथ ही खाने को पचाने में भी सहायता करते हैं।

**घर का खाना खाएं**

गर्मियों में बाहर का खाना खाने से बचना चाहिए। क्योंकि यह आपको बीमार बना सकता है। इसलिए इस मौसम में घर का खाना दाल, चावल, रोटी और दही जैसे हल्के खाने को डाइट में शामिल करें। यह आपके पेट को हेल्दी रखने में मदद करता है।

**हेल्दी ड्रिंक्स**

गर्मी के मौसम में आप छाछ, पानी, नींबू पानी और नायिरल पानी आदि पिएं। इससे आप हाइड्रेटेड रहेंगे। वहीं अनहेल्दी ड्रिंक्स का सेवन नहीं करना चाहिए।

**न खानें बाहर का खाना**

बिरयानी, पनीर से बनी चीजें, मांसाहारी फूड और आइसक्रीम आदि का सेवन करने से फूड पॉइजनिंग हो सकता है। हालांकि यह कई लोगों को खाना पसंद होता है, लेकिन इस मौसम में यह आपको बीमार बना सकता है।

**पेट को रखें ठंडा**

इस मौसम में पेट को ठंडा रखने के लिए आप अपनी डाइट में पुदीना, सौंफ और दही आदि को शामिल कर सकते हैं।

**स्वच्छता अपनाएं**

पेट के इंफ्केशन से बचने के लिए अपने हाथों को अच्छे से धोएं। वहीं कुछ भी खाने से पहले हाथों को धोना न भूलें।

इन छोटी-छोटी आदतों को अपनाकर आप गर्मियों के मौसम में भी पेट को हेल्दी रख सकते हैं। वहीं पाचन संबंधी समस्याओं से भी बच सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कौन हैं वक्फ बोर्ड संसदीय समिति के चेयरमैन जगदंबिका पाल






बहुत चर्चित वक्फ संशोधन विल की चर्चा खूब है। संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। कहना न होगा कि वक्फ विल की चर्चा के साथ इसके चेयरमैन सांसद जगदंबिका पाल की भी उतनी ही चर्चा है। जगदंबिका पाल की चर्चा इस बात को लेकर है कि इस विल के संशोधन के लिए वे और उनकी टीम ने देश भर में भ्रमण कर सरकार का पक्ष रखा और मुस्लिमों को भरसक भरोसा दिलाया कि इससे उनका कहीं कोई नुकघ्सान नहीं है बल्कि इससे वक्फ की संपत्तियों का लाभ जो अभी अपेक्षाकृत प्रभाव शाली मुसलमानों तक सीमित है,वह अब गरीब मुसलमानों तक पहुंच सकेगा। बहर हाल सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई पर गौर करें तो पूरी बहस चेयरमैन जगदंबिका पाल के तर्क और उदाहरण पर केंद्रित है। सुप्रीम कोर्ट में संशोधित वक्फ कानून की वैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई चल रही है। बड़ा सवाल संशोधित वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों के शामिल करने को लेकर है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या सरकार हिंदू धार्मिक न्यासों में मुस्लिम समुदाय के लोगों को सदस्य बनाने की अनुमति देगी। वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के क्रम में आई सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर विमर्श शुरू हो गया है। इस मामले में वक्फ बिल को लेकर बनी संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का तथ्यों पर आधारित बयान सामने आया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को पूर्व के मामलों में आए फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड कोई धार्मिक संस्था नहीं है। इसलिए, उसमें गैर मुस्लिम का सदस्य बनाया जाना कोई मुद्दा नहीं हो सकता है। प्रशासनिक संस्थाओं में अधिकारियों का रखने का नियम पहले से है। बतौर इस समिति के चेयरमैन जगदंबिका पाल का यह बयान सुर्खियों में है। यूपी के सिद्धार्थनगर जिले की मुस्लिम बाहुल्य डुमरियागंज संसदीय सीट से चार बार के सांसद जगदंबिका पाल के लिए इस समिति का चेयर बनना इसलिए हैरत अंग्रेज है क्योंकि वे चाहे कांग्रेस में रहे हों या भाजपा में,भारी मात्रा में उन्हें मुस्लिम वोट मिलता ही मिलता है।


2024 का लोकसभा चुनाव उनके लिए बहुत मुश्किल था क्योंकि सपा व कांग्रेस गठबंधन से पूर्वांचल के बाहुबली रहे स्व।पंडित हरिशंकर तिवारी के बड़े पुत्र जो सांसद भी रहे हैं, भीष्म शंकर तिवारी उनके खिलाफ मैदान में थे। यह चुनाव यदि जगदंबिका पाल जीत पाए तो इसके पीछे मुस्लिम वोटरों का योगदान था। जगदंबिका पाल यूं तो मात्र एक सांसद का नाम है, लेकिन इनके राजनीतिक सफर पर गौर करें तो सामने आएगा कि राजनीति की विपरीत धारा को अपनी ओर मोड़ लेने में माहिर राजनीति के खिलाड़ी का नाम भी है जगदंबिका पाल! इतना ही नहीं लोकसभा के सभी 543 सदस्यों में यदि बतौर जनप्रतिनिधि के रूप में ष्सांसदष्तलाशेंगे तो शायद ही कोई दूसरा जगदंबिका पाल नजर आए। 1950 में बस्ती जिले के एक गांव में पैदा हुए जगदंबिका पाल की शिक्षा एमए एल एल बी है। शिक्षा हेतु ज्यादा तर वक्त लखनऊ में बीता। उस वक्त छात्र राजनीति के रास्ते राजनीति में प्रवेश करने का चलन था। इसी रास्ते जगदंबिका पाल भी राजनीति में कदम बढ़ाए। कांग्रेस इनके राजनीति की पाठशाला रही है। इन्हें स्व।संजय गांधी का बेहद करीबी माना जाता रहा। उस वक्त कांग्रेस में आगे बढ़ना आसान नहीं था,एक से एक टांग खींचने वाले थे। बस्ती तो ऐसे लोगों का गढ़ था। इनके राजनीतिक जीवन में बड़ी मुश्किल यह थी कि इन्हें आगे बढ़ने का आसान रास्ता कभी नहीं मिला। विपरीत परिस्थितियों में ही इन्हें अपनी काबिलियत को साबित करना पड़ा। भाजपा में भी इनकी राह आसान न रही। केवल परिक्रमा वादी राजनीतिज्ञ होते तो अबतक कबका बियाबान में जा चुके होते। बस्ती से लगातार कई बार के एम एल और मंत्री होते रहे जगदंबिका पाल 2004 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज सीट से सांसद का चुनाव लड़ें। इस चुनाव में करीब पौने दो लाख वोट पाकर वे हार गए थे लेकिन अगली बार यानी 2009 के लोकसभा चुनाव में अपनी जीत पक्की भी कर गए। पिछले कई चुनावों से कांग्रेस यहां 50 वोट नहीं पार कर पा रही थी। पौने दो लाख वोट हासिल कर वे कांग्रेस आलाकमान के आंख का तारा बन ही गए, डुमरियागंज के लोगों को भी लगा उन्हें कोई दमदार नेता मिल गया। 2004 के चुनाव में सिद्धार्थनगर के कांग्रेस पदाधिकारियों ने भितरघात न किया होता तो यह चुनाव वे जीत गए होते लेकिन हार जाने वाले इस चुनाव से उन्हें बड़ी सीख मिली। उन्होंने पूरे पांच साल तक सिद्धार्थनगर की डुमरियागंज सीट पर ऐसी मेहनत की कि सभी बूथों पर अपनी टीम खड़ी कर दी। इसका परिणाम 2009 में सामने आया और वे कांग्रेस के सांसद हो गए। आज भी पार्टी संगठन के अलावा उनका स्वयं का संगठन जो उनकी सफलता का असल कारण है।

2014 के लोकसभा चुनाव आते आते उन्होंने कांग्रेस को अलविदा कह दिया और भाजपा ज्वाइन कर ली। जगदंबिका पाल ने भाजपा उस वक्त ज्वाइन की जब इस संसदीय सीट से भाजपा के एक से एक दावेदार थे। 2014 में लाख मोदी लहर थी लेकिन यदि उनकी बूथ वार अपनी टीम न होती तो यह राह आसान नहीं था क्योंकि सारे के सारे भाजपाई पाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिए थे। इतना ही नहीं विरोध का आलम यह था कि कई बार के भाजपा विधायक और उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री रहे जय प्रताप सिंह ने अपनी पत्नी को कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़वा कर पाल के खिलाफ खुलकर आ गए थे। कहने का मतलब यह है कि राजनीति में मुकाम हासिल करना आसान नहीं है। ऐसा केवल जगदंबिका पाल जैसी राजनीतिक शख्सियत ही कर पाएगा। सबके बस की बात नहीं है। 2024 का लोकसभा चुनाव जगदंबिका पाल के लिए काफी मुश्किल था। ब्राह्मण वोटरों के छिटकने का खतरा था बावजूद इसके जगदंबिका पाल ने इस चुनाव को भी अपने पक्ष में करके बड़े-बड़े चुनाव विशेषज्ञों को चौंका दिया। अखिलेश यादव के सर्वे में डुमरियागंज की सीट उनके खाते की थी। राजनीति में चर्चा के केंद्र में बने रहना भी कोई जगदंबिका पाल से सीखें। वक्फ पर बनी जेपीसी का चेयर मैन बनना आसान नहीं था। लेकिन खाटी भाजपाइयों के बीच से यह जिम्मेदारी जगदंबिका पाल को मिली तो यह यूं ही नहीं था। कांग्रेस की राजनीति के शुरुआती दिनों की बात है। जगदंबिका पाल एक दुर्घटना में घायल हो गए थे। संजय गांधी को खबर लगी तो वे लखनऊ मेडिकल कालेज में उन्हें देखने आए। संजय गांधी यह देखकर अचंभित हुए थे कि जिस कांग्रेस के सिपाही को वे देखने आए वह घायल अवस्था में भी उनके स्वागत में मेडिकल कालेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किए बैठा है। याद नहीं आता कि पूरे उत्तर प्रदेश में कोई ऐसा सांसद हो जिसे उसके क्षेत्र में इस छोर से उस छोर तक नाम से कोई जानता हो, चेहरे से पहचानना तो बड़ी बात है लेकिन जगदंबिका पाल जरूर ऐसे सांसद हैं जिसे उनके क्षेत्र डुमरियागंज का बच्चा-बच्चा चेहरे से भी और नाम से भी बखूबी पहचानता है। सिद्धार्थनगर से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे दूरस्थ शहरों के लिए रेल गाड़ियों की सुविधा उपलब्ध कराने की वजह से स्थानीय लोग इन्हें अपना रेलमंत्री मानते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ओवैसी ने पाक आर्मी चीफ को बताया जोकर

## बोले: नकल के लिए अक्ल चाहिए, इनके पास वो भी नहीं



■ फेक फोटो दिखाजीत का झूठा दावा किया

■ कहा: पाक भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता भारत में पाक से ज्यादा मुस्लिम आबादी

**कुवैत।** एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कुवैत में पाकिस्तानी के आर्मी चीफ को स्टूपिड जोकर बताया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है। लेकिन पाकिस्तान के पास वो भी नहीं है। ओवैसी ने कुवैत में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि कल पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे। ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है। ओवैसी ने कहा पाकिस्तान भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता, क्योंकि भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी है और भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं। ओवैसी बोले: पाकिस्तान को सीरियसली न लें ओवैसी ने कहा कि अक्सर स्कूल में क्या होता था कि अच्छे पढ़ने वाले बच्चे के पास में जाकर बैठता था। तो नकल करने के लिए भी अक्ल चाहिए। इन नालायकों को अकल भी नहीं है। आप खुद सोच सकते हैं कि आपके खुद के देश के प्रधानमंत्री, प्रेसिडेंट, स्पीकर ऑफ नेशनल असेंबली वहां पर मौजूद हैं। आपके सो काल्ड फील्ड मार्शल भी वहां पर थे। वह चीनी ड्रिल की एक फोटो दे रहे हैं। पाकिस्तान जो कुछ भी कह रहा है, उसे चुटकी भर नमक के साथ भी न लें। पाक को एआईएमआईएम की ग्रे लिस्ट में डालना चाहिए एआईएमआईएम सांसद ने कहा है कि पाकिस्तान को एक बार फिर फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एआईएमआईएम) की ग्रे लिस्ट में लाया जाना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि पाकिस्तान को जो 2 अरब डालर का आईएमएफ लोन मिला है, वह उसका इस्तेमाल सेना और आतंकी संगठनों को समर्थन देने में कर सकता है। आने से किसी देश की वित्तीय गतिविधियों पर सख्त निगरानी होती है। पाकिस्तान की हरकतें देखकर उसे दोबारा इस लिस्ट में शामिल करना जरूरी है। ओवैसी उस सर्वदलीय डेलीगेशन का हिस्सा है, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब करने के लिए विदेश के दौरे पर है। इससे पहले वह बहरीन भी पहुंचे थे। यहां पर भी उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधा था। ओवैसी ने कहा था कि हमारी सरकार ने हमें यहां इसलिए भेजा है, ताकि दुनिया को पता चले कि भारत पिछले कई सालों से किस खतरे का सामना कर रहा है। हमने कई निंर्दोष लोगों की जान गंवाई है। यह सब समस्या पाकिस्तान से ही पैदा होती है।



नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्रों से मुलाकात के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत का संदेश लेकर सिंगापुर पहुंचा

**सिंगापुर।** जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं और थिक टैंकों के साथ सफल विचार-विमर्श के बाद, भारत का एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को सिंगापुर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जनता दल-यूनाइटेड नेता और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा कर रहे हैं।

यह बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के विरुद्ध भारत के दृढ़ रुख को प्रस्तुत करने तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी गतिविधियों के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए यहां पहुंचा ताकि वैश्विक नेताओं से अपील की जा सके कि अब आतंकवादी संगठनों से निपटने का समय आ गया है। दक्षिण कोरिया के सोल से यहां पहुंचने के बाद एक प्रतिनिधि ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल भारत के कूटनीतिक आउटरीच के हिस्से के रूप में सिंगापुर पहुंचा है। तृणमूल कांग्रेस के महासर्चव अभिषेक बनर्जी सहित बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के सरकारी अधिकारियों और प्रमुख थिक टैंकों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों से पहले सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त, राजदूत शिल्पक अंबुले से मुलाकात की। बनर्जी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर के मंत्रियों, सांसदों, थिक टैंकों, शिक्षाविदों, व्यापार जगत के नेताओं, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से बातचीत करेगा, ताकि आतंकवाद के सभी रूपों का मुकाबला करने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ प्रतिबद्धता को व्यक्त किया जा सके।

## यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए तैयार: शेफचोविच

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि शुल्क विवादों के बावजूद यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा मामलों के आयुक्त मारोश शेफचोविच ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि यूरोपीय संघ अपने साथ अमेरिकी डील की दिशा में रचनात्मक और केंद्रित प्रयासों के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ लगातार संपर्क में रहेगा। यह बयान उनकी अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर से बातचीत के बाद आया है। इससे पहले, शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि यूरोपीय संघ के 27 सदस्ईय दल के साथ बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही है और उन्होंने एक जून से यूरोपीय संघ से सभी तरह के आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी थी। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति को रविवार को फोन करके इस संबंध में अनुरोध किया था, जिसके बाद ट्रम्प यूरोपीय संघ से आयात पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत शुल्क नौ जुलाई तक न बढ़ाने पर सहमत हो गए थे।

## बलूचिस्तान में पोलियो टीम के सुरक्षा कर्मियों पर हमला

■ हमले में एक की मौत, दूसरा घायल

**नुश्की।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के नुश्की में मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने पोलियो टीकाकरण टीम की सुरक्षा कर रहे पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी की। इस हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया, जबकि दूसरा घायल हो गया।

हमले के बाद नुश्की में चल रहा पोलियो टीकाकरण अभियान अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। पाकिस्तान ने सोमवार को पोलियो के खिलाफ तीसरा राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान शुरू किया था, जिसका मकसद 5 साल से कम उम्र के 4.5 करोड़ बच्चों को पोलियो का टीका लगाना है। यह अभियान 2025 के अंत तक देश को पोलियो मुक्त बनाने का एक बड़ा कदम है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने इस हमले को राष्ट्रीय अभियान को नुकसान पहुंचाने और लोगों में डर फैलाने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि पोलियो अभियान हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है, और इसे रोकने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और दोषियों को जल्द पकड़ने का वादा किया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान दुनिया के इकलौते देश हैं जहां पोलियो अब भी एक समस्या है। आतंकवादी लंबे समय से पोलियो टीकाकरण टीमों और उनकी सुरक्षा करने वाले पुलिसकर्मियों पर हमले करते रहे हैं। अप्रैल में भी बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीमों की सुरक्षा पर हमले हुए थे, जिनमें कई पुलिसकर्मी शहीद हुए। पिछले साल 2024 में पाकिस्तान में पोलियो के 74 मामले सामने आए, जबकि 2023 में सिर्फ 6 मामले थे। इस साल 2025 में अब तक 9 मामले दर्ज हुए हैं।

# हमास सीजफायर के लिए तैयार

## 10 बंधकों की रिहाई और 70 दिन युद्ध बंद रखने पर सहमत, अमेरिका ने दिया था प्रस्ताव



■ इससे पहले इजरायल व हमास के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था

**गाजा।** फलस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने अमेरिका की तरफ से गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। यह प्रस्ताव ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकाफ ने दिया था। इस नए प्रस्ताव में 10 इजरायली बंधकों की रिहाई और 70 दिन का युद्धविराम शामिल है।

रायटर्स के मुताबिक इस प्रस्ताव में इजरायल की तरफ से कई फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का मुद्दा भी शामिल है, जिनमें लंबी सजा काट रहे सैकड़ों कैदी शामिल हैं। इससे पहले इजरायल और हमास के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था। हालांकि दो महीने बाद यानी 18 मार्च को इजरायल ने गाजा में कई जगह पर मिसाइल अटैक करके इसे तोड़ दिया था।

इजरायल ने गाजा पट्टी के 77 प्रतिशत हिस्से पर कंट्रोल हासिल कर लिया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह दावा गाजा के सरकारी मीडिया आफिस ने रविवार को किया। उन्होंने इजरायल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। बयान में कहा गया है कि इजरायली सेना ने बफर जोन, सुरक्षा कारिडोर और भारी गोलाबारी के जरिए गाजा के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को अपने कब्जे में लिया है। इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को और तेज कर दिया है, जिससे मानवीय संकट भयावह हो गया है। शनिवार और रविवार (24-25 मई 2025) को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 182 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। इजरायल सेना के हमले में बीते एक सप्ताह में 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 19 जनवरी 2025 को इजरायल ने सीजफायर तोड़ दिया था। इसके बाद से अब तक गाजा में 2,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 7 अक्टूबर 2023 से शुरू इजरायल-हमास जंग में अब तक 55,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें हजारों बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं।

## इजरायल ने यमन से दागी मिसाइल को रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने यमन से दागी गई मिसाइल को रोक दिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसने यमन से इजरायली क्षेत्र की दिशा में प्रक्षेपित की गई मिसाइल को रोक लिया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले इजरायल के कई इलाकों में सायरन बजने के बाद यमन से दागी गई मिसाइल को रोक लिया गया। अंसार अल्लाह आंदोलन (हूती) ने अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में संघर्ष की शुरुआत के बाद से इजरायल पर सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। इजरायली वायु सेना ने यमन के हूती नियंत्रित हिस्सों में कई हवाई हमले किए हैं जिनमें कई लक्ष्यों को निशाना बनाया गया है।

## इंटरनेशनल फिल्म सिटी की राह हुई आसान

■ पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू होगा

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' के निर्माण की राह अब बिल्कुल साफ हो गई है। मंगलवार को निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने फिल्म सिटी का लेआउट प्लान यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (ईडा) को सौंप दिया।

अब ईडा इस प्लान की समीक्षा करेगा और जरूरी अनुमोदन के बाद निर्माण कार्य को औपचारिक रूप से शुरू कर दिया जाएगा। यह फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में विकसित की जा रही है। पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू होगा, जिसकी अनुमानित लागत 1510 करोड़ रुपये है। यमुना प्राधिकरण (ईडा) के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि विभिन्न अधिकारियों की मौजूदगी में मंगलवार को फिल्म निर्माता और फिल्म सिटी के निर्माण की जिम्मेदारी हासिल करने वाले बोनी कपूर ने अपनी कंपनी की ओर से पूरी परियोजना से संबंधित लेआउट प्लान को सबमिट किया है।

अब प्राधिकरण इस पूरे लेआउट प्लान का अवलोकन और परीक्षण करेगा, जिसके बाद उन्हें कार्य शुरू करने के लिए आवश्यक अनुमोदन प्रदान किया जाएगा। सीईओ अरुण वीर सिंह ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्य पूरी तरह समझौते के अनुसार ही होगा, कोई बदलाव बिना मंजूरी के स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पार्किंग, लैंडस्केपिंग और बागवानी जैसी मंजूरियों के लिए अलग से एनओसी लेनी होगी।

# पाक को नागवार गुजरा मोदी का बयान



■ कहा: जिस तरह हिंसा की बात की, वह एक न्यूक्लियर ताकत रखने वाले देश के नेता को शोभा नहीं देता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान पर एतराज जताया है। पाक विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पीएम मोदी ने जिस तरह से हिंसा की बात की, वह एक न्यूक्लियर ताकत रखने वाले देश के नेता को शोभा नहीं देता। दरअसल पीएम मोदी ने सोमवार को गुजरात में सभा के दौरान कहा था कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

इस पर पाकिस्तान ने कहा कि मोदी का बयान सिर्फ नफरत फैलाने वाला नहीं है, बल्कि इससे क्षेत्रीय शांति को खतरा भी है। हम शांति चाहते हैं, लेकिन अगर हमें खतरा हुआ तो उसका जवाब देंगे। पीएम मोदी ने भुज में कहा कि कच्छ का टूरिज्म मशहूर है। पाकिस्तान के लिए टेररिज्म ही टूरिज्म है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत सरकार इस तरह के बयानों से जम्मू-कश्मीर में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान हटाना चाहती है। उसने खुद को शांति का समर्थक बताते हुए कहा कि वह यूएन मिशन में सबसे आगे रहा है और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में उसने अहम भूमिका निभाई है। पाकिस्तान ने कहा कि भारत को सच में उग्रवाद की चिंता है, तो उसे अपने देश में बढ़ते बहुसंख्यकवाद, धार्मिक असहिष्णुता और अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अन्याय की तरफ ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को कश्मीर और जल सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई। शरीफ ईरान दौरे पर हैं। यहां ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के साथ राजधानी तेहरान में जाइंट प्रेस कान्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही। शरीफ ने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान के समर्थन के लिए पजशकियान का आभार जताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। पाकिस्तानी पीएम 25 मई से 30 मई तक तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर हैं। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे।

## गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर ने नया रिकॉर्ड बनाया

■ वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 35 लाख यात्री संख्या को पार किया व्यापक विश्लेषण जारी

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 35 लाख यात्री संख्या को पार करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

फ्लाई अमृतसर पहल के वैश्विक संयोजक समीप सिंह गुमटाला ने आज भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के मार्च 2025 के प्रकाशित आंकड़ों पर आधारित गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, अमृतसर के लिए यात्री यातायात डेटा का एक व्यापक विश्लेषण जारी किया है जो पुष्टि करता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हवाई अड्डे के इतिहास में सबसे सफल रहा है। गुमटाला ने अमृतसर हवाई अड्डे और पंजाब के लिए इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा मार्च 2025 के लिए जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 (एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025) के दौरान अमृतसर हवाई अड्डे से 3542880 यात्रियों ने हवाई यात्रा की। इसमें 1153461 अंतर्राष्ट्रीय और 2389419 घरेलू यात्री शामिल हैं। ये आंकड़े पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 14.8 प्रतिशत अधिक हैं, जब कुल 30.86 लाख यात्रियों ने यहां से उड़ान भरी थी।

## सीरिया में 130 सशस्त्र विद्रोही सेना में शामिल

**बेरूत।** सीरिया में नई सरकार के रक्षा मंत्रालय ने लगभग 130 सशस्त्र समूहों को अपने 'ढांचे' में शामिल किया है। सीरियाई अखबार अल वतन ने यहां रक्षा मंत्री मुरहाफ अबू कसरा के हवाले से सोमवार को कहा कि हमने नई सेना संरचना के विषय पर लगभग 130 समूहों के साथ बातचीत की और उन्हें मंत्रालय के तहत एकीकृत करके महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। मंत्री ने कहा कि सरकार वर्तमान में सैन्य स्कूलों के काम को फिर से शुरू करने और आधुनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षा कार्यक्रमों में सुधार करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र विद्रोही नेता सैन्य रैंक प्राप्त करने से पहले उच्च सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षण लेंगे। सीरिया के सशस्त्र विद्रोहियों ने गत आठ दिसम्बर 2024 को दमिश्क पर कब्जा कर लिया था जिसके बाद बशर असद ने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया था।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.

Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor

## मैक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम ने की धन प्रेषण पर अमेरिकी करों की निंदा

**मेक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने धन प्रेषण पर अमेरिकी करों की निंदा की है। सुशिनबाम ने सोमवार को कहा कि वह मेक्सिको को भेजे जाने वाले धन पर कर लगाने से अमेरिकी कानूनों को रोकने के लिए कड़ी पैरवी कर रही हैं। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका में मेक्सिको के प्रवासी चाहे उनकी आव्रजन स्थिति कुछ भी हो, करों का भुगतान करके अमेरिका की अर्थव्यवस्था को चालू रखते हैं। वे जो कमाते हैं उसका केवल 20 प्रतिशत धन प्रेषण में जाता है। उन्होंने दोहरे कराधान से बचने पर 1992 की संधि के बारे में कहा कि अमेरिका और मेक्सिको के बीच 1992 में एक समझौता हुआ था जिसमें कहा गया था कि कोई दोहरा कराधान नहीं होना चाहिए, जो भेदभावपूर्ण होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि मैक्सिकन सांसद और गैर-सरकारी संगठन प्रस्तावित कर की खामियों और अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर इसके संभावित नकारात्मक प्रभाव को उजागर करने के लिए अथक अभियान चला रहे हैं।

# विश्व के सबसे ताकतवर रॉकेट का 9वां टेस्ट आज

## इस टेस्ट में पहली बार 7वें टेस्ट में इस्तेमाल किए गए बूस्टर का उपयोग होगा



**टेक्सास।** विश्व के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 9वां टेस्ट भारतीय समय के अनुसार कल यानी, 28 मई को सुबह 5 बजे होगा। राकेट की लान्चिंग टैक्सास के बोका चिका से की जाएगी।

इस टेस्ट में पहली बार 7वें टेस्ट में इस्तेमाल किए गए बूस्टर का दोबारा उपयोग होगा। इससे पहले 8वें टेस्ट में बूस्टर लैंड हो गया था, लेकिन शिप आसमान में ही ब्लास्ट हो गई थी। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। इस टेस्ट में लान्च इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा के लिए बूस्टर को वापस लान्चपैड पर नहीं लाया जाएगा। इसकी गल्फ ऑफ अमेरिका में हार्ड लैंडिंग होगी। पूरा टेस्ट 1.06 घंटे का होगा। 9वें टेस्ट के लिए लान्च के लिए तैयार स्टारशिप। ऊपरी हिस्से को शिप और निचले हिस्से को सुपर हैवी बूस्टर कहा जाता है। 8वें टेस्ट में लान्चिंग के 7 मिनट बाद बूस्टर अलग होकर वापस लान्च पैड पर आ गया था। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई जाएगी। पिछली दो उड़ानों में ये हिस्सा वायुमंडल में प्रवेश के दौरान नष्ट हो गया था। पेलोड डिप्लायमेंट को कोशिश भी होगी। इसके अलावा मल्टीपल रीएंट्री एक्सपेरिमेंट होंगे, जिसमें अंतरिक्ष में रहते हुए एक रैप्टर इंजन को चालू करना भी शामिल है। स्टेज सेपरेशन के बाद, बूस्टर अपने बूस्टबैक बर्न को शुरू करने से पहले एक कंट्रोल्ड डायरेक्शन में फ्लिप करेगा।